53,47,315 करोड़ रुपए का वर्ष 2026-27 के लिए बजट

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आम बजट 2026-27

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 2 फरवरी 2026 | 20 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 36, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

**17** कैंसर दवाइयां ड्यूटी फ्री

*कैंसर की 17 दवाओं से आयात शुल्क हटा। हीमोफीलिया सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी बीमारियों की दवाएं भी ड्यूटी फ्री।*

**03** आयुर्वेदिक एम्स स्थापित होंगे

*बजट भाषण में 3 आयुर्वेदिक एम्स खोले जाने की घोषणा की गई। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ाने के लिए 5 मेडिकल हब भी बनेंगे।*

**07** हाईस्पीड रेल कॉरिडोर से बढ़ेगी रफ्तार

*मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बैंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बैंगलुरु, दिल्ली वाराणसी और वाराणसी-सिलिगुड़ी।*

**9वीं** बार लगातार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया बजट

**85** मिनट बजट भाषण में वित्त मंत्री ने जियो पॉलिटिक्स और चुनौतियों से निपटने की बात कही

**15.2** प्रतिशत हुई रक्षा बजट में बढ़ोतरी सेनाओं के आधुनिकीकरण पर 22 प्रतिशत होगा ज्यादा खर्च

# अर्थव्यवस्था को रफ्तार युवाओं को पावर बूस्टर



**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में रिकॉर्ड लगातार नौवीं बार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 53,47,315 करोड़ रुपए का बजट पेश किया, जिसमें अर्थव्यवस्था को वैश्विक चुनौतियों के मुकाबले के लिए मजबूत करने के साथ-साथ विकसित भारत की ओर अग्रसर करने के लिए विनिर्माण, आर्थिक और सामाजिक अवसंरचना विकास के लिए 17,14,523 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का लक्ष्य रखा गया है। व्यक्तिगत आयकर दर में कोई बदलाव नहीं किया गया, लेकिन उद्योगों पर न्यूनतम वैकल्पिक कर (मैट) 15 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत किया गया। निवेशकों और आयातकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उपाय भी प्रस्तावित किए गए।

बजट का फोकस तीन प्रमुख कर्तव्यों पर है : आर्थिक वृद्धि बढ़ाना, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और सामाजिक कल्याण को मजबूत करना। विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, और आर्थिक विकास के लिए पूंजीगत निवेश बढ़ाया गया, 200 से अधिक पारंपरिक औद्योगिक संकुलों को पुनर्जीवित करने और चार नए आर्थिक क्षेत्रों के विकास का प्रस्ताव रखा गया। हाईटेक टूल रूम और उपकरण निर्माण के जरिए उत्पादन क्षमता बढ़ाने की योजनाएं शामिल हैं। शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, दिव्यांग सहायता और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए कई नई पहलें की गई हैं। इसमें डिजिटल नॉलेज हब, छात्रावास, मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, आपात चिकित्सा और ट्रॉमा केंद्र, पर्यटन संवर्धन और खगोल विज्ञान वेधशालाओं की स्थापना शामिल है। वित्त मंत्री ने बजट को युवाओं से प्रेरित बताया और कहा कि जनता से सुझाव लेकर इसे तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल आर्थिक वृद्धि को तेज करेगा, बल्कि युवाओं, किसानों, महिलाओं और अन्य जरूरतमंद वर्गों तक सामाजिक और आर्थिक लाभ पहुंचाएगा। यह भारत के विकास और सबका साथ सबका विकास के रोडमैप का प्रतिनिधि बजट है। (अनंत ज्ञान)

## तीन कर्तव्यों पर फोकस

1. आर्थिक वृद्धि तेज करना
2. जनता को सशक्त बनाना
3. सबका साथ सबका विकास

बजट पर विशेष पेज 2,3 और 4

## इनकम टैक्स में बदलाव नहीं, रिवाइज्ड रिटर्न भरने की तिथि अब 31 मार्च की

**बजट** में इनकम टैक्स को लेकर कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। हालांकि रिवाइज्ड रिटर्न भरने की तारीख 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई। वहीं, विदेश रुपए भेजने पर अब 5% के बदले 2% टैक्स लगेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आयकर अधिनियम 2025 को एक अप्रैल से लागू किया जाएगा और इसके नियम तथा 'टैक्स रिटर्न' फॉर्म जल्द ही अधिसूचित किए जाएंगे। एक अप्रैल से आयकर अधिनियम 2025 लागू हो जाएगा, जो छह दशक पुराने कर कानून का स्थान लेगा। बजट 2026-27 में कर कानूनों में किए गए बदलावों को इस नए कानून में शामिल किया जाएगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने 85 मिनट के अपने बजट भाषण में कहा, ''इसे (प्रत्यक्ष कर संहिता) रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया और आयकर अधिनियम, 2025 पहली अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगा। सरलीकृत आयकर नियमों और फॉर्म को जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा, जिससे करदाताओं को इसकी आवश्यकताओं से परिचित होने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।'' उन्होंने आगे कहा कि फॉर्म को इस तरह से तैयार किया गया है कि सामान्य नागरिक बिना किसी कठिनाई के इनका पालन कर सकें। वर्ष 2025 का आयकर कानून राजस्व तटस्थ है और इसमें कर दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसने केवल प्रत्यक्ष कर कानूनों को समझने में सरल बनाया है, अस्पष्टताओं को दूर किया है, जिससे मुकदमों की गुंजाइश कम हुई है।

## सेनाओं के लिए खुला 7.85 लाख करोड़ का खजाना

**ऑपरेशन** 'सिंदूर' में पिछले साल पाकिस्तान के साथ हवाई संघर्ष के बाद भारत सरकार ने अपने केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 15.2 फीसदी आवंटन बढ़ाया है। केंद्र सरकार ने रविवार को केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपए दिए, जो पिछले वित्त वर्ष में दिए गए 6.81 लाख करोड़ रुपए से करीब 15 फीसदी ज्यादा है। इससे सेनाओं के आधुनिकीकरण पर सरकार के लगातार ध्यान देने का संकेत मिलता है। हालांकि, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कोई खास नीति की घोषणा नहीं की, लेकिन केंद्र ने रविवार को रक्षा खर्च में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की, जिससे मौजूदा वित्त वर्ष के लिए कुल रक्षा बजट पिछले साल के 6.81 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 7.85 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो लगभग 15.2 फीसदी की बढ़ोतरी है। पिछले बजट में केंद्र ने डिफेंस के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपए रखे थे, जिससे यह कुल सरकारी खर्च का सबसे बड़ा हिस्सा बन गया था।



## बजट की कुछ अहम घोषणाएं

- *5 लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए खर्च करने का किया ऐलान।*
- *15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाई जाएंगी।*
- *करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे। हर जिले में एक हॉस्टल बनाया जाएगा।*
- *वित्त वर्ष 2026-27 में सार्वजनिक पूंजी व्यय बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए किया जाएगा।*
- *ऋणदाताओं को आंशिक ऋण गारंटी उपलब्ध कराने के लिए अवसंरचना जोखिम गारंटी फंड स्थापित करने का प्रस्ताव।*
- *समर्पित आरईआईटी स्थापित करने के जरिए सीपीएसई की महत्वपूर्ण रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के पुनर्चक्रण की प्रक्रिया तेज करने का प्रस्ताव।*
- *पूर्वी भारत से पश्चिमी भारत को जोड़ने के लिए नए समर्पित माल गलियारे बनाए जाएंगे।*
- *जलचर और अंगुल जैसे खनिज समृद्ध और कलिंग नगर जैसे औद्योगिक केंद्रों को जोड़ने के लिए ओडिशा में एनडब्ल्यू-5 से शुरुआत के साथ अगले पांच वर्ष में 20 नए राष्ट्रीय जलमार्ग चालू किए जाएंगे।*
- *अपेक्षित श्रम शक्ति के विकास के लिए क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्रों के रूप में प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए जाएंगे।*

## सरकार की कमाई, कर्ज और घाटे का हिसाब

### पिछले साल का हिसाब-किताब

**अगर** पिछले वित्त वर्ष की बात करें तो सरकार की कुल कमाई 34 लाख करोड़ रही। इसमें से 26.7 लाख करोड़ टैक्स से आए। वहीं, कुल खर्च 49.6 लाख करोड़ रहा। पूंजीगत खर्च यानी लगभग 11 लाख करोड़ नए ब्रिज, हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने में खर्च हुआ।

### वर्तमान वर्ष का बजट प्लान

**सरकार** ने 36.5 लाख करोड़ कुल कमाई का अनुमान लगाया है, जिसमें टैक्स से 28.7 लाख करोड़ रुपए आएंगे। वहीं लगभग 53.5 लाख करोड़ कुल खर्च रहने का अनुमान है। खर्च कमाई से ज्यादा है, इसलिए सरकार बाजार से 11.7 लाख करोड़ रुपए का उधार लेगी। बाकी पैसा छोटी बचत योजनाओं से आएगा।

## सस्ता और महंगा

### यह हुआ सस्ता

**कैंसर की दवाइयां सस्ती**




*17 लाइफ सेविंग ड्रग्स पर कस्टम ड्यूटी खत्म।*

**माइक्रोवेव ओवन सस्ते**



*पुर्जों पर ड्यूटी घटी, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी*

**ईवी बैटरी व सोलर पैनल**



*इन्हें बनाने वाला कच्चा माल टैक्स फ्री कर दिया गया।*

- **जूते, कपड़े सस्ते** एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए कच्चे माल पर छूट।
- **विदेश घूमना सस्ता होगा** सरकार ने टैक्स घटाकर अब 2% कर दिया है।
- **एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सस्ता** पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी हटी
- **विदेशी सामान मंगाना सस्ता** पर्सनल यूज की चीजों पर टैक्स को घटा दिया गया है।

### यह हुआ महंगा

**शराब की कीमतें बढ़ीं**



*शराब पर टैक्स दर 1% से बढ़ाकर 2% कर दी गई है। इससे शराब की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।*

**सिगरेट के दाम 40% बढ़े**



*1 फरवरी से पान मसाला, खैनी और गुटखा जैसे तंबाकू उत्पादों पर 40% जीएसटी लगेगा। सेस हटा दिया गया है। अभी तक इन पर 28% जीएसटी के साथ 'कंपनसेशन सेस' लगता था। इससे कुल टैक्स 50% से ज्यादा हो जाता है।*

**फ्यूचर ट्रेडिंग महंगा**




*फ्यूचर ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजेक्शन टैक्स को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% और ऑप्शंस 0.15% किया गया है। एसटीटी ऐसा टैक्स है जो आपके हर सौदे (खरीदने और बेचने) पर लगता है। टैक्स दरें बढ़ने से अब आपको एक ही ट्रांजेक्शन के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे चुकाने होंगे।*

## 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाने वाला बजट: पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को दर्शाता है और विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है और भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखता है। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार बजट प्रस्तुत किए जाने को नारी शक्ति का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है और 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में मजबूत आधार तैयार करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आज जिस 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पर सवार है, इस बजट से उसे नई रफ्तार मिलेगी। पाथ ब्रेकिंग रिफॉर्म्स देश के साहसी, प्रतिभाशाली और आकांक्षाओं से भरे युवाओं को आगे बढ़ने के लिए खुला आसमान देते हैं। (अनंत ज्ञान)

## बजट में भारत की असली चुनौतियों व संकटों को किया नजरअंदाज : राहुल



**संसद** में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रविवार को आम बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा दिए गए बजट भाषण के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, 2026-27 का आम बजट भारत के सामने असली चुनौतियों और संकटों को नजरअंदाज करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युवा बिना नौकरी के संघर्ष करने को मजबूर हैं। देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में गिरावट दिख रही है। किसान परेशान हैं। निवेशक शेयर बाजार से अपना पैसा निकाल रहे हैं। ऐसे तमाम पहलुओं को बजट में नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ज़मीनी हकीकत से कट चुकी है और बजट में आम जनता को कोई ठोस राहत नहीं दी गई है। महंगाई और बढ़ती बेरोज़गारी पर चुप्पी साध ली गई है। छोटे और मझोले उद्योगों को सहारा देने के लिए कोई ठोस योजना सामने नहीं आई। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह बजट कुछ चुनिंदा कॉरपोरेट हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया है, न कि देश की मेहनतकश जनता के लिए। (अनंत ज्ञान)

## पहाड़ी राज्यों के लिए राजस्व घाटा अनुदान बंद करना संघीय ढांचे पर प्रहार : मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट स्पष्ट रूप से आम लोगों, मध्यम वर्ग, किसानों, बागवानों और विशेष रूप से पहाड़ी राज्यों की आवश्यकताओं के प्रति केंद्र सरकार की उदासीनता को उजागर करता है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लोग इस बजट से निराश हैं। मध्यम वर्ग को आयकर में राहत की उम्मीद थी, लेकिन केंद्र सरकार ने बढ़ती महंगाई और आर्थिक दबावों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को राज्य-विशेष अनुदान दिए जाने का प्रावधान है, जिसे राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) कहा जाता है। वर्ष 1952 से लेकर 15वें वित्त आयोग के गठन तक केंद्र सरकार द्वारा ये अनुदान नियमित रूप से राज्यों को दिए जाते रहे हैं, लेकिन पहली बार 16वें वित्त आयोग ने इस अनुदान को बंद कर दिया है।

उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग के दौरान लगभग 37,000 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा अनुदान दिया गया था। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि 14वें वित्त आयोग की अवधि समाप्त होने के बाद, जब 15वें वित्त आयोग की रिपोर्ट प्रस्तुत होने में देरी हुई थी, तब भी पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर 11,431 करोड़ रुपए की सहायता राज्यों को प्रदान की गई थी।



- केंद्रीय बजट से हिमाचल प्रदेश के लोग निराश

## कमर्शियल सिलेंडर 50 रुपए हुआ महंगा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलो एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मतलब रसोई गैस की कीमत में की गई बढ़ोतरी से घर के किचन के बजट पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 49 से लेकर 50 रुपए तक बढ़ा दी गई है। अब राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1691.50 रुपए से बढ़कर 1740.50 रुपए हो गई है। (अनंत ज्ञान)

**निराशा** राजस्व घाटा अनुदान पर चली कैंची, पहाड़ी राज्य के लिए 40 हजार करोड़ की ग्रांट खत्म

# हिमाचल की उम्मीदों पर केंद्र सरकार का वज्रपात

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** कहते हैं कि पहाड़ों की उम्मीदें आसमान जैसी ऊंची होती हैं, लेकिन केंद्र के ताजा बजट ने राज्य की उन तमाम उम्मीदों को जमीन पर ला पटका है। रविवार को पेश हुआ बजट देवभूमि के लिए किसी आर्थिक सदमे से कम नहीं है। यहां की भोली जनता ने जिस बजट से राहत की आस लगाई थी, वहां से केवल उपेक्षा और बेरुखी की ठंडी हवाएं हाथ लगी हैं।

दिल्ली के इस वित्तीय फैसले ने यह साफ कर दिया है कि पहाड़ों की दुश्वारियां शायद हुकूमत की फाइलों में कहीं गुम हो गई हैं। यह बजट प्रदेश के सुनहरे भविष्य की राह में एक ऐसा अंधेरा है, जिसे पार करना अब प्रदेश के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। जानकारों का मानना है कि आर्थिक रीढ़ माने जाने वाले राजस्व घाटा अनुदान पर इस बार जो कैंची चली है, उसने प्रदेश के वित्तीय ढांचे को हिलाकर रख दिया है। 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के बाद इस ग्रांट को पूरी तरह खत्म करना राज्य के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

15वें वित्त आयोग में देवभूमि को जो 40 हजार करोड़ की मदद मिली थी, वह कोई खैरात नहीं, बल्कि कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण प्रदेश का हक था। इस मदद के बंद होने से अब विकास के पहिये थमने का डर पैदा हो गया है। बिना इस सहारे के, हिमाचल जैसे सीमित संसाधनों वाले राज्य के लिए तरक्की की राह पर चलना अब 'लोहे के चने चबाने' जैसा मुश्किल होगा। राज्य की आर्थिकी की जान यानी बागवानी और पर्यटन के लिए इस बजट के पिटारे में कुछ भी नया नहीं है। प्रदेश का बागवान अरसे से विदेशी सेब पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने की गुहार लगा रहा था, ताकि उसकी मेहनत को सही दाम मिल सके, लेकिन बजट की खामोशी ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया है। पर्यटन क्षेत्र जो हिमाचल की रूह है, उसे भी किसी विशेष बूस्टर डोज की दरकार थी, जिसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। नौजवानों के रोजगार और किसानों की खुशहाली के लिए बजट में कोई भी ऐसी 'उम्मीद की किरण' नहीं दिखी, जिससे प्रदेश का चेहरा खिल सके।

### दबकर रह गई छोटे राज्यों की आवाज

**पूरे** बजट पर गौर करें तो यह केंद्र सरकार की उस बेरुखी को दर्शाता है, जिसमें छोटे राज्यों की आवाज कहीं दब कर रह गई है। हिमाचल जैसे सीमावर्ती और सामरिक महत्व वाले राज्य को इस तरह मझधार में छोड़ना समझ से परे है। कृषि और ग्रामीण विकास के जो ऊंचे-ऊंचे दावे किए गए, उनकी हकीकत हिमाचल के दुर्गम पहाड़ों पर उतरती नहीं दिख रही। सवाल यह उठता है कि क्या 'सबका साथ' का नारा केवल बड़े राज्यों और कागजों तक ही सीमित है? हिमाचल की जनता आज खुद को इस बजट की भूलभुलैया में ठगा हुआ महसूस कर रही है। लाखों हिमाचली दिलों की उम्मीदों का दस्तावेज है। राज्य की जनता अब केवल वंदे भारत की चमक से बहलने वाली नहीं है, उसे अपने बागानों के लिए सुरक्षा कवच और अपनी पहाड़ियों के लिए मजबूत रेल नेटवर्क चाहिए। बहरहाल, यह बजट तय करेगा कि दिल्ली की सरकार हिमाचल को वाकई अपना मानती है, या फिर पहाड़ की ये मांगें एक बार फिर दिल्ली की फाइलों में धूल फांकती नजर आएंगी।

### अब अपने स्वाभिमान की लड़ाई लड़ेगा हिमाचल

**अब** हिमाचल के सामने अपने वजूद और विकास की गति को बचाए रखने की जंग शुरू हो गई है। 40 हजार करोड़ का यह नुकसान केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हिमाचल की आने वाली पीढ़ी के हक पर एक प्रहार है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या केंद्र सरकार हिमाचल की इस पीड़ा को सुनकर अपने फैसले पर दोबारा विचार करती है या फिर हिमाचल को अपने स्वाभिमान की लड़ाई खुद ही लड़नी होगी।



## बजट में लड़कियों को वित्त मंत्री ने दिया बड़ा तोहफा

# देश के हर जिले में बनेगा गर्ल्स हॉस्टल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2026-27 पेश किया है। शिक्षा सेक्टर में कुल खर्च अब 1,39,289 करोड़ रुपए (करीब 1.39 लाख करोड़) हो गया है, जो पिछले साल के 1.28 लाख करोड़ से काफी ज्यादा है। ये शिक्षा के लिए अब तक की सबसे बड़ी रकम है। सरकार ने स्कूलों, हायर एजुकेशन, स्किलिंग, कंटेंट लैब्स, गर्ल्स हॉस्टल्स और मेडिकल/टूरिज्म सेक्टर में नए कॉलेजों की घोषणा की है। साथ ही उन युवाओं को फायदा मिलेगा जो विदेश में पढ़ाई करते हैं, क्योंकि इस बजट में सरकार ने बड़ा ऐलान करते हुए विदेश में पढ़ाई के लिए भेजे जाने वाले पैसे पर 'टैक्स कलेक्टेड एड सोर्स' घटा दिया है अब यह 2 प्रतिशत कर दिया गया है, जबकि पहले विदेश भेजे जाने वाले पैसे पर यह टैक्स 5 प्रतिशत लगता था।

वहीं, बजट में यह घोषणा की गई है कि देश के प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा, जिससे दूर-दराज और ग्रामीण इलाकों की छात्राओं को पढ़ाई के लिए सुरक्षित व सुविधाजनक आवास और उच्च शिक्षा को नया बल मिलेगा। सरकार का मानना है कि उच्च शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी बढ़ाने में सबसे बड़ी बाधाओं में से एक रहने की सुरक्षित व्यवस्था का अभाव है। नए गर्ल्स हॉस्टल न केवल सुरक्षा मानकों के अनुरूप होंगे, बल्कि इनमें छात्राओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। बजट दस्तावेज के अनुसार, गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि योजना को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जा सके. इसके साथ ही प्रस्तावित हॉस्टलों में सीसीटीवी निगरानी, महिला वार्डन, स्वास्थ्य सुविधाएं और डिजिटल एक्सेस जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

**बेटियों की उच्च शिक्षा को मिलेगा नया बल**




### ग्रामीण और पिछड़े इलाकों की बेटियों को होगा फायदा

**इस** योजना से खास तौर पर ग्रामीण, आदिवासी और पिछड़े जिलों की छात्राओं को लाभ मिलने की उम्मीद है, जो बेहतर शिक्षा के लिए शहरों का रुख तो करती हैं, लेकिन हॉस्टल सुविधा न होने के कारण पढ़ाई बीच में छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं. सरकार का कहना है कि इस कदम से कॉलेज और विश्वविद्यालयों में लड़कियों का नामांकन बढ़ेगा, ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी और बेटियों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा. यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### नई स्कॉलरशिप स्कीम नहीं

**बहुत** से छात्रों को लग रहा था कि इस बजट में कोई नई छात्रवृत्ति योजना आएगी, जैसे मिडल क्लास या गरीब बैकग्राउंड वाले बच्चों के लिए स्पेशल फंड या स्कॉलरशिप बढ़ोतरी, लेकिन बजट में इसका कोई जिक्र नहीं है। पुरानी स्कॉलरशिप्स जैसे पोस्ट-मैट्रिक, प्री-मैट्रिक आदि जारी रहेंगी, लेकिन कोई नया ऐलान नहीं हुआ। मिडल क्लास के माता-पिता जो महंगी फीस और कोचिंग का बोझ उठा रहे हैं उनकी उम्मीदें फिर फेल हो गईं।

### एमबीबीएस और आईआईटी की नहीं बढ़ीं सीटें

**पिछले** बजट (2025) में सरकार ने 5 साल में 75,000 नई मेडिकल सीट्स और पोस्ट-2014 आईआईटीज में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने का वादा किया था। एक्सपर्ट्स को उम्मीद थी कि इस बार भी कुछ और सीटें बढ़ाई जाएंगी। खासकर एमबीबीएस और आईआईटी में जहां कॉम्पिटिशन बहुत ज्यादा है, लेकिन बजट 2026 में एमबीबीएस या आईआईटी की सीटों में कोई बढ़ोतरी का ऐलान नहीं हुआ। कोई नया कोटा या एक्सपेंशन का जिक्र नहीं।



## लखपति दीदी योजना को मिलेगा और बल

**केंद्र** सरकार की महिलाओं को मजबूत बनाने की प्रमुख योजना लखपति दीदी योजना को रविवार को केंद्रीय बजट 2026 में एक बड़ा सुधार मिला। इसके तहत महिला उद्यमियों को सहायता देने के लिए समुदाय के स्वामित्व वाले शी-मार्ट्स के विस्तार का प्रस्ताव रखा गया है. अपने रिकॉर्ड नौवें बजट भाषण में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अपग्रेड की गई योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए कमाई के नए मौके बनाएगी और सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स को और मजबूत करेगी, जो इस मिशन का अहम आधार हैं। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी कार्यक्रम की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, मैं महिलाओं को सिर्फ कर्ज से जुड़े रोजगार तक सीमित न रखकर उन्हें अपने कारोबार की मालिक बनने में मदद करने का प्रस्ताव करती हूं। सेल्फ-हेल्प एंटरप्रेन्योर (एसएचई) मार्ट्स को क्लस्टर स्तर के संघों के भीतर समुदाय के स्वामित्व वाले रिटेल स्टोर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिन्हें बेहतर और नए तरह के वित्तीय तरीकों से स्थापित किया जाएगा।

### लखपति दीदी योजना?

**ग्रामीण** विकास मंत्रालय द्वारा लागू की गई लखपति दीदी योजना का उद्देश्य सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स की महिलाओं को छोटे कारोबार शुरू करने और हर साल कम से कम एक लाख रुपए की स्थायी आमदनी कमाने में मदद करना है, ताकि वे आर्थिक रूप से खुद पर निर्भर बन सकें। यह कार्यक्रम महिलाओं को सिलाई और प्लंबिंग से लेकर एलईडी बल्ब बनाने और ड्रोन उड़ाने जैसे कई तरह के कौशलों की ट्रेनिंग देता है और ऐसे रोजगार को बढ़ावा देता है जिससे परिवार की आय बढ़ सके।

## नए रेल कॉरिडोर का ऐलान, 7 रूट्स पर दौड़ेंगी हाई स्पीड ट्रेनें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सात हाई-स्पीड रेलवे कॉरिडोर की घोषणा इंफ्रास्ट्रक्चर-आधारित विकास को और मजबूत करेगी। जैन ने कहा इससे मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलूरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलूरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी जैसे कॉरिडोर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगे और यह नए रियल एस्टेट व औद्योगिक क्लस्टर को बढ़ावा देंगे। कॉलियर्स इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर बादल याग्निक ने कहा कि बजट में भारतीय रियल एस्टेट को खास तौर पर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, हाई स्पीड रेल कॉरिडोर, इनलैंड वॉटरवे का नेशनलाइजेशन, शहरी क्लस्टर का डेवलपमेंट वगैरह के रूप में मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाने और इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने पर खास जोर देने से फायदा होगा।

सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड के फाउंडर और चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने आम बजट 2026-27 में इंफ्रास्ट्रक्चर रिस्क गारंटी फंड बनाने के साथ-साथ अगले पांच सालों में सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर शुरू करने और 20 नए नेशनल वॉटरवे शुरू करने से कनेक्टिविटी काफी बढ़ेगी। जिससे लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी और रियल एस्टेट की क्षमता में सुधार होगा। सिटी इकोनॉमिक रीजन के लिए पांच साल तक हर साल 5,000 करोड़ रुपए के प्रावधान भी रियल एस्टेट के लिए अच्छा है। (अनंत ज्ञान)



### बजट से रियल एस्टेट को तुरंत फायदा कम, लेकिन लंबी अवधि में होगा लाभ

**रियल** एस्टेट के लिए आम बजट में सीधे सीधे फायदे के उपाय तो कम किए गए हैं, लेकिन अप्रत्यक्ष तौर पर कई ऐसे प्रावधान हैं, जिनसे रियल एस्टेट को लंबी अवधि में लाभ हो सकता है। इनमें टियर 2 और 3 शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर खास ध्यान, पूंजी व्यय बढ़ना, सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज एसेट्स को रीसायकल करने के लिए डेडिकेटेड आरईआईटीएस का प्रस्ताव, 2047 तक डेटा सेंटर के लिए टैक्स हॉलिडे, नया डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर आदि शामिल हैं।



### टियर-2 व टियर-3 शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर जोर से बढ़ेगी मांग

**आम** बजट में टियर-2 व टियर-3 शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर जोर दिया गया है। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को लाभ होगा। एनारॉक समूह के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि यह बजट निवेश के हिसाब से अच्छा है, लेकिन रियल एस्टेट सेक्टर के लिए तुरंत रामबाण जैसा कुछ नहीं है। इसमें सीधे तौर पर फायदे के लिए खास प्रावधान नहीं हैं लेकिन लंबी अवधि में फायदे और निवेश के लिए कई प्रावधान हैं। टियर-2 व टियर-3 शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर जोर से रियल एस्टेट उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

### बजट 2026 में एआई को लेकर कई बड़े ऐलान

**वित्त** मंत्री ने बजट में एक नई उच्च स्तरीय समिति बनाने का ऐलान किया है। यह समिति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नई तकनीकों का भारत के सेवा क्षेत्र पर क्या असर पड़ रहा है, इसका अध्ययन करेगी। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार एजुकेशन से रोजगार और एंटरप्राइज पर काम करने वाली एक स्थायी समिति बनाएगी। इसका मकसद सेवा क्षेत्र को देश की आर्थिक वृद्धि और रोजगार का मुख्य आधार बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक भारत की हिस्सेदारी वैश्विक सेवा बाजार में 10 प्रतिशत तक पहुंचे और भारत दुनिया में सेवाओं का बड़ा केंद्र बने।

### नई तकनीक सभी के लिए फायदेमंद

**वित्त** मंत्री ने कहा कि आज का समय तकनीक का है। नई तकनीक अपनाने से किसानों, महिलाओं, युवाओं और दिव्यांगों सभी को नए मौके मिल सकते हैं। इससे लोग नई स्किल सीख सकेंगे और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। निर्मला सीतारमण ने बताया कि सरकार पहले से ही नई तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा चुकी है। एआई मिशन में नेशनल क्वांटम मिशन, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फंड और रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन फंड शामिल हैं। इनका मकसद देश में इनोवेशन और भविष्य के लिए जरूरी स्किल तैयार करना है।

### सरकार का बड़ा फैसला

## अब अनजाने में टैक्स छिपाने पर नहीं होगी जेल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण ने रविवार को पेश किए बजट 2026 में बड़े इनकम टैक्स सुधार का ऐलान किया है। सरकार ने कहा कि अब करदाता को अपराधी की नजर से नहीं देखा जाएगा। इसके जरिए सरकार की कोशिश देश में भरोसा आधारित टैक्स संरचना विकसित करना है।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि एक अप्रैल से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स एक्ट के तहत अगर किसी की आय में कोई गड़बड़ी मिलती है या अनजाने में टैक्स छिपाया जाता है तो सजा की बजाय केवल जुर्माना भरना होगा। इसके अलावा, जिन लोगों की विदेशों में अघोषित संपत्ति है, उन्हें सरकार अपनी गलती सुधारने के लिए 6 महीने का विशेष समय देगी। वह लोग एक खास प्रकटीकरण स्कीम के तहत अपनी संपत्ति की जानकारी देकर कानूनी दांवपेचों से बच सकते हैं। वित्त मंत्री ने अपने बजट 2026-27 भाषण में कहा, 'छोटे अपराधों पर केवल जुर्माना लगेगा। शेष अभियोगों को अपराध की गंभीरता के अनुरूप वर्गीकृत किया जाएगा। इनमें केवल साधारण कारावास होगा, अधिकतम कारावास घटाकर दो वर्ष कर दिया गया है, और न्यायालयों के पास इन्हें भी जुर्माने में बदलने का अधिकार होगा।




वित्त मंत्री के कहा कि प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील की अवधि के लिए करदाता पर जुर्माने की राशि पर कोई ब्याज नहीं लगेगा, चाहे अपील प्रक्रिया का परिणाम कुछ भी हो। इसके अलावा, अग्रिम भुगतान की राशि को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जा रहा है और इसकी गणना केवल मूल कर मांग पर ही की जाएगी। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) में बड़ी राहत दी है। अब आईटीआर में गलती होने पर इसे सुधारना आसान हो है और इसके लिए सरकार ने अतिरिक्त समय देने का ऐलान किया है। अब करदाता मामूली फीस देर रिटर्न अपडेट कर सकेंगे। सरकार ने प्रॉपर्टी खरीदने को भी आसान बना दिया है। वहीं, अब छोटे करदाताओं को निल टीडीएस के लिए अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने होंगे और पूरी प्रक्रिया अब ऑटोमैटिक और डिजिटल हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## मनरेगा के मुकाबले 'जी राम जी' योजना को मिला बंपर बजट



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को संसद में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया। नई रोजगार गारंटी योजना 'विकसित भारत-जी राम जी' या वीबी-जी राम जी के लिए 95692 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की जगह आई है। पिछले साल मनरेगा को 86,000 करोड़ रुपए का बजट मिला था, यानी इस बार ग्रामीम रोजगार के लिए सरकार ने अपने बजट को 11.27 प्रतिशत बढ़ा दिया है।

केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत काम की मांग में बड़ी गिरावट को देखते हुए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) कानून लागू किया है। संक्षेप में इसे 'वीबी जी राम जी' कानून कहा जाता है जो पिछली योजना का एक व्यापक वैधानिक संशोधन है।

### बजट में एमएसएमई को बड़ी राहत

## 'चैंपियन' योजना के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का कोष

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश करते हुए सूक्ष्म, छोटे, मझौले उद्योग (एमएसएमई) को राहत देने वाले प्रावधानों की घोषणा की है। वित्त मंत्री ने बजट में एसएमई चैंपियन योजना के लिए बड़ा आवंटन किया है। इसके साथ ही एमएसएमई की मदद के लिए आत्मनिर्भर भारत फंड के लिए भी राशि आवंटित की है। सरकार एमएसएमई की मदद के लिए टियर-2, टियर-3 शहरों में 'कॉर्पोरेट मित्र' का कैडर बनाएगी।

वित्त मंत्री ने आम बजट में 'चैंपियन' लघु एवं मझोले उद्यमों (एसएमई) को तैयार करने को 10,000 करोड़ रुपए का कोष स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। बजट में सरकार ने एमएसएमई की सहायता करने के लिए 2026-27 में आत्मनिर्भर भारत फंड में 4,000 करोड़ रुपए जोड़ने का प्रस्ताव रखा है। इस फंड की घोषणा 2023 में एमएसएमईमें इक्विटी फंडिंग के तौर पर 50,000 करोड़ रुपए डालने के लिए की गई थी, जिनमें बड़ी यूनिट बनने की क्षमता और वायबिलिटी है। बजट में सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज द्वारा एमएसएमई से सभी खरीद के लिए ट्रेडस को ट्रांजैक्शन प्लेटफॉर्म बनाने का भी प्रस्ताव दिया गया है।

## आत्मनिर्भरता और निर्यात से बढ़ेगी किसानों की आय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल के बजट में भारतीय खेती के साथ जुड़े क्षेत्रों को मजबूत बनाने पर बड़ा जोर दिया। खास तौर पर दक्षिण भारत में उगने वाली प्लांटेशन फसलों जैसे नारियल, कोको, काजू और चंदन को बढ़ावा देने की बात की गई। साथ ही, मत्स्य पालन को भी नई ऊंचाई देने की योजनाएं पेश की गईं। ये कदम किसानों की कमाई बढ़ाने, नई नौकरियां पैदा करने और खेती को विविध बनाने के लिए हैं।

सीतारमण ने कहा कि तटीय इलाकों में इन उच्च मूल्य वाली फसलों को सपोर्ट किया जाएगा, जबकि पूर्वोत्तर में अगर के पेड़ और पहाड़ी इलाकों में बादाम, अखरोट व पाइन नट्स जैसी चीजों को बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों की आय में इजाफा होगा और उत्पादन भी बढ़ेगा। नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद के ताजा विश्लेषण से पता चलता है कि 2014-15 से 2023-24 के बीच उच्च मूल्य वाली कृषि चीजों की ग्रोथ पहले के दशक (2004-05 से 2013-14) की तुलना में कहीं ज्यादा रही, जबकि अनाज, तिलहन और सामान्य सब्जियां जैसी कम मूल्य वाली चीजों की रफ्तार धीमी पड़ी। इस बदलाव की वजह लोगों की बदलती खान-पान की आदतें हैं, जो बढ़ती कमाई के साथ जुड़ी हुई हैं।

आंकड़ों से साफ है कि फलों, मसालों और चटपटी चीजों का उत्पादन मूल्य (वीओपी) सबसे तेज रफ्तार से बढ़ा। ये 2013-14 और 2023-24 के तीन सालों के औसत पर आधारित हैं। वहीं, अनाजों में -1.84 प्रतिशत और कपास-जूट में -1.44 प्रतिशत की निगेटिव ग्रोथ दर्ज हुई। (अनंत ज्ञान)



फल और मसालों पर सरकार का जोर

# बजट में हेल्थकेयर ईको सिस्टम को मजबूत करने पर जोर

# कैंसर की दवाओं पर मिलेगी छूट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** एक फरवरी को पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 में भारत के हेल्थकेयर ईको सिस्टम को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। इसके तहत कैंसर की 17 और सात दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती की जाएंगी। 10 हजार करोड़ के बायोफार्मा शक्ति मिशन के जरिए घरेलू बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाया जाएगा और हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड किया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कस्टम ड्यूटी में बड़े बदलाव किए हैं। उन्होंने 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटाकर कैंसर मरीजों के इलाज का खर्च कम करने की घोषणा की। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सात और गंभीर बीमारियों की दवाओं पर टैक्स माफ होगा, जिससे वे सस्ती हो जाएंगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि मरीजों, खासकर कैंसर से पीड़ित लोगों को राहत देने के लिए, मैं 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी से छूट देने का प्रस्ताव करती हूं। मैं दवाओं, मेडिसिन और खास मेडिकल मकसद के लिए इस्तेमाल होने वाले खाने के पर्सनल इंपोर्ट पर इंपोर्ट ड्यूटी से छूट देने के मकसद से 7 और दुर्लभ बीमारियों को जोड़ने का भी प्रस्ताव करती हूं। उन्होंने आगे कहा कि भारत में बीमारियों का बोझ डायबिटीज, कैंसर और ऑटो-इम्यून बीमारियों जैसी गैर-संक्रामक बीमारियों की ओर बढ़ रहा है। बायोलॉजिकल दवाएं किफायती कीमतों पर लंबी उम्र और बेहतर जीवन की गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण हैं। सीतारमण ने तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना, आयुष फार्मेसियों और मेडिसन टेस्ट लैब को अपग्रेड करने, और जामनगर में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन को और विकसित करने की योजनाओं की भी घोषणा की। (अनंत ज्ञान)

## ग्लोबल बायोफार्मा हब बनेगा भारत
## 10 हजार करोड़ का निवेश



**वित्त** मंत्री ने फाइनेंशियल ईयर 2026-27 का बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने देश को ग्लोबल बायोफार्मा मैन्यूफैक्चरिंग का हब बनाने के लिए बड़ी घोषणा की।बायोफार्मा शक्ति मिशन 10,000 करोड़ के बजट के साथ लॉन्च किया गया है, ताकि बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके और कैंसर और ऑटोइम्यून डिसऑर्डर जैसी गैर-संक्रामक बीमारियों से निपटा जा सके। सरकारी क्षेत्र में ऑप्टोमेट्री, रेडियोलॉजी, एनेस्थीसिया और बिहेवियरल हेल्थ को कवर करते हुए स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए संस्थानों को अपग्रेड और विस्तारित किया जाएगा।

### बुजुर्गों के लिए डेढ़ लाख नए केयर गिवर

**बजट** में स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बुजुर्गों की देखभाल हेतु डेढ़ लाख नए केयर गिवर तैयार करने का ऐलान किया गया है, जो स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। हेल्थकेयर डिलीवरी और लॉन्ग-टर्म केयर सेवाओं को मजबूत करने के लिए पांच सालों में 1.5 लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## एम्स जैसे बनेंगे 3 नए
## आयुर्वेदिक अस्पताल




**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में आयुर्वेद पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि एम्स जैसे 3 नए आयुर्वेदिक हॉस्पिटल बनाए जाएंगे। पशुओं के डॉक्टर बनाए जाने पर जोर दिया जाएगा। साथ ही पशु चिकित्सा के लिए सरकार सब्सिडी भी देगी। पशुओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह बड़ा कदम साबित हो सकता है।

वित्त मंत्री ने कहा कि भारत को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में बढ़ावा देने के लिए देश में 5 क्षेत्रीय हब स्थापित करने हेतु राज्यों को सहायता देने की एक योजना का प्रस्ताव करती हूं।

### ट्रॉमा केयर संेटरों का 50 प्रतिशत विस्तार

**जिला** अस्पतालों में इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर संेटरों का 50% विस्तार किया जाएगा, जिससे आपात स्थिति के दौरान, खासकर कमजोर आबादी के लिए, क्रिटिकल केयर तक पहुंच में सुधार होगा। उच्च प्रमाणन मानकों और कुशल कर्मियों की उपलब्धता के लिए आयुष फार्मेसियों और दवा परीक्षण प्रयोगशालाओं को अपग्रेड किया जाएगा।

## खादी और हस्तशिल्प
## टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर फोकस



**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में खादी और हस्तशिल्प टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूत करने के लिए नई योजनाओं का ऐलान किया। उन्होंने टेक्सटाइल लेबर इंसेंटिव स्कीम और नेशनल हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट्स प्रोग्राम की घोषणा की। वित्त मंत्री ने बताया कि चैलेंज मोड में मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि खादी और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए एक खास योजना तैयार की गई है, जिसके तहत महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू की जाएगी।

## सेमीकंडक्टर के लिए 40 हजार करोड़

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में सेमीकंडक्टर सेक्टर पर खास जोर दिया। उन्होंने सेमीकंडक्टर के लिए 40 हजार करोड़ रुपए देने की घोषणा की। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन पर अपना फोकस और मजबूत करेगा। इसके तहत देश में ही मशीनें और जरूरी उपकरण बनाने की क्षमता विकसित की जाएगी और एक अलग व मजबूत सप्लाई चेन तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल जैसे खनिजों से भरपूर राज्यों की भूमिका अहम होगी, क्योंकि यहां दुर्लभ पृथ्वी खनिजों तक पहुंच संभव है।

## शेयर बायबैक पर अब कैपिटल गेन
## छोटे निवेशकों को होगा ज्यादा फायदा



**अगर** आप ऐसी कंपनियों के शेयर रखते हैं जो अक्सर बायबैक का ऐलान करती हैं, तो यूनियन बजट 2026-27 आपके लिए एक अहम और ज्यादातर सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शेयर बायबैक पर टैक्स नियमों में बड़ा बदलाव प्रस्तावित किया है। इसका मकसद भ्रम खत्म करना और टैक्स से जुड़े लूपहोल्स को बंद करना है। वित्त मंत्री ने कहा कि अब शेयर बायबैक से मिलने वाली रकम को डिविडेंड नहीं, बल्कि कैपिटल गेन माना जाएगा, यानी बायबैक से मिला पैसा अब कैपिटल गेन टैक्स के तहत टैक्सेबल होगा।

## इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को सुपर बूस्ट



**वित्त** मंत्री ने रविवार को कहा कि सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर खर्च बढ़ाएगी। उन्होंने यूनियन बजट 2026-27 पेश करते हुए बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के लिए अब 40,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग योजना अप्रैल 2025 में शुरू की गई थी। उस समय इसके लिए 22,919 करोड़ रुपए रखे गए थे। अब सरकार ने इस योजना का बजट बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपए करने का फैसला किया है। सरकार देश में इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने पर लगातार जोर दे रही है। इसके चलते मोबाइल फोन उत्पादन में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2014-15 में मोबाइल फोन का उत्पादन 18,000 करोड़ रुपए था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 5.45 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वित्त मंत्री ने बजट 2026-27 में घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए कई नई योजनाओं का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग के लिए 10,000 करोड़ रुपए की नई योजना लाई जा रही है। इसका मकसद भारत में एक मजबूत और दुनिया में मुकाबला करने वाला उद्योग तैयार करना है। इस योजना से निर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े उपकरणों के घरेलू उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसमें मेट्रो और सड़कों के लिए सुरंग बनाने वाली मशीनें और ऊंची इमारतों में लगने वाली लिफ्ट शामिल हैं। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने कहा कि तीन विशेष केमिकल पार्क बनाए जाएंगे। इससे देश में केमिकल उत्पादन बढ़ेगा और बाहर से मंगाने की जरूरत कम होगी।

## विदेश से सामान मंगवाना होगा सस्ता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेश से सामान मंगवाना अब सस्ता होगा। सरकार ने कस्टम ड्यूटी कम कर दी है। इसकी घोषणा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2026 पेश करते समय की। उन्होंने आयात किए जाने वाले सभी सामानों पर लगने वाली कस्टम ड्यूटी को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया है। इसका मतलब है कि अब बाहर से अपने लिए सामान मंगवाना सस्ता हो जाएगा। सरकार कस्टम ड्यूटी की इस व्यवस्था को आसान बनाना चाहती है।

कस्टम ड्यूटी कैसे लगती है, इसे समझना थोड़ा पेचीदा हो सकता है। जानकारी के आधार पर बताया है कि आयातित सामानों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) लगती है। यह ड्यूटी सामान के प्रकार पर निर्भर करती है। इसके अलावा, सामान के मूल्य और उसके एचएसएन कोड (Harmonised System code) पर इंटीग्रेटेड गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (आईजीएसटी) भी लगता है। भारत में सामानों को उनके खासियतों के आधार पर 8 अंकों के एचएसएन कोड से पहचाना जाता है। (अनंत ज्ञान)




### कैसे होती है कस्टम ड्यूटी की कैलकुलेशन?

**सबसे** पहले 'असेसिबल वैल्यू' तय की जाती है। यह सामान की लागत, बीमा और भाड़ा (सीआईएफ) को मिलाकर बनती है। इस वैल्यू को साबित करने के लिए आपके पास बिल और शिपिंग बिल जैसे सभी जरूरी कागजात होने चाहिए। इसके बाद एचएसएन कोड के आधार पर बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) लगाई जाती है।

## सीआरपीएस और बीएसएफ के लिए सरकार ने खोला खजाना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रविवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट में गृह मंत्रालय को बड़ी रकम दी गई है। अमित शाह के नेतृत्व वाले इस मंत्रालय को कुल 255233.53 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इसमें से सबसे ज्यादा हिस्सा, यानी 173802.53 करोड़ रुपए, सीआरपीएस, बीएसएफ और सीआईएसएफ जैसी केंद्रीय पुलिस फोर्सेस को मिला है। ये बल देश की आंतरिक सुरक्षा, बॉर्डर की हिफाजत और महत्वपूर्ण जगहों की सुरक्षा का काम देखते हैं। पिछले साल के बजट में गृह मंत्रालय को 2,33,210.68 करोड़ रुपए मिले थे, जो कि बजट अनुमान था। इस बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जम्मू-कश्मीर को 43290.29 करोड़ रुपए दिए हैं। अगस्त 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर एक केंद्र शासित प्रदेश बन गया था। वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को 1348 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है।

बजट में अन्य केंद्र शासित प्रदेशों को भी अच्छी-खासी रकम दी गई है। अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह को 6680.94 करोड़, चंडीगढ़ को 5720.17 करोड़, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव को 2832.70 करोड़, लद्दाख को 4869.31 करोड़, लक्षद्वीप को 1682.35 करोड़ और पुदुचेरी को 3517.88 करोड़ रुपए मिले हैं। इसके अलावा, जनगणना के काम के लिए 6000 करोड़ रुपए रखे गए हैं। जनगणना का पहला चरण एक अप्रैल से शुरू होने वाला है। मूल रूप से यह 2020-21 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से टल गई। (अनंत ज्ञान)

## मोटर एक्सीडेंट मुआवजे के ब्याज पर माफ होगा टैक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

### पीड़ितों को मिलेगी बड़ी राहत



सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों और उनके परिवारों को बड़ी राहत देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट 2026-27 पेश करते समय ऐलान किया कि मोटर एक्सीडेंट मुआवजे पर मिलने वाला ब्याज अब पूरी तरह इनकम टैक्स से मुक्त होगा।

इस प्रस्ताव का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि पीड़ितों को मुआवजे की पूरी राशि मिले और उसमें से कोई कटौती न हो। इसके तहत अब ऐसे ब्याज पर टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स (टीडीएस) भी नहीं काटा जाएगा।यह घोषणा संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लगातार नौवीं बार पेश किए गए केंद्रीय बजट में की गई। इस आम बजट में टैक्स से जुड़े कई ऐलान किए गए। मौजूदा नियमों के तहत मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) द्वारा दिए गए ब्याज को टैक्स योग्य आय माना जाता था।

अक्सर मुआवजा मिलने में देरी हो जाती है, जिससे ब्याज की रकम काफी बढ़ जाती है और पीड़ितों या उनके परिजनों को उस पर टैक्स देना पड़ता है। इस वजह से कई बार पीड़ितों को मुआवजे की पूरी रकम नहीं मिल पाती थी। उन्हें इलाज, पुनर्वास और रोजी-रोटी के लिए मिलने वाले पैसों में भी कमी झेलनी पड़ती थी। कई मामलों में टैक्स रिफंड की जटिल प्रक्रिया से भी गुजरना पड़ता था। वित्त मंत्री ने साफ किया कि यह टैक्स छूट सिर्फ 'नेचुरल पर्सन', यानी आम व्यक्ति को मिलने वाले ब्याज पर ही लागू होगी। सरकार ने इसे मुआवजे की मानवीय भावना से जुड़ा फैसला बताया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा, 'मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल द्वारा किसी व्यक्ति को दिया गया ब्याज इनकम टैक्स से मुक्त होगा और इस पर कोई टीडीएस नहीं काटा जाएगा।' यह नया नियम वित्त वर्ष 2026-27 से लागू होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

## सिगरेट 55 रुपए तक महंगी एक्साइज ड्यूटी का असर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



उत्पाद शुल्क बढ़ने के असर से सिगरेट की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिल रहा है। कंपनियों ने अभी नई एमआरपी घोषित नहीं की है, लेकिन वितरक पुराने स्टॉक की बिलिंग 40 प्रतिशत जीएसटी के साथ कर रहे हैं। थोक बाजार खुलने के बाद सोमवार से नई कीमतों वाला माल आने की उम्मीद है।

मध्यम श्रेणी की विल्स नेवी कट (95 रुपए) अब करीब 120 रुपए हो सकती है। वहीं गोल्ड फ्लेक लाइट्स, विल्स क्लासिक और क्लासिक माइल्ड्स (170 रुपए) की कीमत 220-225 रुपए तक जा सकती है। पतली सिगरेट क्लासिक कनेक्ट (300 रुपए) अब लगभग 350 रुपए में मिल सकती है। डिस्ट्रीब्यूटर्स ने चेतावनी दी है कि कीमतों में बढ़ोतरी से स्मगलिंग और नकली सिगरेट का खतरा बढ़ सकता है, जिससे छोटे और ईमानदार खुदरा विक्रेताओं पर संकट आ सकता है। (अनंत ज्ञान)

## बजट से मालामाल हुए भूटान मालदीव और अफगानिस्तान

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) को कुल 22,118 करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जबकि मौजूदा वित्त वर्ष का बजट अनुमान 20,516 करोड़ रुपए और संशोधित अनुमान 21,742 करोड़ रुपए था। 2025-26 के लिए कुल विदेशी विकास साझेदारी पोर्टफोलियो 6,997 करोड़ रुपए तय किया गया है, जो एमईए को दिए गए आवंटन का 31 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा है। ओवरसीज डेवलपमेंट पार्टनरशिप पोर्टफोलियो के तहत कुल आवंटन में से 4,548 करोड़ रुपए पड़ोसी देशों के लिए रखे गए हैं।

**बांग्लादेश को भारत के बजट ने दिया झटका:** इस बार के बजट में भारत के पड़ोसी बांग्लादेश को बड़ा झटका लगा है। भारत ने आगामी वित्त वर्ष के लिए विकास सहायता के रूप में बांग्लादेश को दी जाने वाली राशि में कटौती की है। पिछले बजट में बांग्लादेश को 120 करोड़ रुपए आवंटित हुआ था। लेकिन उसे रिवाइज्ड करके 34.48 करोड़ रुपए कर दिया गया। इस बार बांग्लादेश को दी जाने वाली रकम की आवंटन राशि को 50 फीसदी कम करके 60 करोड़ रुपए कर दिया गया है। रिवाइज्ड बजट में इसे और भी कम किया जा सकता है। भारत के बजट से सबसे ज्यादा फायदा भूटान को हुआ है। भूटान को भारत के बजट में 2288.56 करोड़ रुपए का आवंटन मिला है। दूसरे नंबर पर नेपाल है। नेपाल को 800 करोड़ रुपए और तीसरे पर मालदीव है। मालदीव को 550 करोड़ रुपए आवंटित हुए है। वहीं, इस बार अफगानिस्तान को 150 करोड़ रुपए आवंटित हुए है। (अनंत ज्ञान)

## बैंकिंग सेक्टर के लिए निर्मला सीतारमण ने बजट में की बड़ी घोषणा

# भारतीय बैंकों की बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा, दुनिया में होगा दबदबा

**एजेंसी, नई दिल्ली**




वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज फाइनेंशियल ईयर 2026-27 का बजट पेश किया। इस दौरान उन्होंने बैंकिंग सेक्टर के लिए एक बड़ी घोषणा की। सीतारमण ने कहा कि देश की बैंकिंग सेक्टर की व्यापक समीक्षा के लिए एक हाई-लेवल कमेटी बनाई जाएगी और सुधारों पर आधारित ग्रोथ के लिए नई योजना बनाई जाएगी। इसका मकसद भारतीय बैंकों को आने वाले समय के लिए विकसित भारत की योजना के मुताबिक तैयार करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय बैंक आज अच्छी स्थिति में हैं। उनका मुनाफा और दुनिया में पहुंच बढ़ी है।

सीतारमण ने कहा कि फाइनेंशियल सेक्टर में भारतीय बैंकिंग सेक्टर आज काफी बेहतर स्थिति में है। बैंकों की बैलेंस शीट मजबूत है, मुनाफा ऐतिहासिक रूप से सबसे ज्यादा है, एसेट क्वालिटी में सुधार हो रहा है और कवरेज 98 फीसदी से अधिक है। इस सेक्टर को अब और आगे ले जाने की जरूरत है। उसके लिए जरूरी उपाय किए जाएंगे। विकसित भारत के लिए हाई-लेवल कमेटी की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि समिति बैंकिंग सिस्टम के स्ट्रक्चर, एफिशियंसी और तैयारियों की समीक्षा करेगी और इसे अगले चरण के आर्थिक विस्तार को मुताबिक तैयार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या है प्रस्ताव?

**इस** दौरान वित्त मंत्री ने नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनीज यानी एनबीएफसी के लिए विकसित भारत विजन के मुताबिक क्लीयर रोडमैप की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार ने खासकर पब्लिक सेक्टर की एनबीएफसी के लिए क्रेडिट डिसबर्समेंट और टेक्नोलॉजी एडॉप्शन के लिए खास टारगेट सेट किए हैं। सीतारमण ने कहा कि पब्लिक सेक्टर की एनबीएफसी में स्केल हासिल करने और एफिशियंसी सुधारने के लिए पहले कदम के तौर पर एनबीएफसी को पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन में रिस्ट्रक्चर करने का प्रस्ताव है। माना जा रहा है कि इससे भारतीय बैंकों की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और दुनिया में उनका दबदबा बढ़ेगा। अभी भारत का कोई भी बैंक अभी मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया की टॉप 100 कंपनियों में शामिल नहीं है, लेकिन इसमें चीन के कई बैंक शामिल हैं। इनमें आईसीबीसी (371.25 अरब डॉलर), एग्रीकल्चरल बैंक ऑफ चाइना (338.37 अरब डॉलर) और चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक (328.20 अरब डॉलर) शामिल हैं। हालांकि एसेट्स के हिसाब से देखें तो भारत के दो बैंक दुनिया के टॉप 10 बैंकों में शामिल हैं।





# हिमाचल की वादियों में शुरू होगा माउंटेन ट्रेल का नया दौर

## केंद्र ने खोले सौगातों के द्वार, देवभूमि के पर्यटन को लगेंगे चार चांद

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** संसद की दहलीज से आज जब देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना 9वां बजट पेश किया, तो राज्य के लिए एक खुशनुमा पैगाम भी साथ आया।

केंद्र सरकार ने इस बार देवभूमि के हुस्न और उसकी साख को नई बुलंदियों पर ले जाने का पुख्ता बंदोबस्त किया है। बजट में माउंटेन ट्रेल की घोषणा महज एक सरकारी एलान नहीं, बल्कि हिमाचल के पर्यटन की तस्वीर बदलने की एक संजीदा कवायद साबित हो सकती है। जानकारों का कहना है कि प्रदेश की सर्द हवाओं और ऊंचे शिखरों पर

- **साहसिक खेलों का बनेगा अब नया केंद्र**
- **पैदल यात्रियों और माउंटेन बाइकर्स के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के ट्रेल होंगे तैयार**

अब माउंटेन ट्रेल के जरिए विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। ये ट्रेल न सिर्फ पैदल राहगीरों के लिए होंगे, बल्कि माउंटेन बाइकिंग के शौकीनों के लिए भी किसी नेमत से कम नहीं होंगे। केंद्र सरकार का यह कदम राज्य की अर्थव्यवस्था को एक नई रोशनी देगा। राज्य सरकार जल्द ही इन रूट्स के लिए अपनी प्रस्ताव अब केंद्र सरकार को भेज शक्ति है, जिसके बाद बजट की हरी झंडी मिलते ही जमीन पर काम का आगाज होगा। इसके अलावा पिन पार्वती घाटी के 110 किलोमीटर लंबे और 5400 मीटर ऊंचे जोखिम भरे ट्रेक से लेकर धौलाधार की दुर्गम चोटियों तक, अब साहसिक पर्यटन का भविष्य सुरक्षित नजर आ रहा है। कांगड़ा की पहाड़ियों में बिखरे 17 ट्रेकिंग रूट्स, चाहे वो इंद्रुनाग हो या कठिन 'थमसर', अब दुनिया भर के सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे। इससे न केवल स्थानीय युवाओं के लिए रोजी-रोटी के नए जरिया पैदा होंगे।

### चुनौतियों के दरमियां उम्मीद की लौ

एक तरफ जहां माउंटेन ट्रेल की सौगात ने जोश भरा है। वहीं, दूसरी ओर 16वें वित्तायोग की सिफारिशों ने राज्य की माथे पर कुछ बल भी डाल दिए हैं। आरडीजी ग्रांट की सिफारिश न होने से करीब 40 हजार करोड़ का जो वित्तीय शून्य पैदा होने का अंदेशा है, वह राज्य सरकार के लिए एक सख्त इम्तिहान साबित होगा। हालांकि, केंद्र की मौजूदा घोषणाओं से उम्मीद की जा रही है कि बुनियादी ढांचे के विकास से इस कमी की भरपाई मुमकिन हो सकेगी।

## केंद्रीय बजट से हिमाचल को निराशा : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने केंद्रीय बजट को हिमाचल प्रदेश के लिए निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में राज्यों के समग्र विकास के लिए कोई ठोस और प्रभावी योजना नजर नहीं आती, जिससे राज्यों के बढ़ते राजस्व घाटे को कम किया जा सके। इसके विपरीत, इस बजट से राज्य सरकारों पर आर्थिक दबाव और अधिक बढ़ने की आशंका है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से बार-बार प्रभावित होने वाले हिमाचल प्रदेश के लिए बजट में किसी विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा न किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने हाल के वर्षों में भारी आपदाओं का सामना किया है, जिससे बुनियादी ढांचे, आजीविका और राजस्व को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन बजट में इस पीड़ा की कोई झलक नहीं दिखाई देती। हिमाचल की अर्थव्यवस्था का आधार रहे कृषि, बागवानी और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास के लिए बजट में कोई स्पष्ट रोडमैप या विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि केंद्र सरकार ने प्रदेश की वास्तविक और जमीनी जरूरतों को नजरअंदाज किया है। यह बजट न तो राज्यों की वित्तीय मजबूती की दिशा में सहायक है और न ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों को राहत देने वाला।



- **राज्यों के विकास और आपदा राहत पर चुप्पी से बढ़ी चिंता**

## अमृतकाल का बजट विकसित भारत की नींव को और मजबूत करेगा : जयराम

### कहा- समावेशी विकास और आत्मनिर्भरता का स्पष्ट रोडमैप

अनंत ज्ञान

- **हर वर्ग के जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाला जनकल्याणकारी बजट**

**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने केंद्रीय बजट को अमृतकाल का ऐसा अमृत-कलश बताया, जो विकसित भारत के संकल्प को सशक्त आधार देता है। उन्होंने कहा कि यह बजट अर्थ से सामर्थ्य, अंत्योदय से अभ्युदय और साधनों से समाधान की दिशा में देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला है। बजट में समावेशी सोच और दूरदर्शी दृष्टिकोण साफ दिखाई देता है, जिससे भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।



शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में जयराम ठाकुर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती देने के लिए घरेलू उद्योगों, ऊर्जा सुरक्षा, रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अहम क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इन प्रावधानों से न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी, बल्कि समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर में ठोस सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि बजट में विकास के साथ-साथ सामाजिक संतुलन को भी प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने लगभग 7 प्रतिशत की मजबूत विकास दर और गरीबी उन्मूलन में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

जयराम ने गरीब कल्याण, किसान उत्थान, मातृशक्ति के सम्मान और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सबको साथ लेकर तेजी से आगे बढ़ने का भरोसा देता है।

## विकसित भारत व युवा आकांक्षाओं की सिद्धि का बजट : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट को विकसित भारत के संकल्प और युवा आकांक्षाओं को साकार करने वाला बताते हुए इसे समाज के हर वर्ग के हित में संतुलित व समावेशी बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार देश को निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रखते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को सिद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बजट आर्थिक संप्रभुता व विकास, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति और संसाधनों के समान वितरण जैसे तीन प्रमुख कर्तव्यों के माध्यम से रोजगार, विकास और सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला को और सुदृढ़ करता है, जिससे गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद वर्गों के सशक्तिकरण को बल मिलेगा। पूंजीगत व्यय में वृद्धि कर इसे 12.2 लाख करोड़ रुपए तक ले जाना भारत को भविष्य की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने 'खेलो इंडिया मिशन' के विस्तार, एवीजीसी सेक्टर को उद्योग का दर्जा, मुंबई में भारतीय क्रिएटिव टेक्नोलॉजी संस्थान की स्थापना तथा स्कूलों और महाविद्यालयों में कंटेंट क्रिएशन लैब्स के प्रस्ताव को युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर सृजित करने वाला बताया। अनुराग ने कहा कि यह बजट नए भारत के नए दृष्टिकोण और तेज विकास की स्पष्ट झलक प्रस्तुत करता है।



## हिमाचल के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा बजट : इंदु

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राज्यसभा सांसद इंदु बाला गोस्वामी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किए गए केंद्रीय बजट को हिमाचल प्रदेश के समग्र विकास के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि बजट में प्रदेश की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ पर्वतीय ट्रेल विकसित करने की योजना से कांगड़ा, चंबा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जैसे पर्वतीय जिलों में विश्वस्तरीय ट्रैकिंग और लंबी पर्वतीय यात्राओं के लिए आधुनिक पर्यटन ढांचा तैयार होगा। इससे देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, नए ट्रैकिंग रूट विकसित होंगे और रोजगार के नए अवसर सृजित होकर राज्य में आर्थिक समृद्धि आएगी। गोस्वामी ने ग्रामीण महिलाओं के लिए 'शी मार्ट' (सेल्फ हेल्प एंटरप्रेन्योर) योजना का स्वागत करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने के लिए सशक्त मंच मिलेगा और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। स्थानीय व ऊनी उत्पादों को विशिष्ट बाजार मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। उन्होंने किसानों और बागवानों के लिए भारत एग्री टूल के विस्तार, प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल की स्थापना तथा पशुपालन क्षेत्र में निजी अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटर को प्रोत्साहन देने की घोषणाओं को भी ऐतिहासिक बताया। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत इस बजट को सर्वस्पर्शी और दूरदर्शी बताते हुए आभार व्यक्त किया।



## पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देने वाला बजट : कंगना

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि केंद्र सरकार का स्पष्ट लक्ष्य भारत को तेजी से विकास की राह पर ले जाना है और केंद्रीय बजट में पर्यटन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर विशेष फोकस किया गया है। उन्होंने बताया कि बजट में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ पर्वतीय ट्रेल्स विकसित करने की घोषणा की गई है, जिससे घाटियों में नए ट्रैकिंग और हाइकिंग रूट्स तैयार होंगे और पर्यटकों को अनूठा अनुभव मिलेगा। वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष ट्रेल्स का निर्माण भी बजट का अहम हिस्सा है। ओडिशा, कर्नाटक और केरल के प्रमुख कछुआ प्रजनन स्थलों पर कछुआ ट्रेल्स विकसित किए जाएंगे। इसके साथ ही पूर्वी घाट की अराकू घाटी और पश्चिमी घाट के पुडिगई मलै क्षेत्र में भी ऐसे ट्रेल्स बनाए जाएंगे। ये सभी पहलें पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देंगी। इन घोषणाओं पर प्रसन्नता जताते हुए कंगना ने कहा कि यह विकसित भारत का बजट है। हम विकसित भारत के लक्ष्य के बहुत करीब पहुंच गए हैं। भारत में ट्रैकिंग और प्रकृति-आधारित पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें यह बजट साकार करने वाला है। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र में की गई अन्य घोषणाओं की भी सराहना की। बजट में देश के 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर 10 हजार टूर गाइड्स को प्रशिक्षित करने के लिए पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने का प्रस्ताव है, जिसमें 12 सप्ताह का उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण हाइब्रिड मोड में भारतीय प्रबंधन संस्थान के सहयोग से दिया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय डिजिटल डेस्टिनेशन नॉलेज ग्रिड के निर्माण से भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक विरासत को डिजिटल रूप से सुलभ बनाया जाएगा, जिससे पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।



## आत्मनिर्भर भारत व छोटे उद्योगों को सशक्त करने वाला बजट : हर्ष महाजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद हर्ष महाजन ने केंद्रीय बजट 2026-27 को आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखने वाला और लघु व मध्यम उद्योगों के सशक्तिकरण का बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट में छोटे उद्योगों, स्टार्टअप्स और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रावधान देश की ग्रामीण और पहाड़ी अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेंगे। हर्ष महाजन ने कहा कि लघु और मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन मिलने से स्थानीय स्तर पर उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आय के नए स्रोत विकसित होंगे। विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में यह बजट युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करेगा और पलायन की समस्या को कम करने में सहायक सिद्ध होगा।



उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से गांवों में ही रोजगार के अवसर सृजित होंगे और स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव हो पाएगा। उन्होंने कहा कि उद्यमिता को बढ़ावा देने से हिमाचल के कारीगरों, छोटे व्यापारियों और नवाचार करने वाले युवाओं को सीधा लाभ मिलेगा। बजट में स्टार्टअप संस्कृति, स्किल डेवलपमेंट और आसान वित्तीय सहायता पर दिए गए जोर से नए उद्यम खड़े होंगे और आत्मनिर्भरता की भावना और मजबूत होगी। हर्ष महाजन ने कहा कि यह बजट केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण का भी माध्यम है। रोजगार सृजन के साथ-साथ गांवों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में यह बजट एक बड़ा, दूरदर्शी और निर्णायक कदम साबित होगा, जिससे आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को नई गति मिलेगी।

## विकसित भारत की ओर ऐतिहासिक बजट : सुरेश कश्यप



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्रीय बजट 2026-27 को देश के समावेशी विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट आम नागरिक, युवा, किसान और मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो देश को तेज विकास की ओर ले जाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। सुरेश कश्यप ने कहा कि बजट में भारी पूंजीगत व्यय का प्रावधान कर सड़क, रेल, ऊर्जा और संचार जैसी बुनियादी सुविधाओं को सशक्त किया गया है। इससे न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि इससे छोटे शहरों और कस्बों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन कम होगा। उन्होंने विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय राज्यों के लिए पर्यावरण के अनुकूल पर्वतीय मार्गों और पर्यटन को बढ़ावा देने की घोषणाओं को सराहनीय बताया। सुरेश कश्यप ने कहा कि इन पहलों से प्रदेश की आर्थिकी को नई मजबूती मिलेगी, पर्यटन को गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में सम्मानजनक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इससे पलायन की समस्या पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा और पहाड़ी क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित होगा।

## आत्मनिर्भर भारत और हिमाचल के विकास को बढ़ावा देने वाला बजट : डॉ. सिकंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने केंद्रीय बजट 2026-27 को भारत की आर्थिक संप्रभुता, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को सुदृढ़ करने वाला दूरदर्शी बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश को मजबूत, आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। डॉ. सिकंदर कुमार ने कहा कि बजट में बायोफार्मा शक्ति को सशक्त करने, सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 की शुरुआत और बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश जैसे प्रावधान देश की औद्योगिक और आर्थिक क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इन पहलों से भारत न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी प्रतिस्पर्धी बनकर उभरेगा। उन्होंने विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में कहा कि बजट में पर्यटन, फार्मा और पर्वतीय कनेक्टिविटी से जुड़ी योजनाएं प्रदेश के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी। इससे हिमाचल में निवेश के नए अवसर सृजित होंगे, स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और युवाओं को अपने ही राज्य में बेहतर भविष्य मिलेगा। सिकंदर ने कहा कि यह बजट केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन और समावेशी प्रगति को भी प्राथमिकता देता है। हिमाचल प्रदेश सहित पूरा देश विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को नई गति मिलेगी।



## हिमाचल के स्वास्थ्य और निवेश के लिए अवसरों से भरा बजट : डॉ. राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने केंद्रीय बजट को हिमाचल के लिए अवसरों से भरपूर और दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, देखभाल से जुड़े मानव संसाधन को विकसित करने और चिकित्सा पर्यटन को प्रोत्साहित करने वाले निर्णय प्रदेश की भौगोलिक और सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप हैं। यह प्रदेश को स्वास्थ्य क्षेत्र में नई पहचान बनाने का अवसर देगा और लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। आयुष पद्धति और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा मिलने से प्रदेश में निवेश को गति मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे न केवल हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि राज्य में स्वास्थ्य और पर्यटन दोनों क्षेत्रों में गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। यह बजट केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की संभावनाओं को भी सुदृढ़ करता है। इससे हिमाचल प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकेगा, प्रदेश के लोगों के लिए स्थायी रोजगार सृजित होंगे और स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।



## हिमाचल को विकास की नई रफ्तार देगा बजट, रोजगार के अवसर लाया : डॉ. बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्रीय आम बजट 2026 हिमाचल प्रदेश के लिए विकास, निवेश और रोजगार के नए अवसर लेकर आया है। उन्होंने इसे हिमाचल की आर्थिकी, पर्यटन और उद्योग को मजबूत करने वाला बजट बताया। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश यह बजट पहाड़ी राज्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट 2026-27 के तहत केंद्र सरकार के करों में हिस्सेदारी के रूप में हिमाचल प्रदेश को करीब 13,949 करोड़ रुपए मिलेंगे। इस राशि से राज्य में सड़कों, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे राज्य सरकार को विकास कार्यों को गति देने के लिए मजबूत आर्थिक आधार मिलेगा। उन्होंने बताया कि बजट में पर्वतीय राज्यों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश में ईको-फ्रेंडली माउंटेन कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा से न केवल पर्यावरण के अनुकूल सड़क और संपर्क व्यवस्था बनेगी, बल्कि पर्यटन और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे शिमला, मनाली, धर्मशाला और अन्य पर्यटन क्षेत्रों तक पहुंच आसान होगी और पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।



## केंद्र का बजट हिमाचल के हितों के साथ धोखा : मुकेश

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट हिमाचल प्रदेश के हितों के साथ सीधा धोखा है। उन्होंने कहा कि बजट में हिमाचल प्रदेश के साथ अन्याय किया गया है तथा पहाड़ी राज्यों की विशेष भौगोलिक और आर्थिक परिस्थितियों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का यह रवैया संघीय ढांचे की भावना के विपरीत है, जिसका सीधा और गंभीर असर राज्य के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और वित्तीय स्थिरता पर पड़ेगा।

उन्होंने बताया कि 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार से लगभग 38 हजार करोड़ रुपए का राजस्व घाटा अनुदान प्राप्त हुआ था, लेकिन अब इस महत्वपूर्ण सहायता को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है, जबकि राज्य को यह उम्मीद थी कि उसकी विषम भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए इस अनुदान में वृद्धि की जाएगी। मुकेश ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों को दिए जाने वाले विशेष अनुदानों को समाप्त करना न केवल राज्य के विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा, बल्कि जनहित से जुड़ी योजनाओं और वित्तीय संतुलन के समक्ष भी गंभीर चुनौतियां खड़ी करेगा।



उपमुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से बजट प्रावधानों पर पुनर्विचार की मांग करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को उसके संवैधानिक अधिकारों और वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप न्यायसंगत बजटीय सहयोग दिया जाना चाहिए।

## बजट में हिमाचल की अनदेखी : विनय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश के लिए एक भी विशेष घोषणा न होना केवल निराशाजनक नहीं, बल्कि राज्य की खुली अवहेलना है।



उन्होंने कहा कि पहाड़ी प्रदेश होने के कारण हिमाचल की भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियां अलग हैं, लेकिन इसके बावजूद केंद्र सरकार ने राज्य को पूरी तरह नजरअंदाज किया है। इससे साफ होता है कि केंद्र के विकास रोडमैप में हिमाचल की कोई प्राथमिकता नहीं है। विनय कुमार ने कहा कि 2023-24 की प्राकृतिक आपदाओं से हिमाचल को भारी नुकसान हुआ, लेकिन बजट में न राहत पैकेज का जिक्र है और न पुनर्निर्माण की कोई योजना। उन्होंने कहा कि पर्यटन, मनरेगा, किसान-बागवान और कनेक्टिविटी जैसे हिमाचल की रीढ़ माने जाने वाले क्षेत्रों के लिए भी कोई हिमाचल-विशेष प्रावधान नहीं किया गया। उन्होंने केंद्र से मांग की कि राज्य की विशेष परिस्थितियों और आपदा से हुए नुकसान को देखते हुए तुरंत विशेष सहायता पैकेज घोषित किया जाए, क्योंकि हिमाचल अपने अधिकार मांग रहा है, किसी की मेहरबानी नहीं।

## विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट : त्रिलोक कपूर


**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु एवं संगठनात्मक ज़िला पालमपुर की अध्यक्षा रागनी रकवाल की अध्यक्षता में संगठनात्मक जिला भाजपा कार्यालय पालमपुर में केंद्रीय बजट 2026 को सामूहिक रूप से सुना गया। बजट को लेकर वक्ताओं ने कहा कि बजट 2026 लोकलुभावनवाद से दूर, सुधारों और दीर्घकालिक विकास पर आधारित है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को सशक्त करने वाला ऐतिहासिक, दूरदर्शी और आत्मनिर्भरता आधारित है। यह बजट आर्थिक विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार, रोजगार सृजन और समावेशी विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से स्पष्ट है कि भारत लगातार लगभग 7त्न की मजबूत विकास दर के साथ आगे बढ़ रहा है, जो वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच भारत की आर्थिक शक्ति का प्रमाण है। बजट में पब्लिक कैपिटल एक्सपेंडिचर को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ किया गया है, जो देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।



## बजट में हिमाचल की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण : विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट पर कड़ी निराशा जताते हुए कहा कि यह बजट आपदा-प्रभावित और पहाड़ी राज्य हिमाचल की वास्तविक जरूरतों को नजरअंदाज करता है। उन्होंने कहा कि राज्य के लिए राजस्व घाटा अनुदान का कोई प्रावधान न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, जबकि बीते वर्षों में प्राकृतिक आपदाओं से हिमाचल को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। वित्त आयोग की सिफारिशों के तहत पहले ही घटता चला आ रहा यह अनुदान अब लगभग समाप्त कर दिया गया है, जो राज्य की नाजुक आर्थिक स्थिति के साथ अन्याय है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था पहले से ही गंभीर दबाव में है, जहां वेतन, पेंशन, ब्याज और कर्ज अदायगी पर बड़ा खर्च होता है, वहीं कर-आधार सीमित है। ऊपर से बार-बार आने वाली आपदाओं ने राज्य की चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। ऐसे हालात में यदि राजस्व घाटा अनुदान और विशेष पैकेज नहीं मिलता, तो सड़कों, पुलों, पेयजल, सिंचाई और पुनर्निर्माण जैसे ज़रूरी बुनियादी ढांचे के कार्य सीधे प्रभावित होंगे और विकास की रफ्तार धीमी पड़ जाएगी।



**संघीय ढांचे की भावना के अनुरूप बजट देने का आग्रह :** लोक निर्माण मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह मसला किसी एक दल का नहीं, बल्कि हिमाचल और यहां के लोगों के भविष्य से जुड़ा है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि संघीय ढांचे की भावना के अनुरूप पहाड़ी और आपदा-प्रभावित राज्यों की विशेष परिस्थितियों को समझते हुए हिमाचल के लिए राजस्व घाटा अनुदान की बहाली, आपदा-पुनर्वास और बुनियादी ढांचे के लिए विशेष वित्तीय पैकेज पर तुरंत पुनर्विचार किया जाए। 30 अप्रैल तक यदि इस दिशा में ठोस निर्णय लिया जाता है, तो राज्य को पुनर्निर्माण और आर्थिक स्थिरता की राह पर मजबूती से आगे बढ़ने का सहारा मिलेगा।

## विकसित भारत की नींव को मजबूत करने वाला दूरदर्शी बजट : धूमल

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट को देश की विकास यात्रा को नई गति देने वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत, सामाजिक न्याय और सर्वसमावेशी विकास की दिशा में ठोस कदम है। प्रो. धूमल ने विशेष रूप से बजट के स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि कैंसर, मधुमेह सहित सात गंभीर बीमारियों की दवाइयों को सस्ता करने का निर्णय करोड़ों परिवारों के लिए बड़ी राहत है। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संवेदनशील और जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है। देशभर में जिला स्तर पर अस्पतालों के उन्नयन और छात्राओं के लिए हॉस्टल निर्माण का प्रावधान स्वास्थ्य एवं शिक्षा ढांचे को मजबूत करेगा और ग्रामीण व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए वरदान सिद्ध होगा। बजट में मेडिकल टूरिज्म पर विशेष फोकस हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। धूमल ने सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में वृद्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसे 11.2 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए करना भारत के दीर्घकालिक विकास के लिए मजबूत आधार तैयार करेगा। इससे सड़क, रेल, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में बड़े निवेश होंगे, जो देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देंगे।



# भाजपा ने केंद्रीय बजट को बताया विकसित भारत 2047 का रोडमैप, कांग्रेस बोली- आंकड़ों का मायाजाल है बजट

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन की ओर से रविवार को पेश आम बजट को भाजपा ने जहां विकसित भारत 2047 का रोडमैप करार दिया है। वहीं, कांग्रेस इसे आंकड़ों का मायाजाल करार दे रही है। युवाओं ने इसे पर्यटन को बढ़ावा देने और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने वाला बताया है। जबकि आम जनता ने बजट से टैक्स रिवेट की आस लगाई थी, जो कि अधूरी रही है, ऐसे में आम जनता ने इसे मिलाजुला बजट करार दिया है।

## बजट से रखी विकसित भारत की नींव: विपिन परमार



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने रविवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इसके माध्यम से विकसित भारत-2047 की नींव रखी गई है। देश को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के प्रयास है, ग्रोथ रेट सात फीसदी है, जोकि लगातार आगे बढ़ रहा है। परमार ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास लेकर 2047 का लक्ष्य रखा गया है। देश के इंफास्ट्रक्चर विकसित करने पर भी बल है, जिसमें ग्लोबल हब के तहत फार्मासूटिकल पर विशेष फोकस है। आयुष्मान भारत में आंगनबाड़ी व आशा वर्करों को भी लाभ मिलेगा। इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, एमसएससेगी में सात हजार करोड़, लखपति दीदी सहित आत्मनिर्भरता के लिए प्रयास है। प्रदेश में पर्यटन को विकसित करने के लिए गाईड को ट्रेंनिग का प्रावधान किया गया है, ट्रेक को एक्सप्लोर करने की भी बात कही है। ईको टूरिज्म को बढ़ाने पर भी हिमाचल में काम किया जाएगा। एडवेंचर टूरिज्म का भी जिक्र हुआ है। परमार ने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल में परिस्थिति के अनुरूप पर्वतीय टिकाऊ मार्ग विकसित करने का प्रावधान रखा गया है। तकनीकी आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य, हाई स्पीड रेल व अन्य सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए प्रावधान किया गया है।

## आपदाओं से निपटने को नहीं बजट में प्रावधान: जग्गी



धर्मशाला से कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पिछले तीन सालों से हिमाचल में लगातार आपदाएं आ रही हैं, लेकिन बजट में इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। हिमाचल युवाओं, किसानों व महिलाओं के लिए बजट में कुछ नजर नहीं आ रहा है। जग्गी ने कहा कि हिमाचल पर्यटन पर आश्रित राज्य है, इसके बावजूद पर्यटन को लेकर कुछ खास नहीं किया गया है। पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरोगेज रेललाइन को ब्रॉडगेज करने के नाम पर दावे तो किए गए, लेकिन केंद्रीय बजट में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। जग्गी ने कहा कि केंद्रीय बजट महज आंकड़ों का मायाजाल है, जबकि आम वर्ग को इसमें कोई राहत नहीं दी गई है।

## युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर: त्रिलोक



धर्मशाला के युवा दुकानदार त्रिलोक ने कहा कि खुशी की बात है कि हिमाचल जैसे राज्य जो कि पर्यटन पर आधारित है, पर्यटन के लिए दस हजार टूरिस्ट गाइड को प्रशिक्षित करने की बात कही गई है। एमएसएमई के लिए बजट बढ़ाने से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलेंगे। कुछ कीमती दवाइयों को सस्ता करने का निर्णय जनहितकारी है। आयकर में रिवेट का इंतजार था, लेकिन फिर भी बजट जनहित में है।

## लोक लुभावना नहीं, जनहित की बात : संदीप



धर्मशाला निवासी संदीप शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट में लोकलुभावन वादों से हटकर जनहित को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए यह बजट सराहनीय है, जिसमें ईको टूरिज्म सहित अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है, जिससे प्रदेश के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## मिलाजुला है बजट: बलदीप सिंह



धर्मशाला निवासी बलदीप सिंह जंवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट मिलाजुला है। छोटी इंडस्ट्री को बढ़ावा दिया है, पर्यटन को बढ़ावा देने की बात सराहनीय है। कर्मचारियों व अन्य वर्गों को बजट में आयकर में छूट का प्रावधान की आस रहती है, लेकिन बजट में ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है।

## युवा पीढ़ी के भविष्य के रूप में देखा जाए बजट: संजय शर्मा



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि विकसित भारत 2047 का रोडमैप रविवार को पेश बजट में माध्यम से देश के सामने रखा गया है। बजट को देश की युवा पीढ़ी के भविष्य के रूप में इसे देखा जाना चाहिए, क्योंकि बजट में ऐसा प्रावधान किया गया है कि युवाओं को स्वरोजगार के साधन कैसे उपलब्ध करवाए जा सकते हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को आयुष्मान भारत में शामिल किया गया है। यही नहीं आंगनबाड़ी व आशा वर्कर्स को भी आयुष्मान भारत का लाभ मिल पाएगा। पहाड़ी व ग्रामीण क्षेत्रों को विकसित करने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

**बजट परिचर्चा**

**युवाओं ने सराहा बजट, पर्यटन व स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा**

## रोजगार सृजन होगा: सचिन शर्मा



जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट रोजगार सृजन की दिशा में ठोस कदम उठाने वाला है। उन्होंने विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के लिए बायोफार्मा क्षेत्र में 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश के प्रावधान को ऐतिहासिक बताया, जिससे युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही पर्यटन क्षेत्र में टूरिस्ट गाइड्स के प्रशिक्षण की घोषणा और आयुष्मान भारत योजना के दायरे को विस्तार देने का निर्णय जनकल्याणकारी है। सचिन शर्मा ने कहा कि यह बजट बहुआयामी है और प्रदेश व देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### संघोल को हराकर लंबागांव टीम बनी क्रिकेट विजेता

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर में आयोजित ईआईडी चौधरी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। टूर्नामेंट के आयोजक हिमटेक बिल्डर्ज के एमडी अमित चौधरी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया और 5 जनवरी को टूर्नामेंट की शुरुआत हुई थी। इस अवसर पर आईआरबी बटालियन जंगलबैरी के डीएसपी विकास धीमान मुख्यातिथि थे। डीएसपी विकास धीमान ने विजेता लंबागांव की टीम को 21 हजार नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता संघोल की टीम को 15000 रुपए व ट्रॉफी भेंट की। मैन ऑफ दा मैच अक्षय व मैन ऑफ सीरीज अतुल को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जयसिंहपुर के पूर्व प्रधान कृष्णकांत धीमान, पीसी शर्मा के साथ गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकारिणी का विस्तार

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह ने पूर्व विधायक मुलक राज प्रेमी और बैजनाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र कपूर से विचार-विमर्श के बाद बैजनाथ अल्पसंख्यक मोर्चा की नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। शरणजीत अरोड़ा (शीतला चौक) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अमनदीप सिंह और मनदीप सिंह को महामंत्री, सिमरन पाल, कुलदीप सिंह और रमनजीत सिंह को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। मनजीत आहूजा (78 मील), कुलदीप सिंह, अक्षदीप सिंह और दविंदर सिंह को सचिव, कुलविंदर सिंह को कोषाध्यक्ष, अमनदीप सिंह मीडिया प्रभारी, डॉक्टर करण दीप सिंह और प्रीतम कौर को प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा, मनवीर सिंह, सरदार गुरिंदर सिंह, हरप्रीत कौर, जसमीत, जसमीत सिंह, गुरप्रीत कौर, दिलराज कौर, जसवंत सिंह और अविनाश सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

### शाहपुर में गुरु रविदास सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के सिहोलपुरी में गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के अवसर पर विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने लगभग 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले गुरु रविदास सामुदायिक भवन का शिलान्यास पूजा-अर्चना के साथ किया। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में पहली मंजिल में आधुनिक सभा भवन और गुरु रविदास जी की भव्य प्रतिमा स्थापित होगी। भवन में साहित्य और अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाएगी। पठानिया ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि गुरु रविदास जी ने जाति भेदभाव के खिलाफ आवाज़ उठाई, समाज में समता और मानवता का संदेश दिया। उनका संदेश आज भी वंचित वर्गों के लिए प्रेरणादायक है।

### संसारपुर में मनाया गुरु रविदास का प्रकाशोत्सव

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** विकास खंड संसारपुर टैरेस में श्री गुरु रविदास महाराज जी के 649वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य दिग्विजय सिंह मल्होत्रा ने गुरुवाणी कीर्तन में भाग लिया और लंगर प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने समाज में समरसता का संदेश देते हुए मंदिर कमेटी की गुंबद निर्माण की मांग को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संघर्षों और गुरु रविदास जी की वाणी का उल्लेख करते हुए सत्य और समता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

### पशु चिकित्सालय का बजट शिफ्ट करने का विरोध

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** जसवां-परागपुर के दोदू-राजपूता में बनने वाले पशु चिकित्सालय का बजट धर्मशाला में शिफ्ट किए जाने के फैसले के बाद ग्रामीणों में भारी रोष उत्पन्न हो गया। रविवार को सलेटी-कूडना और दोदू-राजपूता के दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क पर नारेबाजी की, थाली बजाई और सरकार के फैसले का विरोध जताया। ग्रामीणों ने कहा कि दी गई जमीन और स्वीकृत करोड़ों रुपये का अन्यत्र स्थानांतरण उनके अधिकारों का अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी कि बजट वापस नहीं हुआ तो चक्का जाम और कड़े कदम उठाए जाएंगे। प्रदर्शन में सैकड़ों लोग शामिल हुए और जोर देकर कहा कि यह मामला पैसों का नहीं, बल्कि स्थानीय विकास, अधिकार और विश्वासघात का है। विरोध का असर पूरे इलाके में महसूस किया गया।

### रविदास जयंती पर गढ़ खास में निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** डॉ. भीमराव अंबेडकर युवा क्लब गढ़ खास की ओर से श्री गुरु रविदास महाराज की जयंती गढ़ बसदी में मनाई गई। क्लब की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। युवक और युवतियों द्वारा गुरु जी के भजन गाए। श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज जी के आगे नतमस्तक होकर विश्व कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान सभी क्लब सदस्यों के साथ साथ समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा। यह जानकारी क्लब सदस्य अरुण भाटिया ने दी।

### स्टूडेंटस ने किया ओडिशा का शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज स्टूडेंटस ने ओडिशा का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण में 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनके साथ प्रो रितेश ठाकुर और प्रो निशांत धीमान मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने ओडिशा के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का अवलोकन किया। इनमें पुरी का जगन्नाथ मंदिर, कोणार्क का विश्व प्रसिद्ध सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर का लिंगराज मंदिर, साक्षी गोपाल मंदिर, रघुराजपुर हेरिटेज विलेज तथा नंदन कानन चिड़ियाघर प्रमुख रहे। इन स्थलों के भ्रमण से छात्रों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नजदीक से समझने का अवसर मिला।

### सुपर सिक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** गंदड़ के अंदराणा प्रीमियर लीग सुपर सिक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन शिवा कटोच ने उत्साह और खेल भावना के साथ किया। मौके पर क्षेत्र के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। शिवा कटोच और गौरव धीमान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा नशे और गलत दिशा से दूर रहते हैं और अनुशासन, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सीखते हैं। विजेता टीम को 11,000 रुपए और उपविजेता को 7,100 रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट का समापन 4 फरवरी को होगा।

### सन्हूं में मनाई संत श्री गुरु रविदास जयंती

**अनंत ज्ञान, डरोह।** श्री गुरु रविदास महाराज जी विकास एवं कल्याण समिति सन्हूं की ओर से संत गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती मनाई गई। इसमें प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान मुख्यातिथि रहे। पालमपुर निवासी ज्ञानी ओंकार सिंह निहंग के जत्थे ने शबद कीर्तन करके गुरु जी के जीवन पर प्रकाश डालकर संगत को निहाल किया। इस दौरान गुरु का लंगर भी लगाया गया। समिति प्रधान मोती राम नागरा ने संगत को गुरु जी के उपदेशों पर चलने को कहा। इस समागम में प्रधान मोती राम के साथ सचिव कर्म सिंह, कोषाध्यक्ष बिधी चंद,धनी राम, अनिल कुमार अशोक कुमार, बड्डू राम व लोंगू राम आदि उपस्थित रहे।

### गुरु रविदास जी का 649वां प्रकाशोत्सव मनाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सिद्धबाड़ी, वार्ड नंबर-17 में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 649वें प्रकाशोत्सव के अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना एवं सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गुरु रविदास जी के जीवन-दर्शन, समता, मानवता एवं सामाजिक समरसता के संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। सत्संग उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। झंडा रस्म में सरदार संजीत सिंह, रत्न सिंह, राकेश कुमार, कृपाल, बिहारी सिंह, सनी, विशाल, सत्या देवी आशा देवी एवं चंपा देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# 20 दिन अमेरिका के कब्जे में रहने के बाद घर लौटा पालमपुर का रक्षित

### रविवार को सुरक्षित घर पहुंचने पर खुशी का माहौल, परिवार ने मिठाई बांटकर किया स्वागत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। सात जनवरी को बेनेजुअला में राशिया कंपनी का तेल टैंकर जहाज अमेरिका ने अपने कब्जे में ले लिया था, जिसमें तीन लोग भारत के रहने वाले थे, जिनमें पालमपुर के रक्षित चौहान भी एक था, जो कि रविवार को भारत सरकार के प्रयासों से बीस दिन बाद सुरक्षित घर लौटा है। रक्षित के बड़े भाई की शादी 19 फरवरी को होनी है, जिसकी तैयारियां चल रही है, लेकिन जब रक्षित चौहान अमेरिका के कब्जे में था तो घर में उदासी का माहौल था और घर वालों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का विदेश मंत्री से आग्रह काम आया और रविवार को रक्षित चौहान सुरक्षित अपने घर पहुंच गया है। रक्षित के माता-पिता की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया है।



त्रिलोक कपूर ने रक्षित के घर पर पहुंचकर दी बधाई। अनंत ज्ञान

### हमें अरेस्ट नहीं किया गया था: रक्षित चौहान

रक्षित चौहान ने कहा कि वह बीस दिन तक अमेरिका के कब्जे में रहा, लेकिन उनके साथ वहां की सेना ने ठीक बर्ताव किया है। सात जनवरी को उनके तेल टैंकर जहाज को अमेरिका सेना ने अपने कब्जे में ले लिया था, लेकिन उनको अरेस्ट नहीं किया था। हालांकि इनके फोन भी अमेरिकी सेना ने ले लिए थे, जिसकी वजह से उनका संपर्क घर वालों से टूट गया था और भारत सरकार ने अमेरिका से बात करने पर उन्हें सुरक्षित घर भेज दिया है।

### पिता रंजित बोले- बेटे के लौटने से बहुत खुश हूं

रक्षित ने पिता रंजीत सिंह ने कहा कि मेरा बेटा घर लौटा, आज मैं बहुत खुश हूं। मैं केंद्र, प्रदेश सरकार सहित विपक्ष का आभारी हूं, जिन्होंने हमारा साथ दिया है। त्रिलोक कपूर भी मेरे दुख दर्द में काम आए हैं, उनका भी मैं आभारी हूं। बेटे के लौटने पर ऐसा लग रहा है कि घर में शादी आज से शुरू हो गई है।

### त्रिलोक कपूर ने किया रक्षित का स्वागत

भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने रक्षित चौहान के घर पर पहुंच कर रक्षित चौहान को शॉल व टोपी पहना कर सम्मानित और उनके घर वापसी पर बधाई दी। त्रिलोक कपूर ने कहा कि भाजपा के तमाम नेताओं और केंद्र सरकार के प्रयासों से रक्षित चौहान घर वापिस पहुंचे हैं।

### मां बोलीं- बेटे के आने से आई रौनक

रक्षित की माता रीता देवी ने कहा कि बेटे के आने से घर में रौनक आ गई है, हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं। रक्षित के आने से शादी की रौनक और बढ़ जाएगी। रक्षित के बड़े भाई दीक्षित चौहान ने कहा कि छोटे भाई के आने से घर की खुशी दोगुनी हो गई है। घर वाले बहुत परेशान थे, हम केंद्र सरकार का धन्यवाद करते हैं कि रक्षित को समय पर घर पहुंचा दिया।

## डीएलएड की खाली सीटें भरने को 4 से शुरू होगा काउंसिलिंग का दूसरा दौर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रदेश के निजी शिक्षण संस्थानों में डीएलएड सत्र 2025-2027 की रिक्त सीटों को भरने के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी किया है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी दी कि प्रथम चरण के बाद अभी भी कुल 697 सीटें खाली हैं। इनमें 321 अनुदानित (सब्सिडाइज्ड) और 376 गैर-अनुदानित (नॉन-सब्सिडाइज्ड) सीटें शामिल हैं, जिन्हें योग्यता सूची के आधार पर भरा जाना है।

**◆ रिक्त 697 सीटों के लिए 27 अंक तक वाले अभ्यर्थियों को भी मौका**

**अंकों के आधार पर बुलावा:** काउंसिलिंग प्रक्रिया बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में प्रात: 10 बजे से आयोजित होगी। प्रथम राउंड 4 से 7 फरवरी तक चलेगा, जिसमें पहले दिन 44 या उससे अधिक अंक वाले अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। इसके बाद क्रमश: 41-43, 38-40 और 35-37 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी भाग लेंगे। यदि इसके बाद भी सीटें शेष बचती हैं, तो 10 से 12 फरवरी तक द्वितीय राउंड आयोजित होगा, जिसमें न्यूनतम 27 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों तक को अपनी दावेदारी पेश करने का अवसर मिलेगा। बोर्ड ने अभ्यर्थियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध बायोडाटा फॉर्म भरकर ही मुख्यालय पहुंचें। सीटों का आवंटन योग्यता के आधार पर केवल एक बार ही किया जाएगा, इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे संस्थान का चयन सोच-समझकर करें। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि यदि सीटें पहले भर जाती हैं, तो काउंसलिंग प्रक्रिया उसी दिन समाप्त कर दी जाएगी। किसी भी प्रकार की दुविधा की स्थिति में अभ्यर्थी बोर्ड के दूरभाष संख्या 01892-242192 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## बड़ी में मल्टी सुपर स्पेशलिटी कैंप में 350 लोगों ने करवाया चेकअप




60 से अधिक लोगों ने हृदय जांच टेस्ट भी करवाए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष और प्रसिद्ध समाजसेवी स्व. प्यारे लाल शर्मा की याद में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीड़ में निशुल्क मल्टी सुपर स्पेशलिटी कैंप और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी डॉ. आईपी शर्मा और रक्तदान शिविर का शुभारंभ सीएमओ कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने किया।

कैंप में 350 से अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य चेकअप करवाया, जबकि रक्तदान में 86 लोगों ने भाग लिया। मल्टी सुपर स्पेशलिटी कैंप में बैजनाथ सिविल हॉस्पिटल और विवेकानंद मेडिकल इंस्टिट्यूट के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों का उपचार किया। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र थपलू, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप, हड्डी रोग डॉ. हरविंदर, मेडिसिन से डॉ. अक्षय शर्मा, प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रुपाक्षी पठानिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नताशा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा आदि ने अपनी सेवाएं दी। शिविर के अवसर पर बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल मौजूद रहे। प्यारेलाल शर्मा के बेटे और जिला कांग्रेस कमेटी व बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि वह 3 साल से इस कैंप का आयोजन अपने पिता की याद में करवा रहे हैं। कैंप में लोगों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। साथ ही 60 से अधिक लोगों ने हृदय जांच टेस्ट एक ईको भी करवाया।

## गुरु रविदास के विचार आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं: पराशर

अनंत ज्ञान




**ब्यूरो, धर्मशाला।** चिंतपूर्णी के जवाल गांव में गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य में संत रविदास मंदिर कमेटी की ओर से एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कैप्टन संजय पराशर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

पराशर ने संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के जीवन, चिंतन और दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें संपूर्ण मानव जाति का पथ-प्रदर्शक बताते हुए कहा कि गुरु रविदास महाराज ने अपने विचारों और कर्मों से रूढ़िवादी परंपराओं को चुनौती दी और समाज में व्याप्त जाति-पाति, ऊंच-नीच और भेदभाव को समाप्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के उजाले की ओर ले जाती है। गुरु रविदास महाराज का चिंतन किसी एक जाति या संप्रदाय तक सीमित नहीं था, वह संपूर्ण समाज के कल्याण के लिए समर्पित था। यही कारण है कि आज सब मिलकर 649 वर्ष बाद भी गुरू रविदास का स्मरण कर रहे हैं और उनके मार्ग पर चलने का संकल्प ले रहे हैं। आज रविदास जी अपने चिंतन-दर्शन और शिक्षाओं के कारण पूरे विश्व में प्रचारित हैं। इस अवसर पर संत रविदास मंदिर कमेटी के प्रधान नरेश काजला ने कैप्टन संजय पराशर को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। काजला ने कहा कि कैप्टन पराशर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार और विकास के लिए निरंतर अपने संसाधनों से सहयोग करते आ रहे हैं। कोरोनाकाल के दौरान कैप्टन संजय पराशर द्वारा जवाल स्थित गुरु रविदास मंदिर भवन निर्माण के लिए तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई थी, जिससे मंदिर के शेड निर्माण हुआ और अब बारिश के मौसम में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता है। कमेटी के सदस्य विनोद कुमार ने कहा कि कैप्टन संजय पराशर के सहयोग से जसवां-परागपुर क्षेत्र के रीड़ी कुठेड़ा स्थित बाबा सिद्ध चानो मंदिर को भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

## कर्मचारियों की वित्तीय अदायगी के लिए भेजे सुझाव, बजट में कर्मचारियों के हितों की हो रक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने बजट 2026-27 के लिए प्रदेश वित्त सचिव को विस्तृत सुझाव भेजे हैं। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि हिमाचल सरकार के निर्देशानुसार बजट के लिए ये सुझाव भेजे गए हैं, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों के आर्थिक हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता, छठे वेतन आयोग का लगभग 8555 करोड़ रुपये का एरियर, 4/9/14 वर्ष के लाभ, 2012 में छीनी गई इंक्रीमेंट तथा भत्तों में संशोधन लंबे समय से लंबित हैं, जिससे कर्मचारियों को हर माह 5 से 10 हजार रुपए तक का नुकसान हो रहा है। बजट में समाधान के लिए अप्रैल 2026 से हर माह 1 प्रतिशत डीए देने, एरियर के लिए अतिरिक्त इंक्रीमेंट आधारित फार्मूला लागू करने, 2.59 के स्थान पर 15 प्रतिशत विकल्प देने तथा अगले तीन वर्षों में सेवानिवृत्त होने वालों को एरियर का सीधा भुगतान करने की मांग की गई है। इसके साथ ही पंजाब की तर्ज पर भत्ते बढ़ाने, समूह बीमा योजना का पुनरीक्षण कर 50 लाख रुपये तक बीमा कवर देने, बेहतर स्वास्थ्य बीमा, मेडिकल विकल्प और कैशलेस इलाज व्यवस्था लागू करने की भी मांग उठाई गई है। संघ ने कहा को भारत सरकार ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 1,39,289 करोड़ रुपए का आवंटन किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 8.27 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय बजट में हिमाचल को देय आरडीजी ग्रांट का उल्लेख न होना निराशाजनक है।

## विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगा बजट : श्रेय



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश सोशल मीडिया सह-संयोजक श्रेय अवस्थी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी और विकासोन्मुख बजट है। यह बजट इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, रोजगार सृजन, एमएसएमई सशक्तिकरण, युवाओं के लिए अवसर और तकनीकी व औद्योगिक विकास को गति देने वाला है। श्रेय अवस्थी ने कहा कि रिकॉर्ड पूंजीगत निवेश और कनेक्टिविटी विस्तार से अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी और भारत वैश्विक स्तर पर और मजबूत स्थिति में पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल विकास और सुधार पर केंद्रित है, न कि राजनीतिक बयानबाज़ी पर। बजट 2026 विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की दिशा में एक निर्णायक कदम है, जिसका लाभ देश के हर वर्ग तक पहुंचेगा।

## 75 पेज के बजट में हिमाचल को निराशा : पठानिया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विधानसभा के उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने केंद्रीय बजट को हिमाचल प्रदेश के लिए निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार 75 पेज में हिमाचल के लिए कोई राहत नहीं दी गई। आपदा, किसानों, बागवानों और अन्य क्षेत्रों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। 40 हजार करोड़ के नुकसान के बावजूद राज्य को कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि बजट में हिमाचल का नाम नहीं लिया गया, विशेष श्रेणी का दर्जा नहीं दिया गया और बागवानों के लिए आयात शुल्क बढ़ाने पर कोई फैसला नहीं किया गया। जीएसटी से मिलने वाली डिफिसेंट ग्रांट नहीं दी गई, फार्मा क्षेत्र के लिए कोई सुविधा नहीं दी गई और रेल कनेक्टिविटी का जिक्र भी नहीं है। बजट टैक्स चोरी करने वालों के लिए अनुकूल है, लेकिन सामान्य नागरिकों के लिए कोई राहत नहीं। यह बजट प्रदेश को आर्थिक संकट की ओर ले जाने वाला है।

## बजट में पर्यटन के लिए कई घोषणाएं : बांबा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** होटल एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में पर्यटन क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनसे भारत के सबसे प्रमुख पहाड़ी टूरिस्ट डेस्टिनेशन में से एक हिमाचल प्रदेश को काफी फायदा होने की उम्मीद है। हालांकि बजट में राज्य के लिए कोई अलग से टूरिज्म पैकेज घोषित नहीं किया गया है, लेकिन यह इको-टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, कल्चरल सर्किट, स्किल डेवलपमेंट और कनेक्टिविटी पर ज़ोर देता है, ऐसे क्षेत्र जहां हिमाचल प्रदेश को स्वाभाविक फायदा है।

## बजट से युवाओं को लगी निराशा हाथ : विक्रम

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** एनएसयूआई हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक महासचिव विक्रम शर्मा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 9वां बजट पेश किया, लेकिन युवाओं के लिए रोजगार अवसरों की स्पष्ट रणनीति नहीं दी गई। पिछली घोषणाओं की समीक्षा भी पारदर्शी रूप से सामने नहीं आई। आम आदमी महंगाई से परेशान है, फिर भी बजट में महंगाई नियंत्रण के ठोस उपाय नहीं हैं। किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि बजट में आर्थिक स्वावलंबन और रोजगार सृजन के लिए आवश्यक प्रावधानों का अभाव स्पष्ट है और केंद्र सरकार इस दिशा में विफल नजर आती है।

## बजट से आम आदमी की उम्मीदें टूटीं : मनकोटिया

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर क्षेत्र के कांग्रेसी नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने केंद्रीय बजट 2026-27 को जनविरोधी और दिशाहीन बताया। उन्होंने कहा कि बजट में महंगाई नियंत्रण और बेरोजगारी पर कोई ठोस उपाय नहीं हैं। मनकोटिया ने हिमाचल प्रदेश के साथ कथित भेदभाव का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य को रिवेन्यू डेफिसिट ग्रांट नहीं दिया गया, जिससे करीब 40 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। उनका कहना है कि इससे विकास कार्य प्रभावित होंगे और कर्मचारियों, किसानों तथा गरीब वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने बजट को आंकड़ों के मायाजाल में उलझाकर पेश किए जाने का आरोप लगाया।

## बजट में चंबा-कांगड़ा के साथ सौतेला व्यवहार : रजत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** युवा नेता एवं पूर्व एनएसयूआई प्रदेश महासचिव रजत सिंह राणा ने केंद्रीय बजट 2026 को हिमाचल की पीठ में छुरा घोंपने जैसा बताया। उन्होंने कहा कि बजट केवल बड़े महानगर और कॉरपोरेट हितों पर केंद्रित है, जबकि चंबा और कांगड़ा जैसे पहाड़ी जिलों की वास्तविक समस्याओं–जैसे प्राकृतिक आपदा, भूस्खलन और ग्रामीण संपर्क मार्ग बाधित होना–को नजरअंदाज किया गया। राणा ने कहा कि आपदा प्रबंधन और पहाड़ी सड़कों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है, जिससे पहाड़ी विकास के दावे सवालों के घेरे में हैं।

## बजट युवाओं के लिए लाभदायक: विकास



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा थुरल मंडल में कंद्रीय बजट 2026-27 का लाइव प्रसारण मंडल टीम एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा बूथ नंबर 120, हेव में देखा गया। इसके बाद मंडल की महत्वपूर्ण बैठक भी हुई। बैठक को मंडल अध्यक्ष विकास धीमान ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अत्यंत लाभदायक है। बजट के माध्यम से सोलर उत्पाद, दवाइयां और दैनिक जरूरत की वस्तुओं के दाम सस्ते होंगे, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में मंडल महामंत्री विजय राणा, उपाध्यक्ष सरोज शर्मा, ग्राम केंद्र अध्यक्ष कैप्टन रविंद्र शर्मा, बूथ अध्यक्ष अनूप गुलेरिया, सोशल मीडिया सह-संयोजक सुधीर गुलरिया आदि उपस्थित रहे।

## पठानकोट में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों ने दिया धरना

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** सुंदरचक-भोआ रोड पर गत रात एक हैवी लोडेड वाहन की चपेट में आने से युवक रोहित कुमार उर्फ हैप्पी की मौत हो गई। रोहित दुकानदार था और अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। रविवार सुबह मृतक के परिजन और गांव के निवासी शव रोड पर रखकर पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। मटेरियल से भरे कई ट्रक भी रोक दिए गए। स्थानीय लोगों ने कहा कि इस रोड पर लगातार हैवी वाहनों से दुर्घटनाएं होती रही हैं, जबकि प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रशासन और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि डीसी से बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई करेंगे। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### ए सर्टिफिकेट के लिए 872 कैडेट्स ने दी परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनसीसी कैडेट्स का ए सर्टिफिकेट एग्जाम रविवार को जिला भर के चार परीक्षा केंद्रों में आयोजित किया गया। इसमें फोर एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर के 880 एनसीसी कैडेट्स को कॉल लेटर जारी किए गए थे। इनमें से आठ एनसीसी कैडेट्स एग्जाम से अनुपस्थित पाए गए हैं। जबकि 872 कैडेट्स ने चार सेंटरों में यह परीक्षा दी है। एनसीसी कैडेट्स को ओएमआर सीट पर सुबह 10:30 बजे से 1:30 बजे तक प्रश्न हल करने पड़े। एनसीसी कैडेट्स से मल्टीपल च्वाइस प्रश्न (एमसीक्यू) 140 पूछे गए थे, जिन्हें तीन घंटे के अंदर कैडेट्स को हल करना था। ए सर्टिफिकेट के लिए पीएमश्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर, जवाहर नवोदय विद्यालय डुंगरी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में एनसीसी कैडेट्स ने यह परीक्षा दी है। फोर एचपी एनसीसी हमीरपुर बटालियन के सीनियर जेसीओ राजेश कुमार ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स का ए सर्टिफिकेट एग्जाम सभी चार सेंटरों में शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया है।

### बाबा बालक नाथ के जीवन पर आधारित पुस्तक लिखेंगे

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** सेवानिवृत होने वाले मुख्य पुजारी चंद्र प्रकाश शर्मा बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के लिए एक युग का समापन हुआ। मंदिर न्यास में 28 वर्षों तक सेवा देने वाले मुख्य पुजारी चंद्र प्रकाश शर्मा के विदाई समारोह में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दो अन्य अनुभवी कर्मचारियों ने भी विदाई ली, जिनमें उप-हलवाई सुरजीत कुमार और सुरजीत सिंह शामिल हैं। मुख्य पुजारी चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि वे बाबा बालक नाथ के जीवन और सिद्ध पीठ के इतिहास पर एक विस्तृत पुस्तक लिख रहे हैं। पुस्तक का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। इस पुस्तक में बाबा जी के जीवन के तथ्य सत्य घटनाओं पर आधारित होंगे। मंदिर अधिकारी जोगिंदर कुमार ने कहा कि चंद्र प्रकाश शर्मा और उनके साथियों के समर्पण ने संस्थान को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। न्यास की ओर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस गरिमामय विदाई समारोह में मंदिर अधिकारी जोगिंदर कुमार, सहायक मंदिर अधिकारी सुरम सिंह ठाकुर, एसीएस संजीव कुमार चौधरी, धर्मस्थल कर्मचारी संघ के प्रधान विजय कुमार लखनपाल, सचिव मनोज कुमार धीमान सहित श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के लिए बजट अन्यायपूर्ण हमीरपुर भाजपा ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** केंद्रीय बजट पर इस बार लोगों की दिलचस्पी कुछ ज्यादा देखने को नहीं मिली। विपक्ष ने इस बजट को हिमाचल के हितों के साथ अन्याय पूर्ण करार दिया। जबकि भाजपा के नेताओं ने दिल खोलकर इसका स्वागत किया है। लेकिन एक बात जो साफ तौर पर देखने को मिली है। आम आदमी भी इस बजट से प्रतिक्रिया देने के मामले में मुंह चुराता रहा उसकी दिलचस्पी थी ही नहीं। बहुतों को तो इस बात का पता ही नहीं था कि आज लोकसभा में बजट पेश किया जाना था। कर्मचारियों को इस बार इस बजट से कोई ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा। जबकि आम लोगों की दिलचस्पी भी साफ तौर पर ना के बराबर दिखाई दी। व्यापारी वर्ग भी इस बजट से ज्यादा कुछ नजर नहीं आया। कांग्रेस के नेता खुलकर इस बजट की आलोचना कर रहे हैं। उनका कहना था कि अमीर को और ज्यादा अमीर और गरीब को और ज्यादा गरीब बनाने की दिशा में यह केंद्र सरकार काम कर रही है।

अनंत ज्ञान बजट परिचर्चा



**कांग्रेस** के जिला अध्यक्ष सुमन भारती का कहना था कि यह बजट किसी के हित में नहीं है हिमाचल के हित में तो कतई भर भी नहीं है। कांग्रेस शासित राज्यों को अपने हाल पर इस सरकार ने छोड़ दिया है। हिमाचल में आपदा से जितना नुकसान हुआ, उसके लिए कोई भी भरपाई का प्रावधान इस बजट में नहीं किया गया, ना कोई नीति बनाई गई।



**भाजपा** शहरी निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जोगिंदर बल्ला का कहना था कि निश्चित रूप में विकास इस बजट में विकास की जो नई चीज सामने आ रही है वह हिमाचल के हित में भी बेहतर साबित होगी। इस बजट के जो टिप्स है, वह जैसे-जैसे सामने आएंगे, सारी स्थिति क्लियर हो जाएगी।



**व्यापार** मंडल के प्रमुख पदाधिकारी अश्विनी कुमार जगोता का कहना था कि व्यापारियों के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है। ऑनलाइन व्यापार ने साधारण व्यापारियों का जो हाल खराब कर रखा है, उस पर केंद्र सरकार चुप है। इसके अलावा व्यापारी महत्वपूर्ण किस समाज की रीड की हड्डी होते हैं, लेकिन उन्हें भी किसी पेंशन योजना में सरकार को लाना चाहिए था। उस पर व्यापारी वर्ग लंबे समय से मांग कर रहा है, मगर उनकी अनदेखी हो रही है।



**गांधी** चौक पर स्थित एक व्यापारी राजन कुमार कहते हैं कि हमें इस तरह के बजट से कोई दिलचस्पी नहीं है। आज भी नहीं थी, थोड़ा बहुत देखा है, लेकिन इससे फायदा कोई होता नहीं है। उनके हित में यह आम जनता के हित में बजट कभी बनाया नहीं गया। इसीलिए आज भी दिलचस्पी के साथ इसे सुना नहीं गया।



**सेवानिवृत्ति** हेडमास्टर प्रदीप ठाकुर कहते हैं कि अभी मुकम्मल तौर पर इस बजट की अंदरूनी सतह का पता नहीं चल पाया है। लेकिन कर्मचारियों के लिए तो पहले से ही कोई उम्मीद इस बजट से नहीं थी। हिमाचल के हितों से जुड़ी हुई परियोजनाओं का आंकलन करने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

# केंद्रीय बजट 2026-27 : विकसित भारत की मजबूत नींव : राजेंद्र राणा

अनंत ज्ञान



बजट से खुश राजेंद्र राणा समर्थकों के साथ। अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने माघ पूर्णिमा और श्री गुरु रविदास जयंती के शुभ अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए इसे 'विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी, संतुलित और जनकल्याणकारी बजट है।

राजेंद्र राणा ने कहा कि यह बजट हिमाचल प्रदेश के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। उन्होंने कहा इको-टूरिज्म ट्रेल्स, सड़क और कनेक्टिविटी परियोजनाओं तथा पर्यटन आधारित रोजगार से हिमाचल के युवाओं और स्थानीय कारोबारियों को सीधा फायदा मिलेगा। यह बजट पहाड़ी राज्यों की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान देगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राजेंद्र राणा ने कहा कि लगातार नौवीं बार प्रस्तुत यह बजट भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था का प्रमाण है और यह दर्शाता है कि देश तेजी से दुनिया की अग्रणी आर्थिक शक्तियों की श्रेणी में शामिल होने की ओर बढ़ रहा है। बजट में रोजगार, स्वास्थ्य, निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया है। वहीं, वैश्विक अनिश्चितता और घरेलू मांग को संतुलित करने की दिशा में भी कई बड़े ऐलान किए गए हैं। राणा ने कहा कि पूंजीगत व्यय में लगभग 9 प्रतिशत वृद्धि से इंफ्रास्ट्रक्चर, सड़क, रेलवे, डिजिटल कनेक्टिविटी और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी। एमएसएमई, स्टार्टअप्स और ग्रीन एनर्जी के लिए नई योजनाएं आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देंगी। किसानों के लिए 'भारत विस्तार' बहुभाषी एआई टूल तकनीक आधारित खेती की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। युवाओं, महिलाओं और आदिवासियों के लिए विशेष प्रावधानों से इन सभी वर्गों का विकास एवं कल्याण सुनिश्चित होगा। पर्यटन व पर्यावरण संरक्षण के तहत हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, अराकू वैली और पश्चिमी घाट में इको-फ्रेंडली ट्रेल्स विकसित होने से हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों को बड़ा लाभ मिलेगा। हर जिले में छात्राओं के लिए हॉस्टल और उच्च शिक्षा संस्थानों का विस्तार बेटियों की शिक्षा को सुरक्षित और सशक्त बनाएगा। शिक्षा पर कुल लागत कर (टीसीएस) को 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करने से छात्रों और परिवारों पर वित्तीय बोझ कम होगा। राजेंद्र राणा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स नए रचनात्मक करियर के द्वार खोलेंगी। इसके अलावा 5 विश्वविद्यालय टाउनशिप और नियोजित शैक्षणिक क्षेत्रों के लिए समर्थन क्षेत्रीय शिक्षा केंद्रों को मजबूत करेगा और प्रत्येक जिले में एक बालिका छात्रावास सभी शिक्षार्थियों के लिए पहुंच और सम्मान सुनिश्चित करेगा।

## बजट प्रदेश के लोगों के लिए निराशाजनक: प्रेम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट हिमाचल प्रदेश के लोगों को निराश व हताश करने वाला है, दो-दो आपदाओं और



कमजोर आर्थिक परिस्थिति का सामना कर रहे प्रदेश को केंद्र से किसी प्रकार की राहत इस बजट के माध्यम से प्रदेश को मिलती नजर नहीं आ रही। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि प्रदेश में आपदा के के उपरांत प्रधानमंत्री द्वारा की गई 1500 करोड़ की राहत की घोषणा का भी वित्त मंत्री ने कोई संज्ञान वर्तमान बजट में नहीं लिया है। नए शहरों को विकसित करने की बात करने का सपना दिखाने वाली वित्त मंत्री ने पूर्व में 100 स्मार्ट सिटी बनाने के अपने दिव्य स्वप्न का लेखा-जोखा जनता को नहीं दिया और नए एम्स खोलने की घोषणा तो की मगर पहले से स्थापित हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और ज्यादा उपयोगी बनाने की दिशा में कोई प्रावधान नहीं किया गया। कौशल ने कहा कि भारत सरकार का वर्तमान बजट ऊंचे दिव्य सपनों की कटी पतंग जैसा होने के साथ जमीन से आसमान के अंतिम छोर को देखने के भ्रम की तरह है।

## बजट विकसित भारत की नींव को मजबूत बनाने वाला: लखनपाल

अनंत ज्ञान



विधायक इंद्रदत्त कार्यकर्ताओं के साथ बजट को सुनते हुए। अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम केंद्र हरसौर में विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, मोर्चा प्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय बजट को सामूहिक रूप से सुना।

इस अवसर पर पूरे कार्यक्रम में राष्ट्र निर्माण, विकास और जनकल्याण को लेकर सकारात्मक वातावरण बना रहा तथा बजट को लेकर सार्थक चर्चा हुई। केंद्रीय बजट पर विस्तार से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत यह केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। यह बजट केवल आर्थिक आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश के हर वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की स्पष्ट कार्ययोजना है। विधायक लखनपाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में गरीब कल्याण, किसान सशक्तिकरण, युवा रोजगार, महिला उत्थान, मध्यम वर्ग को राहत तथा उद्यमिता को बढ़ावा देने पर विशेष और संतुलित ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, सड़क-परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप्स के लिए किए गए प्रावधान देश की आर्थिक गति को नई रफ्तार देंगे। उन्होंने कहा कि बजट में युवाओं के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर सृजित करने की स्पष्ट झलक दिखाई देती है, जिससे देश का युवा आत्मनिर्भर बन सकेगा। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना को पूरी तरह प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बजट के माध्यम से हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों को भी केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ मिलेगा और दूरदराज़ के क्षेत्रों में विकास की गति तेज होगी।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि जहां एक ओर केंद्र की भाजपा सरकार देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठा रही है, वहीं प्रदेश की वर्तमान सरकार विकास की रफ्तार को रोकने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, मंडल महामंत्री अश्वनी बन्याल, एसी मोर्चा अध्यक्ष राम रत्न, जिला सचिव सीमा भारद्वाज, जिला परिषद सदस्य वीना शर्मा, ग्राम केंद्र अध्यक्ष अमृत लाल सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता, मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले का होगा शानदार आगाज : कैप्टन रणजीत

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले को इस वर्ष शानदार तरीके से मनाया जाएगा। होली उत्सव की तैयारी को लेकर कमर कस ली गई है। इसी को लेकर के विश्राम गृह सुजानपुर में विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने पत्रकार वार्ता की।

उन्होंने बताया कि मेले से अधिक से अधिक राजस्व इकट्ठा हो इसको लेकर के मेले में लगने वाली दुकानों को चार भागों में बांटा जाएगा । इस कार्य से जहां अधिक आय होगी वहीं पारदर्शिता भी बनी रहेगी यह रूपरेखा पहली बार बनाई गई है। कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि मेले का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री करेंगे तथा मेले को आकर्षण बनाने को लेकर के महिलाओं का झमाकडा किया जाएगा जिसमें महिलाओं की तादाद 1100 से 1500 के बीच रहेगी, महिलाओं के मान सम्मान को लेकर के रस्सी कसी का भी आयोजन किया जाएगा तथा मेला शानदार आकर्षण का केंद्र बने नामी गिरामी कलाकारों का संस्कृतिक कार्यक्रम संध्या में बुलाया जाएगा कैप्टन ने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के भीतर बेहतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, लेकिन पूर्व विधायक को शायद विकास कार्य नजर नहीं आ रहे हैं वह 12 वर्ष के अपने कार्यकाल तथा इन डेढ वर्ष का कार्यकाल से तुलना करें सच्चाई सामने दिखती नजर आती है गांव में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है, लेकिन पूर्व विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री को हमीरपुर, सुजानपुर में बुला रहे हैं, जिन्होंने सुजानपुर विधानसभा में एक ईंट भी विकास के नाम पर नहीं लगवाई। कैप्टन ने कहा कि सिविल अस्पताल तथा टोनी देवी हॉस्पिटल में चिकित्सकों के स्पेशलिस्ट पद भर दिए गए हैं तथा अन्य खाली पद भी भरे जा रहे हैं सुजानपुर में पैराग्लाइडिंग रिवर राफ्टिंग, की योजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा तथा शीघ्र ही सिंथेटिक ट्रैक का कार्य भी शुरू होगा वहीं रणजीत सिंह ने केंद्र सरकार के बजट को निराशा जनक बताया इस अवसर पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा पार्षद मनोज ठाकुर विनय शर्मा, मनोज शर्मा देशराज ठाकुर मौजूद थे

## शिक्षा विभाग जल्द शुरू करे अनुबंध कर्मी नियमितीकरण प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रदेश शिक्षा विभाग ने अब तक अनुबंध शिक्षक नियमितीकरण प्रक्रिया शुरू नहीं की है। 2 वर्ष पूर्ण कर चुके या 31 मार्च 2026 तक 2 वर्ष सेवाकाल पूर्ण करने वाले अनुबंध शिक्षकों का नियमितीकरण किया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने अनुबंध शिक्षकों से नियमितीकरण के लिए अब तक दस्तावेज नहीं मांगे हैं, ऐसे में इस प्रक्रिया को अविलंब शुरू करने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग अध्यक्ष रीता बाल्याणी, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, ज्ञान चंद आदि ने स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली को ज्ञापन भेजकर अपील की है कि शिक्षा विभाग में अनुबंध कर्मी नियमितीकरण प्रक्रिया अविलंब शुरू की जाए। अनुबंध शिक्षकों के नियमितीकरण पहले की भांति साल में दो बार होना ही चाहिए। सितंबर और मार्च माह में यह प्रक्रिया पूर्ण की जाती थी, मगर अब यह प्रक्रिया साल में एक बार केवल मार्च माह उपरान्त करने से सभी अनुबंध कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान होता है। नियमितीकरण के लिए कर्मचारियों के दस्तावेज मंगवाने में विलंब किए जाने से नियमितीकरण में भी विलंब हो जाता है, जिससे 1 अप्रैल, 2026 की जगह विलंब से नियमितीकरण होने से वरिष्ठता व वित्तीय क्षति कर्मचारियों को उठानी पड़ती है।

# पपलाह पंचायत में गुरु महाराज की शिक्षाओं को स्मरण किया

अनंत ज्ञान



संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती बड़े श्रद्धा भाव व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पपलाह में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती बड़े श्रद्धा भाव व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर गांव में कीर्तन और भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर गुरु महाराज की शिक्षाओं को स्मरण किया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु रविदास महाराज के भजन-कीर्तन से हुई। कीर्तन के दौरान श्रद्धालुओं ने गुरु महाराज की वाणी व उनके द्वारा दिए गए सामाजिक समरसता, समानता व मानवता के संदेशों पर प्रकाश डाला। वातावरण भक्तिमय हो गया और गांव भर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। इस आयोजन में ग्राम सुधार सभा की अहम भूमिका रही। ग्राम सुधार सभा के प्रधान रीपन कुमार सहित राजेंद्र कुमार, देवेंद्र कुमार, लेख राज, विनोद कुमार, अनिल कुमार, अशोक, नरोतम, अमर नाथ, चुनी लाल, परमानंद भाटिया, बक्शी राम, प्रीता भाटिया, शेर सिंह भाटिया, तारा सिंह भाटिया, दलीप, विधि, पवन, प्रेम चंद, प्रताप चंद, किशोरी लाल, मदन, महेंद्र, विजय, मस्ताना राम, राकेश सिंह, कुलदीप परवाना, यशपाल सहित समस्त ग्रामवासियों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

कीर्तन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सभी श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं। ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि वे संत गुरु रविदास महाराज द्वारा बताए गए मार्ग समानता, सत्य व कर्म को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## ककरोहल में रविदास की जयंती का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** गुरु रविदास महासभा ककरोहल में हर साल की भांति इस साल भी गुरु रविदास जी महाराज के जन्म दिवस पर भंडारे का आयोजन किया गया। समस्त गांव वासियों ने मिलजुलकर संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का गुणगान किया और उनके बताए गए रास्तों पर चलने की प्रेरणा ली। इस मौके पर पूरे गांव में सभी को हलवा पूरी आवंटित किए गए। ग्राम सभा के प्रधान देश राज, उपप्रधान कर्म सिंह व कमलेश कुमार, सुरजीत कुमार, अंजय कुमार, जय गोपाल और राज कुमार सदस्यों ने अपना-अपना योगदान दिया।

## बारीं में गुरु रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के बारीं गांव में रविवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सुमन भारती मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के दौरान गुरु रविदास जी के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने समाज को समानता, मानवता और भाईचारे का संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध कथन मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी हमें सच्चे कर्म और शुद्ध मन की प्रेरणा देता है।

## काले अंब पंचायत में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती की रही धूम

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** काले अंब पंचायत में गुरु रविदास ग्राम सुधार सभा द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्राम सुधार सभा के सदस्यों द्वारा डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा का पुष्पगुच्छ, टोपी व शॉल भेंट कर गर्मजोशी से सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्राम सुधार सभा के गौरव कमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरु रविदास ग्राम सुधार सभा एक पंजीकृत संस्था है, जो वर्षों से संत रविदास जी की जयंती को हर वर्ष पूरी श्रद्धा और धूमधाम से मनाती आ रही है। मुख्यातिथि के रूप में संबोधित करते हुए डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि संत गुरु रविदास जी ऐसे महान संत थे जिन्होंने 15वीं शताब्दी में ही समाज में व्याप्त जाति-पात और भेदभाव के खिलाफ आमजन की आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि उस दौर में हिंदू समाज के भीतर व्याप्त सामाजिक विभाजन के कारण देश कमजोर हुआ, जिसका लाभ पहले मुगलों और बाद में अंग्रेजों ने उठाया।

गुरु रविदास जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, क्योंकि आज भी कुछ ताकतें धर्म और जाति के नाम पर लोगों को बांटकर शासन करना चाहती हैं। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी देश तब तक विकसित नहीं हो सकता, जब तक उसकी सरकारें धर्म और जाति के आधार पर राजनीति करती रहें। देश को आगे बढ़ाने के लिए समानता, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास आवश्यक है।

## आचार्य देवराज का 93 वर्ष की आयु में निधन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य एवं समाजसेवी देवराज शर्मा का शनिवार सुबह हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे और अंतिम क्षण तक जजमान सेवा एवं धर्म-कर्म में सक्रिय रहे। देवराज शास्त्री के नाम से विख्यात आचार्य अपने सरल स्वभाव और हंसमुख व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। वे एक सत्यवादी, कर्तव्यनिष्ठ और प्रगाढ़ पंडित थे, जिन्होंने तहसील बड़सर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई थी। उन्होंने संस्कृत महाविद्यालय होशियारपुर से ज्योतिष आचार्य की उपाधि प्राप्त की थी। देवराज शास्त्री धार्मिक व्यक्तित्व के धनी थे और क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रमों में गुप्त दान देने और गरीबों की मदद करने में अग्रणी थे।

## बिझड़ी कृषि और सहकारी सभा ने लाभ में 2.32 लाख की वृद्धि दर्ज की



बिझड़ी कृषि व सहकारी सभा की वार्षिक साधारण सभा में वित्तीय मजबूती व विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बिझड़ी कृषि एवं सहकारी सभा की वार्षिक साधारण सभा में वित्तीय मजबूती और विकास योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरजीत सिंह राणा ने की। सचिव प्रिंस ठाकुर ने वर्ष 2024-25 का वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया। इसमें 13,83,649 रुपए के शुद्ध लाभ का उल्लेख किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2,32,349 अधिक है। सभा ने सदस्यों को 12 प्रतिशत लाभांश देने का निर्णय लिया। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बीनू ठाकुर को ऑडिटर नियुक्त किया गया है। अध्यक्ष ने जन औषधि केंद्र के सफल संचालन और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी, जिनमें मीटिंग हॉल का निर्माण और सोलर लाइट्स की स्थापना शामिल है। बैठक में सदस्यों के सुझावों पर चर्चा की गई और प्रबंधन समिति ने विविध व्ययों को स्वीकृति प्रदान की।

**अधिवेशन** सुनील शर्मा ने कहा, टीजीटी वर्ग की मांगों को सरकार के समक्ष एकजुटता से उठाएंगे

## पंकज डडवाल को सर्व टीजीटी महासंघ हमीरपुर की कमान

अनंत ज्ञान



सर्व टीजीटी महासंघ के जिला अधिवेशन में मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** सर्व टीजीटी महासंघ का जिला अधिवेशन रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या में संपन्न हुआ।

इसमें जिला हमीरपुर व जिला हमीरपुर के खंड स्तर की नई कार्यकारिणी का गठन लोकतांत्रिक तरीके से किया। इस जिला अधिवेशन में पंकज डडवाल को जिला प्रधान, महासचिव अश्वनी कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान तिलक राज ठाकुर, उपप्रधान पूर्णिमा कुमार, सह सचिव बिमला, कोषाध्यक्ष विपिन कुमार, मीडिया सचिव संजीव बनियाल आदि को जिला हमीरपुर का दायित्व दिया गया। जिला कार्यकारिणी के अलावा खंड हमीरपुर, बड़सर, नादौन, की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। खंड हमीरपुर से प्रधान सरोज कुमारी, विनोद कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान सोनू शर्मा, उपप्रधान सुनीता कुमारी, खंड बड़सर से संजीव बनियाल, महासचिव रघुवीर सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान सुनील कुमार, उपप्रधान विक्रम चंद, खंड नादौन से संदीप धीमान प्रधान, शालू महासचिव को दायित्व दिया। इस जिला अधिवेशन में राज्य कार्यकारिणी से महासचिव सुनील शर्मा, सह सचिव मनु देव शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव शेरिया जिला कांगड़ा, सह सचिव रमन कांत जिला कांगड़ा, सह सचिव दर्शन कुमार जिला ऊना, सह कोषाध्यक्ष संजीव पठानिया मंडी मौजूद रहे।

महासंघ के के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने बताया कि टीजीटी वर्ग की वेतन विसंगति को हल करते हुए, टीजीटी के लिए सरकार पंजाब की तर्ज पर 1 जनवरी 2016 से नए वेतनमान की शर्तों को लागू करते हुए, 45400 का मूल वेतन लागू करें । इसके साथ ही ट्रांसफर के लिए सरकार के द्वारा 30 किलोमीटर की दूरी सीमा की शर्त को हटाकर 15 से 20 किलोमीटर किया जाए। अनुबंध कर्मचारियों को वर्ष में पहले की भांति दो बार नियमित किया जाए तथा अनुबंध अवधि पर दी गई सेवा को वरिष्ठता व पेंशन लाभों के लिए जोड़ा जाए। 4-9-14 एसीपी की पुनः बहाली की जाए, सीबीएसई स्कूलों के लिए चयनित किए जा रहे हैं अध्यापकों के काडर के लिए पैदा हो रही है वर्तमान स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के अंदर पैदा हो रहे संशय को दूर किया जाए, डीम्ड रेगुलर टीजीटी की पदोन्नति सूची शीघ्र जारी किए जाए। सर्व टीजीटी महासंघ के इस जिला अधिवेशन में लगभग 100 से 110 के करीब अध्यापकों ने भाग लिया।

## महिला मंडल की सदस्यों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को सराहा



खाई गांव में आयोजित बैठक में मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की बनी ग्राम पंचायत के खाई गांव में आयोजित एक बैठक में हिमाचल प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के निदेशक रूबल सिंह ठाकुर ने विशेष रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर महिला मंडल की सदस्यों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से निदेशक को अवगत कराया। निदेशक ने महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा और उनके शीघ्र समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। निदेशक नशा निवारण बोर्ड ने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और महिलाओं से नशा निवारण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित महिला मंडल की सदस्यों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चंबा पुलिस ने चोरी का मामले किया दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा ने विभिन्न धाराओं के तहत 01 अभियोग पंजीकृत किया है और मामले की जांच जारी है। मामला थाना डलहौजी में दर्ज किया गया है, जिसमें शिकायतकर्ता भारती ठाकुर, निवासी मंडल, जिला कठुआ ने आरोप लगाया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके मायके से लगभग 45 ग्राम सोना चुरा लिया। चोरी गए सोने की अनुमानित कीमत ₹2,50,000 बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अन्वेषण जारी है और दोषी को शीघ्र पकड़ने के लिए सभी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

### 'सच्ची भक्ति दिखावा नहीं बल्कि आत्ममंथन'

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा के संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में रविवार को साप्ताहिक सत्संग का आयोजन महात्मा सुखविंदर सिंह भट्टी की अध्यक्षता में किया गया। सत्संग में साहो, जडेरा, राख, जांगी, मैहला और मंगला सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सत्संग के दौरान संतों एवं महात्माओं ने सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज की शिक्षाओं को भजनों और विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। एलईडी के माध्यम से सद्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के प्रवचन भी सुनाए गए। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति दिखावा नहीं बल्कि आत्ममंथन और जागरूक जीवन की यात्रा है। मानवता में सार प्रेम, सरलता और निष्कपट व्यवहार में निहित है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बनाता है।

### चंबा में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा का सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन किया गया। तीन घंटे की इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) चंबा, जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल, सुंडला और चकलू के कैडेट्स शामिल हुए। परीक्षा का संचालन 9 एचपी एनसीसी बटालियन डलहौजी के आर्मी स्टाफ द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश राठौर स्वयं परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं की निगरानी की। विपरीत मौसम व बर्फबारी के कारण अनुपस्थित कैडेट्स के लिए बाद में अलग से परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### युवा मतदान जिम्मेदारी भी संभालें : शशिकांत

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आम आदमी पार्टी के जिला सचिव शशिकांत ने पंचायत प्रतिनिधियों के पांच वर्षीय कार्यकाल के पूर्ण होने पर जिले के सभी प्रधानों, उपप्रधानों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर हुए विकास कार्य जनप्रतिनिधियों और जनता के सहयोग का परिणाम हैं, लेकिन यह भी सच्चाई है कि जिले की अनेक पंचायतों में अब भी अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। संसाधनों की कमी और दूरदर्शी सोच के अभाव को उन्होंने विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा बताया। शशिकांत ने कहा कि अब समय आ गया है जब चंबा के शिक्षित, जागरूक और ऊर्जावान युवा केवल मतदान तक सीमित न रहें, बल्कि आगे बढ़कर नेतृत्व और जिम्मेदारी स्वयं संभालें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि व्यवस्था में वास्तविक और स्थायी सुधार तभी संभव है जब ईमानदार, कर्मठ और जनसेवा के प्रति समर्पित युवा राजनीति और पंचायती व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### 7 स्कूलों को जीएसपी ऑडिट में 'ग्रीन' रेटिंग

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा ने ग्रीन स्कूल प्रोग्राम (जीएसपी) के तहत राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। जिले के सात विद्यालयों को जीएसपी ऑडिट में प्रतिष्ठित 'ग्रीन' रेटिंग से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 30 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर स्थित स्टीन ऑडिटोरियम में आयोजित ग्रीन स्कूल्स प्रोग्राम कार्निवल एवं अवार्ड सेरेमनी में प्रदान किया गया। इस सफलता में डिप्टी डायरेक्टर स्कूल (हायर) विकास महाजन, डिप्टी डायरेक्टर स्कूल (एलीमेंटरी) बलबीर सिंह, ओएसडी उमाकांत व साइंस सुपरवाइजर गौरव का विशेष योगदान रहा। जिला प्रशासन ने इसे शिक्षकों, ग्रीन स्कूल कोऑर्डिनेटर्स और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष राज्य में सर्वाधिक 117 नामांकन के साथ जिला चंबा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा जिले को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

### सिप्पी कल्याण सभा के संजीव बने प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पुखरी/जांझघर:** आज सिप्पी कल्याण सभा संस्था के राज्य और जिला स्तरीय चुनाव सम्पन्न हुए। इस चुनाव में सर्वसम्मति से संजीव अत्री को प्रदेशाध्यक्ष, दीपक आजाद को सचिव, राज सिंह को कोषाध्यक्ष और रजनी मल्होत्रा को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। चुनाव की सफलता पर प्रदेशाध्यक्ष संजीव अत्री ने कहा कि जल्द ही नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा और संस्था के विकास व उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सदस्यों से एकजुट होकर समाज और संस्था की सेवा में सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिले व राज्य भर से सदस्य उपस्थित रहे और उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

### कोयल गांव में नहीं सड़क, इंसानियत बनी सहारा

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** सलूणी उपमंडल की ग्राम पंचायत सिंगाधार का कोयल गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित है। बीते दिनों गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब कुकर फटने से एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई। सड़क न होने के कारण एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच सकी। ऐसे में गांववासियों ने मानवीय संवेदना और साहस की मिसाल पेश की। युवती को अपनी पीठ पर उठाकर लगभग छह किलोमीटर की कठिन और खड़ी चढ़ाई पार करते हुए सड़क तक पहुंचाया गया, ताकि उसे समय रहते नागरिक अस्पताल सलूणी पहुंचाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कोयल गांव सड़क मार्ग से जुड़ा होता, तो इस तरह की जानलेवा मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है, ताकि आपात स्थितियों में लोगों की जान जोखिम में न पड़े और गांववासी भी आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

### पर्यटन विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** सलूणी में पर्यटन को नई पहचान देने के लिए प्रशासन ने एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। उपमंडल अधिकारी सलूणी, तहसीलदार सलूणी एवं उनकी टीम के नेतृत्व में यह प्रयास न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि क्षेत्र की संस्कृति, परंपरा और प्राकृतिक सौंदर्य को भी नई दिशा देगा। इस योजना के तहत सलूणी को पदयात्रा, गृह आवास कार्यक्रम, लोकसंस्कृति और प्राकृतिक पर्यटन का केंद्र बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी से यह पहल 'स्वच्छ, सुंदर और आत्मनिर्भर सलूणी' के लक्ष्य को साकार करेगी।

# केंद्रीय बजट से हिमाचल को लगा बड़ा झटका: नरेश चौहान

## राज्य की जरूरतें नजरअंदाज, कठिन परिस्थितियों का भी नहीं रखा लिहाज

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने केंद्रीय बजट पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने रविवार को पेश किए गए इस बजट को हिमाचल प्रदेश के लिए बेहद निराशाजनक और चिंताजनक करार दिया। चौहान ने कहा कि इस बजट ने न केवल पहाड़ी राज्य की आर्थिक जरूरतों को अनसुना किया है, बल्कि हिमाचल की विशिष्ट और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों का लिहाज भी नहीं रखा गया है। उन्होंने केंद्र सरकार के इस रवैये को प्रदेश के विकास की राह में एक बड़ी बाधा बताया है।

नरेश चौहान ने बजट के सबसे चिंताजनक पहलू पर प्रकाश डालते हुए कहा कि केंद्र ने रेविन्यू डिफिसिट ग्रांट को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि 15वें वित्त आयोग के तहत हिमाचल प्रदेश को लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की यह महत्वपूर्ण ग्रांट मिली थी। राज्य सरकार को पूरी उम्मीद थी कि एक 'विशेष श्रेणी' वाले राज्य के रूप में हिमाचल को यह वित्तीय सहायता जारी रहेगी। लेकिन बजट में इसका कोई प्रावधान न होने से प्रदेश को सीधे तौर पर 40 हजार करोड़ रुपये का भारी वित्तीय नुकसान झेलना पड़ेगा, जो राज्य की आर्थिकी के लिए एक बड़ा प्रहार है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के दो मुख्य आधार बागवानी और पर्यटन पर बजट के रुख को लेकर नरेश चौहान ने गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि इन दोनों क्षेत्रों का हिमाचल की जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान है, फिर भी बजट में इनके लिए कोई विशेष राहत नहीं दी गई। सबसे बड़ी निराशा बागवानों के लिए है, क्योंकि विदेशों से आने वाले सेब पर इंपोर्ट ड्यूटी यानी की आयात शुल्क बढ़ाने को लेकर बजट पूरी तरह खामोश रहा।

### अभाविप ने बजट को सराहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए इसे शिक्षा और कौशल विकास के लिए दूरगामी बताया है। शिक्षा क्षेत्र के लिए 1,39,389 करोड़ और स्वास्थ्य के लिए1,04,599 करोड़ का आवंटन गुणवत्तापूर्ण सेवाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। अभाविप का मानना है कि बजट में विद्यालयी और उच्च शिक्षा पर दिया गया विशेष ध्यान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बजट में छात्राओं के लिए जिला स्तर पर छात्रावास बनाने और पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप विकसित करने के निर्णय को परिषद ने क्रांतिकारी बताया है। कंटेंट क्रिएटर लैब्स और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना जैसे प्रावधान युवाओं को सीधे रोजगार के आधुनिक अवसरों से जोड़ेंगे। साथ ही, अनुसूचित जाति पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति और पीएम-यशस्वी जैसी योजनाओं में बढ़ोतरी से समाज के हर वर्ग तक शिक्षा की सुलभ पहुंच सुनिश्चित होगी। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह बजट शिक्षा से रोजगार के संकल्प को संस्थागत आधार प्रदान करता है। चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अवसंरचना में निवेश बढ़ने से देश स्वास्थ्य सेवाओं में आत्मनिर्भर बनेगा।

### पहाड़ी राज्यों के किसान-बागवानों में गहरी निराशा: हरीश चौहान



**हिमाचल** प्रदेश में संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने कहा है कि केंद्रीय बजट ने पहाड़ी राज्यों के सेब, नाशपाती, किवी, पलम, आडू, खुरमानी, चेरी, सब्जी और फूल उत्पादकों को पूरी तरह निराश किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्विपक्षीय व्यापार संधियों और आयात शुल्क में कटौती के जरिए बागवानों को बिना किसी तैयारी के वैश्विक प्रतिस्पर्धा में धकेल रही है, जिससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। हरीश चौहान ने कहा कि किसान और बागवान वैश्विक प्रतिस्पर्धा से घबराते नहीं हैं, लेकिन इसके लिए जरूरी उन्नत तकनीक, वैज्ञानिक सहयोग और पर्याप्त सब्सिडी कभी उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि यूरोप, अमेरिका और न्यूजीलैंड जैसे देशों में किसानों को भारत की तुलना में कई गुना अधिक सब्सिडी और तकनीकी सहायता दी जाती है, जबकि यहां केवल आश्वासन ही मिलते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सहित पहाड़ी राज्यों के किसानों को किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी और एफटीए के बाद विशेष पैकेज की उम्मीद थी। इस पैकेज में उन्नत पौध, विश्वस्तरीय भंडारण, आधुनिक विपणन और वैज्ञानिक तकनीक के लिए विशेष बजट की जरूरत थी, लेकिन बजट में इन सभी अपेक्षाओं को नजरअंदाज किया गया। हरीश चौहान ने कहा कि यह बजट किसान और बागवान विरोधी है और इससे केवल निराशा ही मिली है।

### हिमाचल के लिए सबसे कमजोर व निराशाजनक : कौशल मूंगटा



**केंद्र** सरकार द्वारा प्रस्तुत ताज़ा केंद्रीय बजट को हिमाचल प्रदेश के लिए अब तक का सबसे कमज़ोर और निराशाजनक बजट बताते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता, किसान नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य कौशल मूँगटा ने कहा कि यह बजट हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को पूरी तरह नज़रअंदाज़ करता है। उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रदेश को मजबूती मिलने के बजाय आर्थिक रूप से और अधिक कमज़ोर किया गया है, जो बेहद चिंताजनक है। कौशल मूंगटा ने कहा कि राजस्व घाटा अनुदान हिमाचल प्रदेश की कोई नई या असंगत मांग नहीं है। तेरहवें, चौदहवें और पंद्रहवें वित्त आयोग के दौरान यह सहायता लगातार हिमाचल को मिलती रही है, क्योंकि यह सर्वमान्य तथ्य है कि पहाड़ी राज्य होने के कारण प्रदेश की आय सीमित होती है जबकि बुनियादी ढांचे, सड़कों, स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च कहीं अधिक होता है। उन्होंने बताया कि चौदहवें वित्त आयोग में हिमाचल को लगभग चालीस हज़ार छह सौ चौबीस करोड़ रुपये का राजस्व घाटा अनुदान मिला था, जबकि पंद्रहवें वित्त आयोग में भी सैंतीस हज़ार एक सौ निन्यानवे करोड़ रुपये की सहायता तय की गई।

# कुफरी-फागू में बर्फबारी, जनजीवन ठप

## एनएच-5 पर फिसलन और यातायात का संकट बढ़ा, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजधानी शिमला और उसके आसपास के ऊपरी क्षेत्रों में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। बीती रात से हो रही बारिश और ताज़ा हिमपात ने जहाँ पर्यटकों के चेहरे खिला दिए हैं, वहीं स्थानीय प्रशासन और यात्रियों के लिए चुनौतियां भी खड़ी कर दी हैं। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिससे आने वाले कुछ दिनों में भारी बर्फबारी की संभावना और प्रबल हो गई है।

जानकारी के अनुसार कुफरी से फागू के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर हल्की बर्फबारी ने सड़क को कांच जैसा बना दिया है। गाड़ियों के टायर सड़क पर पकड़ नहीं बना पा रहे हैं, जिसके कारण कई वाहन बीच रास्ते में ही फंस गए हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि पर्यटकों और स्थानीय लोगों को अपनी गाड़ियों को धक्का लगाकर सुरक्षित स्थानों तक पहुँचाना पड़ रहा है। सड़क पर फंसे वाहनों को निकालने और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू करने के लिए पुलिस की टीमें मुस्तैद हैं। पुलिस प्रशासन ने पर्यटकों को हिदायत दी है कि वे केवल आपातकालीन स्थिति में ही इस मार्ग का उपयोग करें। 'सुरक्षित पर्यटन' की अपील करते हुए लोगों को बर्फीली सड़कों पर ड्राइविंग से बचने की सलाह दी गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) सक्रिय हुआ है। वैज्ञानिक संदीप शर्मा का कहना है कि इसके प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक मध्यम और ऊंचाई वाले इलाकों में भारी बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। ठंडी हवाओं के चलने से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है।



### बर्फ की खूबसूरती व बढ़ती दुश्वारियां

**वहीं** जिला शिमला की हसीन वादियों में बर्फबारी का नजारा जितना खुशनुमा है, लिंक रोड और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रहने वालों के लिए यह उतना ही चुनौतीपूर्ण है। आने वाले 24 से 48 घंटे जिला के ऊपरी क्षेत्रों के लिए काफी संवेदनशील रहने वाले हैं।

### डोडरा क्वार से बुजुर्ग महिला एयर लिफ्ट, पीजीआई में भर्ती

**हिमाचल** सरकार व जिला प्रशासन शिमला के प्रयासों से दुर्गम क्षेत्र डोडरा क्वार से 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला को एयर लिफ्ट कर पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती करवाया गया। बर्फबारी और खराब मौसम के बावजूद रविवार को एयरफोर्स के दो हेलीकॉप्टरों की मदद से यह रेस्क्यू संभव हो पाया। परिजनों के अनुसार बुजुर्ग महिला पिछले एक सप्ताह से अधरंग से पीड़ित थीं और उनकी हालत लगातार नाजुक हो रही थी। 31 जनवरी को बेटे ने स्थानीय प्रशासन से एयर लिफ्ट की मांग की, जिस पर जिला प्रशासन ने तुरंत प्रदेश सरकार से संपर्क कर एयरफोर्स की सहायता मांगी।

### दक्षता विकास व भविष्य की कृषि पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान शिमला में 02 से 11 फरवरी तक एक विशेष लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. ब्रजेश सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कोर्स का मुख्य विषय 'बागवानी फसलों के सुधार, संरक्षण और प्रबंधन के लिए पारंपरिक एवं आणविक उपकरण' है। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए 25 वैज्ञानिक और प्रशिक्षु हिस्सा ले रहे हैं, जिन्हें संस्थान की विश्व स्तरीय प्रयोगशालाओं (जैसे जीनोम संपादन उत्कृष्टता केंद्र और ऑक्सफोर्ड नैनोपोर अनुक्रमण सुविधा) में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोर्स डायरेक्टर डॉ. शैलेज सूद के अनुसार, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य वैज्ञानिकों को सटीक कृषि, जलवायु-अनुकूल पद्धतियों और फसल कटाई के बाद के प्रबंधन में निपुण बनाना है। प्रशिक्षुओं को विशेष रूप से आलू की फसल पर केंद्रित डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, रोग निदान और जैव रासायनिक विश्लेषण जैसी आधुनिक तकनीकों का ज्ञान दिया जाएगा। डॉ. विकास मंगल और उनकी टीम के सहयोग से संचालित यह कार्यक्रम भविष्य की टिकाऊ और कुशल बागवानी प्रणालियों को विकसित करने में मील का पत्थर साबित होगा।

### 9 वार्डों की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में नगर परिषद रामपुर बुशहर के सभी 9 वार्डों पिप्टी मोहल्ला, पदम नगर, रघुनाथ/सत्य नारायण मोहल्ला, अखाड़ा मंदिर, निचला डाकोलर, ऊपरी डाकोलर, चूहाबाग/रचोली एवं खनेरी की मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। चुनावी पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि यह अंतिम प्रकाशन हिमाचल प्रदेश नगर निकाय निर्वाचन नियम, 2015 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया गया है। अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियां नगर परिषद कार्यालय, संबंधित वार्डों के मतदान केंद्रों, नोटिस बोर्डों तथा अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर आम जनता के अवलोकन हेतु उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद रामपुर क्षेत्र के सभी पात्र मतदाता इन अंतिम मतदाता सूचियों का अवलोकन कर सकते हैं। यह मतदाता सूची आगामी नगर निकाय चुनावों के लिए मान्य होगी।

# पवन शर्मा बने गद्दी कल्याण बोर्ड के सदस्य, भरमौर में खुशी की लहर

अनंत ज्ञान



**भरमौर/चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा गद्दी कल्याण बोर्ड के सदस्यों की हालिया घोषणा के साथ ही भरमौर विधानसभा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। क्षेत्र के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता पवन शर्मा को गद्दी कल्याण बोर्ड का सदस्य मनोनीत किए जाने पर स्थानीय लोगों एवं गद्दी समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है।

पवन शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वर्तमान सरकार जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास और गद्दी समुदाय के उत्थान को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। यह नियुक्ति इस बात का प्रमाण है कि सरकार जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओं को सम्मान और अवसर दे रही है। पवन शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) चंबा के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष ललित ठाकुर को देते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन और सहयोग से ही उन्हें जनसेवा का यह महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि तीन बार जिला परिषद सदस्य (किलोड वार्ड) रहे ललित ठाकुर का नेतृत्व संगठन को निरंतर मजबूती प्रदान कर रहा है।

गद्दी कल्याण बोर्ड के सदस्य के रूप में अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट करते हुए पवन शर्मा ने कहा कि वे गद्दी समुदाय से जुड़ी समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाएंगे, भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। इस मनोनयन के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों एवं गद्दी समुदाय के लोगों ने पवन शर्मा को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके माध्यम से समुदाय के हितों को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

### बीआरओ ने बहाल की तांदी-संसारी नाला सड़क पीडब्ल्यूडी पर नाराजगी

**अनंत ज्ञान, पांगी।** पांगी घाटी में हाल ही में हुई भारी बर्फबारी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। अधिकांश अंदरूनी सड़कें बंद होने से क्षेत्र का जिला मुख्यालय और बाहर का संपर्क ठप हो गया। इस मुश्किल घड़ी में सीमा सड़क संगठन ( बीआरओ) ने तांदी-संसारी नाला सड़क को युद्ध-स्तर पर बहाल कर पांगी को बाहरी दुनिया से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। बी.आर.ओ की तत्परता से लोगों ने राहत की सांस ली, जबकि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कई अंदरूनी सड़कें अब भी बंद हैं, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बंद सड़कें स्वास्थ्य सेवाओं और रोजमर्रा के कामकाज पर सबसे अधिक असर डाल रही हैं। ग्राम पंचायत साहली के लेऊ गांव के साहिल को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बीआरओ के सिविल इंजीनियर निर्मल कुमार उप्रेती ने कहा कि तांदी-संसारी नाला सड़क बहाल कर दी गई है और भविष्य में भी त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी। पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अधिशासी अभियंता रवि कुमार शर्मा ने कहा कि सड़क बहाली का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है और जल्द ही सभी प्रमुख मार्ग खोले जाएंगे।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार व शिक्षक राजिंद्र वशिष्ट की विराट कला उपलब्धियां

अनंत ज्ञान



**चंबा।** कला, रंगमंच और शिक्षा—तीनों क्षेत्रों में समान दक्षता के साथ अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर चुके बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार एवं शिक्षक राजिंदर वशिष्ट आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। पेशे से मुख्य अध्यापक होने के बावजूद उन्होंने कठोर साधना, निरंतर अभ्यास और अटूट संकल्प के बल पर कला जगत में वह मुकाम हासिल किया है, जो विरले ही संभव कर पाते हैं।

राजिंद्र वशिष्ट की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि यह है कि उन्होंने गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज हॉलीवुड फिल्म 'जीसस' के चंबयाली और गद्दीयाली बोली में अनुवादित संस्करण में मुख्य पात्र 'जीसस' के लिए डबिंग कर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन की, बल्कि समूचे हिमाचल प्रदेश और विशेषकर चंबा जनपद के लिए गौरव का विषय है। चित्रकला के क्षेत्र में भी वे एक सिद्धहस्त कलाकार के रूप में जाने जाते हैं। मिनीएचर पेंटिंग के साथ-साथ तैल चित्रकला में उनकी विशेष दक्षता है। अपनी निजी कला दीर्घा में निरंतर सृजनरत राजिंदर वशिष्ट नित नए कलात्मक आयाम स्थापित कर रहे हैं।

विशेष रूप से रानी सुही की बलिदान गाथा को एक हजार से अधिक चित्रों की श्रृंखला में चित्रित करने का उनका संकल्प कला जगत में अद्वितीय माना जा रहा है। रंगमंच के क्षेत्र में भी उनका योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने अनेक नाटकों में अभिनय एवं निर्देशन कर स्वयं को एक संवेदनशील और सशक्त रंगकर्मी के रूप में स्थापित किया है। चंबा जिले के पारंपरिक लोकनाट्य 'हरणातर' में भी उनकी सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही है। कोरोना महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर में उन्होंने अपनी संस्था चंबा रंग दर्शन के माध्यम से प्रसिद्ध समाचार चैनल हिमाचल न्यूज़ 24म7 के लिए कई जागरूकता वीडियो कैप्सूल तैयार कर समाज को सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कला, शिक्षा और समाज—तीनों क्षेत्रों में समान रूप से सक्रिय राजिंदर वशिष्ट वास्तव में उस कलाकार का प्रतीक हैं, जिनकी प्रतिभा किसी एक विधा या भौगोलिक सीमा तक सीमित नहीं रहती। उनकी साधनापूर्ण और प्रेरक यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श और प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है।

# बजट से हिमाचल को नई उम्मीदें, अब अमल में तेजी जरूरी: चौफला

अनंत ज्ञान



बजट परिचर्चा

**चंबा।** केंद्रीय बजट 2026 में हिमाचल प्रदेश के लिए कई सकारात्मक घोषणाएं की गई हैं, जिनमें वन ट्रैकिंग रूट्स के विकास, गिरती पाइननट (चिलगोजा) खेती को बढ़ावा, प्राचीन मंदिर नगरों का विकास, बौद्ध सर्किट की शुरुआत और सी-प्लेन सेवा जैसे अहम प्रस्ताव शामिल हैं। इन घोषणाओं से प्रदेश के दूरदराज़ और जनजातीय क्षेत्रों के लिए विकास की नई राह खुली है।

राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित नवनीत चौफला ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में हिमाचल के लिए जो दृष्टिकोण सामने आया है, वह स्वागतयोग्य है, लेकिन अब राज्य सरकार को प्राथमिकता के आधार पर इन प्रस्तावों को ज़मीन पर उतारना होगा। देरी के लिए अब कोई बहाना नहीं चलना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से चंबा जिले का ज़िक्र करते हुए कहा कि यहां दो ट्रैकिंग सर्किट तुरंत विकसित किए जा सकते हैं। चंबा-जुम्हार-खब्बी धार-खुजुंड-भल्ला ट्रैक, पांगी उपमंडल में सुराल से ज़ांस्कर (लद्दाख) को जोड़ने वाला ट्रैक, पांगी में पड़ने वाली पांच प्रमुख बौद्ध मठ। इन क्षेत्रों में उच्च मूल्य की औषधीय जड़ी-बूटियों की खोज और संवर्धन की अपार संभावनाएं हैं, जिन पर राज्य सरकार समग्र और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से कार्य कर सकती है। नवनीत चौफला ने यह भी याद दिलाया कि बजट में प्राचीन मंदिर नगरों के विकास का प्रस्ताव रखा गया है, जिसका लाभ चंबा और भरमौर जैसे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक केंद्रों को मिलना चाहिए। साथ ही सी-प्लेन सेवा की घोषणा के तहत चमेरा जलाशय को चंबा के पर्यटन नक्शे पर लाने की अपार संभावना है।

### रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट समाप्त करना दुर्भाग्यपूर्ण: दिनेश



**भरमौर** में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर एवं हिमाचल किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने केंद्रीय बजट में रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट समाप्त किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों वाले हिमाचल जैसे राज्य के लिए यह निर्णय लगभग 40 हजार करोड़ की सहायता पर गंभीर असर डालेगा और केंद्र सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। डॉ. दिनेश ने प्रधानमंत्री से पुनर्विचार की मांग करते हुए राज्य के सभी सांसदों को ग्रांट बहाल करवाने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने बजट में किसानों, बागवानों, मजदूरों, कर्मचारियों और बेरोजगार युवाओं के लिए कोई विशेष योजना न होने को भी निराशाजनक बताया।

### विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम: शुभम



**भाजपा** मंडल कोटी, विधानसभा चुराह में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर बजट श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शुभम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष तिलक ठाकुर सहित ज़िला, मंडल एवं बूथ स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय बजट की प्रमुख विशेषताओं को विस्तार से समझा गया तथा जन-कल्याणकारी योजनाओं पर सार्थक चर्चा की गई।

### रोडमैप, रोजगार और उद्यम पर दिया जोर: राकेश



**केंद्रीय** बजट पर आईटी संयोजक राकेश कुमार, त्रिलोचन महादेव मंडल, विधानसभा पांगी - भरमौर ने कहा कि यह बजट बुनियादी ढांचे, विनिर्माण, सेवा क्षेत्र और राजकोषीय सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित है, जो 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने की ठोस नींव रखता है। बजट में कुल व्यय 53.5 लाख करोड़ निर्धारित किया गया है, जिसमें 11 लाख करोड़ के पूंजीगत व्यय पर विशेष जोर दिया गया है।


**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नादौन , तहसील नादौन जिला हमीरपुर ( हि.प्र.)।**

**श्रीमति विजय कुमारी पुत्री धनी राम महाल पुज्याल डाकघर चोडू तहसील नादौन जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश ।**

**बनाम आम जनता**

**विषय :- प्रार्थना पत्र और धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969**

श्रीमति विजय कुमारी पुत्री धनी राम महाल पुज्याल डाकघर चोडू तहसील नादौन जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश का आवेदन पत्र समस्त रिकॉर्ड व शपथ पत्र सहित इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। श्रीमति विजय कुमारी पुत्री धनी राम अपनी जन्म तिथि 15-07-1968 को ग्राम पंचायत चोडू के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं करवा सकी। तथा अब वह अपनी उक्त जन्म तिथि 15-07- 1968 को सम्बंधित ग्राम पंचायत चोडू में दर्ज करवाना चाहती हैं। अतः इस अखबारी इश्तिहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त श्रीमति विजय कुमारी पुत्री धनी राम अपनी जन्म तिथि 15-07-1968 को ग्राम पंचायत चोडू के रिकॉर्ड में दर्ज करने बारे कोई आपति हो तो वह असालतन या वकालतन दिनांक 02-03-2026 को तहसील कार्यालय नादौन जिला हमीरपुर को प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अपना उजर पेश कर सकता है। आम जनता की और से कोई भी उजर या एतराज़ ना आने की सूरत में तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी एवं विजय कुमारी पुत्री धनी राम की जन्म तिथि 15-07-1968 को ग्राम पंचायत चोडू में दर्ज करने के आदेश नियमानुसार पारित कर दिए जायेंगे।

यह इश्तिहार मोहर अदालत व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27-01-2026 को जारी हुआ ।

**स्थान :- नादौन, दिनांक :- 27-01-2026**

**कार्यकारी दण्डाधिकारी, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र)**



**Office of the Distt. Panchayat office Cum Sec. Zilla Parishad Chamba Distt. Chamba**

No. 254

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Item rate Tenders/Quotations in a sealed envelope are hereby invited by the undersigned for the work detailed given below from the approved and eligible contractors, so as to reach in the office of District Panchayat Office Chamba, Distt. Chamba on or before 15/02/2026 up to 3:00 PM and will be opened on the same day at 4:00 PM onwards, in the presence of intending contractors or their authorized representatives. The tenders received after the above date and time shall not be entertained. The Detailed DNIT can be obtained from the Office of undersigned on any working day or before above mentioned date & hour by depositing the sum of Rs 300.

| Sr. No. | Name of Work | Estimate Cost Rs. | Earnest Money | Cost of Tender form | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/o Irrigation Kuhal at Village Duhm in GP Mail | 400000 | 8000 | 300 | 3 Month |
| 2 | Maintenance of Link road at Kunera Janoli | 400000 | 8000 | 300 | 3 Month |
| 3 | C/o Create Works at Duham GP Mail | 200000 | 4000 | 300 | 3 Month |
| 4 | C/o Drinking Water Tank at village Bassa in GP Sudli | 300000 | 6000 | 300 | 3 Month |
| 5 | C/o Drinking Water Tank at Village Gurdaal | 300000 | 6000 | 300 | 3 Month |
| 6 | Maintenance of Link road at Bassa In GP Nagali | 400000 | 8000 | 300 | 3 Month |
| 7 | C/o Concrete Road From Matola to Dunun Phase -I | 500000 | 10000 | 300 | 3 Month |
| 8 | C/o Concrete Road From Matola to Dunun Phase -II | 500000 | 10000 | 300 | 3 Month |
| 9 | C/o Protection Work at Talai Near Kishori House GP Padheptu | 100000 | 2000 | 300 | 3 Month |

The District Panchayat Officer, Chamba reserves the right to reject the tender/Quotation without assigning any reasons thereto.
For further information, please contact the office of undersigned on any working day from 10:00 AM to 5:00 PM

**District Panchyat Officer-cum-Secretary**
**Zila Parishad Chamba Distt. Chamba Himachal Pradesh**

**मृत्यु** और विनाश बिना बुलाए ही आया करते हैं, क्योंकि ये हमारे मित्रों के रूप में नहीं शत्रुओं के रूप में आते हैं।

–भगवतीचरण वर्मा

## संपादकीय

# बजट से हिमाचल निराश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार नौवीं बार संसद में बजट पेश कर इतिहास रचा। उन्होंने अपने बजट को विशेष रूप से युवाओं से प्रेरित और विकासोन्मुख बताया। इसे तीन मुख्य कर्तव्यों–आर्थिक वृद्धि, जन आकांक्षाएं और सामाजिक कल्याण को सशक्त करने पर केंद्रित किया है। यह दृष्टिकोण स्पष्ट करता है कि सरकार का उद्देश्य केवल आर्थिक आंकड़ों को बेहतर बनाना नहीं है, बल्कि व्यापक विकास और सामाजिक कल्याण के माध्यम से देश को समृद्ध बनाना भी है।

इस बजट में आम जनता को तत्काल राहत देने वाले कदम सीमित हैं। व्यक्तिगत आयकर दरों में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया, जिससे सीधे तौर पर आम आदमी पर कोई अतिरिक्त लाभ नहीं पड़ता। हालांकि, टैक्स फाइलिंग को सरल बनाने के लिए तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया गया। यह कदम न केवल करदाताओं को राहत देगा, बल्कि उन्हें अपनी वित्तीय जिम्मेदारियों को व्यवस्थित करने का अवसर भी प्रदान करेगा। निवेशकों और आयातकों के लिए प्रक्रियाओं और अनुपालन को सरल बनाने के उपाय भी बजट में शामिल हैं, जो भविष्य में व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेंगे।

देश की सुरक्षा और वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए रक्षा बजट में 15.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। हाल के सुरक्षा घटनाक्रम, जैसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ हुए ऑपरेशन सिंदूर को देखते हुए यह कदम समयोचित और आवश्यक प्रतीत होता है। यह न केवल सेना को सशक्त बनाता है, बल्कि वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य में भारत की तैयारी को भी दर्शाता है। वैश्विक और क्षेत्रीय चुनौतियों के समय यह बजट देश की सुरक्षा के लिए स्पष्ट संदेश देता है कि भारत हर परिस्थितियों में तैयार है। स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में बजट की पहलें विशेष महत्व रखती हैं। 50 प्रतिशत जिला अस्पतालों में आपात चिकित्सा और ट्रॉमा केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव, नए विश्वविद्यालय टाउनशिप, डिजिटल नॉलेज हब, छात्रावास और खगोल विज्ञान वेधशालाओं की स्थापना युवाओं को गुणवत्ता शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करेंगी। महिला सशक्तिकरण, किसान, दिव्यांग और अन्य वंचित वर्गों के लिए योजनाएं भी बजट में शामिल हैं।

रेलवे विस्तार और स्वास्थ्य क्षेत्र पर बजट का जोर देश की दीर्घकालिक विकास योजना के अनुरूप प्रतीत होता है। युवाओं को पावर बूस्टर देने की योजना उनकी उत्पादकता और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने में सहायक होगी। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के लिए यह बजट निराशाजनक साबित हुआ। राज्य में आपदाओं, किसानों, बागबानों और अन्य जरूरतमंद वर्गों के लिए कोई ठोस आर्थिक सहायता नहीं दी गई। हिमाचल को 40 हजार करोड़ रुपए का संभावित नुकसान झेलना पड़ सकता है, जबकि 16वें वित्त आयोग के तहत आरडीजी या अन्य वितरित संसाधनों की कमी राज्य विकास में बाधा बन सकती है। यह राजनीतिक परिस्थितियों और राज्य में कांग्रेस सरकार होने के कारण और भी संवेदनशील विषय बन गया है। हिमाचल की जरूरतों की अनदेखी यह बताती है कि विकास केवल बड़े शहरों और औद्योगिक केंद्रों तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि पहाड़ी और सीमांत क्षेत्रों के लिए भी योजनाएं जरूरी हैं।

आम जनता की दृष्टि में, यह बजट सुधार और विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। टैक्स फाइलिंग में सहूलियत, जीसीटी में सुधार, पूंजीगत व्यय, रेलवे परियोजनाएं, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र की नई पहलें निश्चित रूप से लाभ पहुंचा सकती हैं। युवाओं के लिए अवसरों और कौशल विकास की योजनाएं भविष्य में रोजगार सृजन और उत्पादकता को बढ़ाने में सहायक होंगी। फिर भी, महंगाई को नियंत्रित करना और रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजित करना अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। हिमाचल जैसे राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं और सीमित संसाधनों के कारण विकास में रुकावटें आती हैं। यह बजट युवाओं को शक्ति और दिशा देता है, लेकिन संतुलन और समावेशिता के मामले में अभी भी सुधार की आवश्यकता है। कुल मिलाकर, बजट 2026-27 विकास, सुधार और युवा सशक्तिकरण की दिशा में सही कदम प्रतीत होता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध लेखक

**खुशवंत** सिंह भारतीय पत्रकार, लेखक, उपन्यासकार और इतिहासकार थे, जिन्हें पत्रकारिता और साहित्य दोनों में अपार ख्याति प्राप्त रही। उन्होंने अपने पेशेवर जीवन में न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता अर्जित की। पंजाब के हदाली (अब पाकिस्तान) में जन्मे खुशवंत सिंह ने गवर्नमेंट कॉलेज, लाहौर और कैंब्रिज विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की तथा लंदन से कानून की डिग्री ली। उनके पिता, सर सोभा सिंह, उस समय दिल्ली के प्रमुख ठेकेदारों में गिने जाते थे। पत्रकारिता में उन्होंने 1951 में आकाशवाणी से अपने करियर की शुरुआत की और 'योजना' पत्रिका का संपादन किया। इसके बाद उन्होंने मुंबई के 'इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' और 'न्यू डेल्ही' में संपादक के रूप में कार्य किया। 1983 तक वह 'हिंदुस्तान टाइम्स' के संपादक भी रहे और लोकप्रिय साप्ताहिक कॉलम लिखते रहे।



**खुशवंत सिंह**
**जन्म :** 2 फरवरी, 1915
**मृत्यु :** 20 मार्च, 2014

एक उपन्यासकार और इतिहासकार के रूप में खुशवंत सिंह की रचनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उनके प्रमुख उपन्यासों में 'ट्रेन टू पाकिस्तान', 'डेल्ही', और 'दि कंपनी ऑफ वुमन' शामिल हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से दो खंडों में प्रकाशित 'सिक्खों का इतिहास' उनके योगदान को और मजबूत करता है। उनके लेखन में राजनीतिक, सामाजिक और प्राकृतिक परिवेश की गहरी समझ झलकती है। साल 1947 के बाद उन्होंने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया और 1980-86 तक राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रहे। उन्हें पद्म भूषण (1974) और पद्म विभूषण (2007) जैसे उच्च नागरिक सम्मान प्राप्त हुए, और 2000 में 'वर्ष का ईमानदार व्यक्ति' के रूप में सम्मानित किया गया। 20 मार्च, 2014 को 99 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। उनके साहित्यिक, पत्रकारिता और ऐतिहासिक योगदान ने उन्हें भारतीय सांस्कृतिक और बौद्धिक परिदृश्य में एक अमिट छवि दी। खुशवंत सिंह ने लगभग सात दशक तक साहित्य, इतिहास और पत्रकारिता में योगदान देकर एक बहुआयामी विरासत छोड़ दी। ■



कविता

## धरती हिंदुस्तान की

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र


राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार, हिमाचल प्रदेश

**यह** धरती संविधान की, है भू गणतंत्र महान की
यह गंगाधर का देश मेरा, और माटी मेरे किसान की।।
इसके तृण तृण में राम बसा, ईसा अल्लाह भगवान की
है वाहेगुरु का वास यहां, है वृंदावन के श्याम की।।
है ऋषियों की यह तपोस्थली, और कण कण में भगवान की
राधा मीरा का प्रेम यहां, और रमी राम में जानकी।।
अजां कहीं और कहीं दुआएं, कहीं महिमा परशुराम की
गीता शब्द कीर्तन रामायण, कहीं आयत और कुरान की।।
मां जगदंबे के जयकारे, होती कथा पुराण की
जय शिव शंकर जय माता दी, बोलो जय हनुमान की ।।
एक हैं हम और एक रहेंगे, कसम है अपनी जान की
अपनी जय से पहले ही, जय होगी हिंदुस्तान की।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में शैक्षणिक पर्यटन की अथाह संभावनाएं

देवभूमि, वीर भूमि तथा कला की भूमि हिमाचल प्रदेश 25 जनवरी 1971 के दिन पूर्ण राज्यत्व को प्राप्त हुआ। भारत के 18वें राज्य के रूप में स्थापित हुआ था यह पहाड़ी प्रदेश। कड़ी मेहनत तथा संघर्ष लगा, हिमाचल प्रदेश को एक राज्य के रूप में स्थापित करने में, आज यह पहाड़ी राज्य अपनी प्रकृति, लोक संस्कृति, पर्यटन तथा तीर्थाटन के लिए विश्व प्रसिद्ध है।




पारुल अरोड़ा
टांकरी लिपि प्रशिक्षण क्रेंद
पैलेस कॉलोनी, मंडी
दूरभाष 9805379777

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल प्रदेश में 2024 में लगभग 1.80 करोड़ घरेलू और 83,000 विदेशी पर्यटकों ने यात्रा की थी। हिमाचल प्रदेश पर्यटकों से सालभर खिला रहता है। देश-विदेश के तथा राज्य के भीतर के लोग भी अन्य जिलों, क्षेत्रों की यात्राएं करते रहते हैं।

पर्यटन के विभिन्न रूप होते हैं। संस्कृतिक, धार्मिक, साहसिक, पारिस्थितिकी, चिकित्सा, खेल, व्यावसायिक, ग्रामीण, मनोरंजन, शैक्षणिक इत्यादि। विश्व में शैक्षणिक पर्यटन का अपना महत्व है। वैश्विक शैक्षणिक पर्यटन बाजार 2025 में अनुमानित लगभग 43 लाख करोड़ रुपए तथा भारतीय शैक्षणिक पर्यटन बाज़ार 2025 में अनुमानित आय लगभग 2.9 लाख करोड़ रुपए के आसपास रही है। शैक्षणिक पर्यटन में मनोरंजन के साथ ज्ञान प्राप्त करना भी पर्यटक का मुख्य उद्देश्य होता है। पर्यटक व्यक्तिगत या समूहों में विद्यार्थी के रूप में देश-विदेश, प्रदेश, जिला, नगर, पंचायत, गांव, परिवारों या व्यक्ति तक पहुंचता है। उस स्थान पर जाकर वहां की कला, लोक संस्कृति का अनुभव करता है। क्षेत्र की परंपराओं का सम्मान करना भी सीखता है। वहां की दिनचर्या को अपने जीवन में उतारता है। वहां से कुछ न कुछ सिखता ही है । वापसी पहुंच कर औरों को भी प्रेरित करता है। जापान अपनी संस्कृति को संजोने के लिए विश्व प्रसिद्ध है। जापान की एक कंटेंट क्रिएटर जो हिंदी भाषा में वीडियो बनाती है। अपने देश और भारत की संस्कृति की तुलना करती हुई एक वीडियो में कहती हैं। मेरे देश जापान में केवल एक भाषा ही प्रमुख रूप से बोली जाती है, किंतु भारत में इतनी अधिक भाषाएं और बोलियां हैं, यह जानकार मुझे बहुत अच्छा लगता है।

शैक्षणिक पर्यटन का लोकप्रिय या महत्वपूर्ण अंग संबंधित क्षेत्र की स्थानीय भाषा-बोलियां तथा लिपियों को सीखना भी हैं। हिमाचल प्रदेश इस संबंध में बहुत समृद्ध है। प्रत्येक जिले की अपनी भाषाएं-बोलियां हैं। बोलने तथा समझने वालों की संख्या अच्छी खासी है। इन भाषा-बोलियों को कश्मीर की शारदा लिपि से जन्मी हिमाचल प्रदेश की लोक लिपि टांकरी में लिखा जाता था। टांकरी लिपि का प्रचलन का काल खंड 13वीं शताब्दी से हिमाचल के राज्य काल (रियासत काल) तक रहा है। उसके पश्चात प्रचलन ना मात्र ही रहा था। टांकरी लिपि में भी क्षेत्रीयता पर विविधता है। शारदा से जन्मी हिमाचल प्रदेश की अन्य लिपियां जिनका प्रचलन समुदायों, सिमित क्षेत्र या परिवारों तक ही सीमित रहा उनमें चंदवानी, पावुची, पंडवाणी, भट्टाक्षरी, लन्वा लिपियां हैं।



हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में बारह जिले हैं। सभी जिलों की अपनी-अपनी लोक संस्कृति है। भाषा-बोलियों के कई रूप। इन हिमाचली क्षेत्रों में प्रचलित भाषा-बोलियों को लिखने के लिए अपनी लिपियां भी हैं। इन प्राचीन लिपियों के अभिलेख हिमाचल के गांव-गांव में उपलब्ध हैं। विशेषकर टांकरी लिपि तथा स्थानीय भाषा-बोलियों में हिमाचल से संबंधित लोक साहित्य, इतिहास, तंत्र, ज्योतिष , भूगोल, वास्तु , पंचांग, रामायण, महाभारत, आयुर्वेद, गणित इत्यादि की ढेरों पांडुलिपियां उपलब्ध है।

शिलालेख, धातु पत्र, भोज पत्र, काष्ठफलक, देवी देवताओं से संबंधित मोहरों, वाद्ययंत्रों, बर्तनों, पहाड़ी चित्रकला के चित्रों, राज्यकाल से संबंधित हस्तलेख, पत्र, भूमि संबंधी एफिडेविट और कागद, व्यापारी वर्ग के बहिखाते, आमजन के पत्र इत्यादि ऐसे अद्भुत अभिलेख टांकरी लिपि में प्राप्त हुए हैं। हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध और बहुआयामी है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से संस्कृत भाषा से संबंधित बहुमूल्य पांडुलिपियां तथा भारत की प्राचीन लिपियों के अभिलेख प्राप्त हुए हैं, जो हिमाचल की प्राचीन ज्ञान-परंपरा को प्रमाणित करते हैं। हिमाचल प्रदेश के लेखकों, साहित्यकारों और इतिहासकारों ने लोक संस्कृति पर आधारित अनेक पुस्तकें प्रदेश की विविध भाषा-बोलियों में प्रकाशित की हैं। कई पत्र-पत्रिकाएं वर्षों से इस सांस्कृतिक संरक्षण के कार्य में संलग्न हैं।

आकाशवाणी शिमला प्रतिदिन स्थानीय भाषाओं में समाचारों के साथ लोकगीतों का प्रसारण कर रही है, जबकि डीडी हिमाचल सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कलाकारों को मंच प्रदान कर रहा है। हिमाचल भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा हिमाचल कला, संस्कृति और भाषा अकादमी भी इस दिशा में निरंतर कार्यरत हैं। लोक कलाकारों, बजंतरियों, देवी-देवताओं से जुड़े संगीतकारों ने देश-विदेश में हिमाचली संगीत को पहचान दिलाई है।

आज इंटरनेट और सोशल मीडिया दुर्गम क्षेत्रों के लोगों के लिए सशक्त माध्यम बने हैं, जिनसे वे अपनी मातृभाषा में कंटेंट निर्माण, भाषा शिक्षण और आजीविका अर्जन कर रहे हैं। शैक्षणिक पर्यटन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है। आधुनिक तकनीक और समन्वित प्रयासों से हिमाचल की भाषाएं, बोलियां और लिपियां लोकल से ग्लोबल की यात्रा तय कर सकती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आर्द्रभूमियां : जैव विविधता से परिपूर्ण अद्वितीय पारिस्थितिकी तंत्र

आर्द्रभूमियां (वेटलैंड्स) पृथ्वी के वे भू-भाग हैं जहां वर्षभर, लगातार या मौसमी रूप से, जल की उपस्थिति बनी रहती है। इनमें झीलें, नाले, नदियां, दलदल, कीचड़युक्त क्षेत्र, आर्द्र घासभूमि, नदी मुहाने, डेल्टा, मैंग्रोव और तटीय क्षेत्र सहित मानव-निर्मित विविध जलाशय सम्मिलित हैं। अपने मध्यवर्ती स्वरूप के कारण आर्द्रभूमियां न तो पूर्णतः जलीय होती हैं और न ही स्थलीय। यही विशिष्ट परिस्थितियां इन्हें वनस्पतियों, जीवों और सूक्ष्मजीवों के अत्यंत विविध समुदायों के लिए आदर्श आवास बनाती हैं। जैव विविधता के संरक्षण के साथ-साथ ये मीठे पानी की उपलब्धता, भू-जल पुनर्भरण, बाढ़ नियंत्रण, कार्बन संचयन और जलवायु नियंत्रण जैसी अनेक पारिस्थितिक सेवाएं भी प्रदान करती हैं। आर्द्रभूमियों के वैश्विक महत्व को रेखांकित करने तथा इनके संरक्षण व सतत उपयोग में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 2 फरवरी को 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' मनाया जाता है। यह दिन 1971 में ईरान के रामसर शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आर्द्रभूमि सम्मेलन को चिन्हित करता है। जैविक विविधता दृष्टि से अति-महत्वपूर्ण आर्द्रभूमियों को 'अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि' या 'रामसर स्थल' का दर्जा दिया जाता है। विश्व में ऐसे 2500 से अधिक स्थल 25 लाख वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्रफल में फैले हैं।



डॉ. जगदीप वर्मा
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत 1982 में रामसर संधि का सदस्य बना, और वर्तमान में देश में लगभग 14,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली 96 रामसर आर्द्रभूमियां मौजूद हैं।

हिमाचल प्रदेश में लगभग दो हजार छोटी-बड़ी आर्द्रभूमियां हैं, जिनमें से केवल तीन-पौंग बांध आर्द्रभूमि, रेणुका झील और चंद्रताल को रामसर स्थल घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त रिवालसर और खज्जियार झीलों को राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमियों का दर्जा प्राप्त है। पौंग बांध आर्द्रभूमि, जिसे महाराणा प्रताप सागर के नाम से भी जाना जाता है, कांगड़ा जिले में स्थित और लगभग 156.62 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली उत्तरी भारत की सबसे बड़ी मानव-निर्मित आर्द्रभूमियों में से एक है। यह प्रवासी जलपक्षियों के प्रमुख प्रजनन एवं विश्राम स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। यहां गिद्ध, काली-दुम वाला गुडेरा, कलपेटी कुररी, शाही गरुड़, चित्तीदार चील और पनचीरा जैसी लुप्तप्राय पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। नीलगाय, सांभर, हिरण, जंगली सूअर, ऊदबिलाव, तेंदुआ, साही और सियार जैसे स्तनधारी भी यहां निवास करते हैं।



यह आर्द्रभूमि समृद्ध वनस्पति का भी केंद्र है जहां जामुन, आम, सहतूत, फेगरा, आमला, अनारदाना, कैंथ, खट्टा प्रजाति के फल, बेलपत्री, कसमल और रसभरी सहित अनेक जंगली खाद्य पौधे उगते हैं। रेणुका आर्द्रभूमि, मात्र 0.2 वर्ग किमी क्षेत्रफल के साथ भारत की सबसे छोटी रामसर साइट है, जो पोषक तत्व चक्रण, जल शुद्धिकरण और जैव विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वहीं, लाहौल-स्पीति में 4420 मीटर की ऊंचाई पर स्थित चंद्रताल एक प्रमुख उच्च-पहाड़ी आर्द्रभूमि है, जो अनेक दुर्लभ पक्षियों और वन्य जीवों का आवास तथा कुछ प्रजातियों का प्रजनन स्थल है। भारत में आर्द्रभूमियां सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रही हैं।

हिमाचल प्रदेश की कई झीलें तीर्थस्थल के रूप में प्रसिद्ध हैं, जो मानव और प्रकृति के गहरे संबंध को दर्शाती हैं। विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2026 का विषय भी इसी सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करता है। हालांकि, आर्द्रभूमियां मानवजनित गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन से गंभीर खतरे झेल रही हैं। सरकार ने संरक्षण हेतु कई नीतिगत कदम उठाए हैं, किंतु इनके सफल क्रियान्वयन के लिए नागरिकों और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संतुलन की पतली रस्सी पर निर्मला सीतारमण का बजट 2026

आज 1 फरवरी 2026 को संसद में पेश केंद्रीय बजट 2026 ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सरकार आर्थिक अनुशासन और जनता की आकांक्षाओं के बीच संकरी राह पर चल रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाषण की शुरुआत ही स्थिरता, निरंतरता और दीर्घकालिक विकास की सोच से की। कोई अप्रत्याशित लोकलुभावन घोषणाओं का धमाका नहीं हुआ, बल्कि बजट ने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया।



डॉ. प्रियंका सौरभ
स्वतंत्र लेखिका

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

राजकोषीय घाटे को वित्तीय वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत रखा गया, जो पूर्व निर्धारित 4.5 प्रतिशत लक्ष्य से भी नीचे है। यह कदम वित्तीय अनुशासन की मजबूत मिसाल पेश करता है। पूंजीगत व्यय को पिछले वर्ष के 11.2 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 12.5 लाख करोड़ कर दिया गया, जो लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह बढ़ोतरी बुनियादी ढांचे, शहरी विकास परियोजनाओं और डिजिटल तकनीक क्षेत्रों पर केंद्रित है। निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संपत्ति मुद्रीकरण योजना के तहत 10 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्तीय वर्ष में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की थी, लेकिन वैश्विक आर्थिक मंदी, अमेरिका-चीन व्यापार तनाव और घरेलू मुद्रास्फीति जैसी चुनौतियां बरकरार हैं। बजट ने राजकोषीय घाटे को सख्ती से 4.4 प्रतिशत पर नियंत्रित रखा, जबकि प्रभावी राजस्व घाटे को 96,654 करोड़ तक सीमित किया गया, जो जीडीपी का मात्र 0.3 प्रतिशत है। पूंजीगत व्यय पर 12.5 लाख करोड़ का प्रावधान राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन को नई गति देगा। राजमार्ग निर्माण में अतिरिक्त 50,000 किलोमीटर का लक्ष्य, रेलवे विद्युतीकरण और आधुनिकीकरण पर 2.5 लाख करोड़ का आवंटन भविष्य की नींव को अटल बनाने का संकल्प दिखाता है। राज्यों को 1.5 लाख करोड़ रुपए का 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जो संघीय ढांचे को मजबूत करेगा। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल को बढ़ावा देने के लिए कर छूट, एकल खिड़की प्रणाली और तेज मंजूरी प्र्, या जैसे उपाय किए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है-निवेशक आइए, हम पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ये विशाल निवेश ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन करेंगे, या केवल महानगरों की चकाचौंध तक सीमित रहेंगे?




बजट 2026 ने मध्यम वर्ग, जो देश की जीडीपी में करीब 40 प्रतिशत योगदान देता है, को कुछ ठोस कर राहत दी है। मानक कटौती को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख किया गया, वरिष्ठ नागरिकों के लिए और अधिक उदारता। स्लैबों को सरल किया गया-5 लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं। शिक्षा ऋण और किराया टीडीएस की सीमा बढ़ाई गई। दो स्व-व्यवहृत आवासीय संपत्तियों पर कर राहत और आयकर रिटर्न दाखिल करने की अवधि 4 साल कर दी गई। कर संहिता को 819 धाराओं से घटाकर 536 में सरलीकृत करना करदाता को भरोसेमंद भागीदार बनाने की दिशा में अहम कदम है।

कृषि क्षेत्र पर भी विशेष ध्यान है। पीएम-धन-धान्य योजना का विस्तार, फसल विविधीकरण, सिंचाई और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर। पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड सीमा वृद्धि और मत्स्य पालन के लिए नई पहलें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देंगी।

महिला सशक्तिकरण को लक्ष्मी वंदना योजना, स्वरोजगार ऋण और पंचायतों के लिए 10,000 करोड़ रुपए के प्रावधान के जरिए बढ़ावा मिला है।

युवा शक्ति के लिए शिक्षा, स्किल इंडिया, इंटर्नशिप योजना और स्टार्टअप फंड का बड़ा बजट रोजगार और उद्यमिता के अवसर पैदा करेगा। तकनीक और नवाचार के लिए एआई केंद्र, 5जी नीलामी, डिजिटल इंडिया और स्वच्छ ऊर्जा पर 5 लाख करोड़ रुपये की योजना भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा दिखाती है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 : भारत की अर्थव्यवस्था का सशक्त और लचीला स्वरूप

आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 ने भारत की अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति, संरचनात्मक बदलावों, नीतिगत प्रयासों और भविष्य की संभावनाओं का व्यापक चित्र प्रस्तुत किया है। यह सर्वेक्षण बजट से पहले संसद में पेश किया गया था और सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं और रणनीतियों को समझने का महत्वपूर्ण दस्तावेज माना जाता है।

वैश्विक मंदी, भू-राजनीतिक तनाव, आपूर्ति-श्रृंखला बाधाओं और वित्तीय अनिश्चितताओं के बीच यह सर्वेक्षण भारत की अर्थव्यवस्था को एक सशक्त, लचीली और उभरती वैश्विक शक्ति के रूप में दर्शाता है।



विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर, राजनीतिक विज्ञान व समाजशास्त्र, सोलन

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर लगभग 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह न केवल वैश्विक औसत से अधिक है, बल्कि भारत को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बनाए रखने में भी सहायक है। इस वृद्धि का आधार घरेलू मांग, निजी उपभोग और सेवा क्षेत्र की मजबूती है। अब भारत की आर्थिक वृद्धि केवल बाहरी कारकों पर निर्भर नहीं है, बल्कि आंतरिक आर्थिक शक्ति के कारण अधिक आत्मनिर्भर और स्थिर होती जा रही है।

घरेलू मांग में निरंतर वृद्धि एक महत्वपूर्ण संकेत है। निजी अंतिम उपभोग व्यय में बढ़ोतरी दर्शाती है कि उपभोक्ता विश्वास मजबूत है और रोजगार, आय तथा सामाजिक सुरक्षा से संबंधित नीतियों का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। शहरीकरण, मध्यम वर्ग का विस्तार और डिजिटल भुगतान प्रणाली के बढ़ते उपयोग ने उपभोग आधारित विकास को गति दी है। सेवा क्षेत्र अब भारत की वृद्धि का प्रमुख इंजन बनकर उभरा है। सूचना प्रौद्योगिकी, डिजिटल सेवाएं, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और व्यवसायिक सेवाओं ने न केवल आर्थिक वृद्धि को गति दी है, बल्कि रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सेवा क्षेत्र के निर्यात में वृद्धि से भारत की विदेशी मुद्रा आय में सुधार हुआ और वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत हुई।




मुद्रास्फीति के संदर्भ में सर्वेक्षण ने संतुलित और सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत की है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति नियंत्रण में रही, जिससे आम नागरिकों की क्रय शक्ति बनी रही। खाद्य कीमतों में स्थिरता, बेहतर कृषि उत्पादन, कुशल भंडारण और आपूर्ति-श्रृंखला प्रबंधन ने महंगाई पर अंकुश लगाया। भारतीय रिजर्व बैंक की संतुलित मौद्रिक नीति ने भी आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में योगदान दिया है।

बाह्य आर्थिक संकेतक भी संतोषजनक पाए गए हैं। वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में निरंतर वृद्धि से विदेशी मुद्रा अर्जन में सुधार हुआ है। चालू खाता घाटा प्रबंधनीय स्तर पर बना हुआ है और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार ने भारत को वैश्विक वित्तीय अस्थिरता से सुरक्षित रखा है। निवेश और अवसंरचना विकास आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के प्रमुख स्तंभ हैं। पूंजीगत व्यय में वृद्धि से सड़क, रेल, बंदरगाह, ऊर्जा और डिजिटल अवसंरचना में सुधार हुआ है, जिससे उत्पादन लागत घटती है और व्यापार सुगम होता है। कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास पर जोर, फसल विविधीकरण, सिंचाई परियोजनाएं और किसान कल्याण योजनाएं ग्रामीण आय बढ़ाने में मदद करेंगी। रोजगार सृजन, कौशल विकास और स्टार्टअप संस्कृति युवाओं को अवसर देंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय समावेशन में सुधार मानव विकास को बढ़ाएगा। वैश्विक जोखिमों के बावजूद नवाचार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और हरित ऊर्जा भारत को प्रतिस्पर्धात्मक, समावेशी और टिकाऊ विकास की ओर ले जाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बजट को भाजपा ने बताया लाभकारी, कांग्रेस ने दिया दिशाहीन करार

बजट परिचर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** *केंद्रीय बजट 2026 पर मंडी जिले में मिली मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली। भाजपा नेताओं ने इसे गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के हित में सकारात्मक बताया, साथ ही ग्रामीण विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार पर जोर की सराहना की। वहीं कांग्रेस नेताओं ने बजट को दिशाहीन, हिमाचल विरोधी और चुनावी केंद्रित करार देते हुए प्रदेश की उपेक्षा का आरोप लगा रहे हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और रोजगार जैसे क्षेत्रों में बजट के प्रभाव को लेकर अलग-अलग मत सामने आए।*

## विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम: अजय चौहान



**सरकाघाट** में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव अजय चौहान ने संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026 का स्वागत करते हुए इसे 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे आर्थिक मजबूती और सामाजिक संतुलन दोनों सुनिश्चित होंगे। चौहान ने बताया कि ग्रामीण विकास, सड़क और बुनियादी ढांचा, कृषि, स्वरोज़गार और पर्यटन को प्राथमिकता दी गई है, जिससे हिमाचल के दूरदराज़ क्षेत्रों में विकास की गति तेज होगी। उन्होंने बजट को राजकोषीय अनुशासन के साथ समावेशी विकास का उदाहरण बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया।

## पार्षद दर्शन ने बजट पर जताई नाराजगी



**नगर** निगम मंडी के मनोनीत पार्षद दर्शन ठाकुर ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत 2026-27 के बजट की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि हिमाचल की अनदेखी फिर से हुई है और राज्य को आवश्यक विशेष पैकेज नहीं मिला, जबकि आपदा के दौरान प्रदेश को भारी नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से मिलने के बावजूद हिमाचल के हितों की अनदेखी की गई है।

## हिमाचल की अनदेखी: एनके पंडित



मंडी कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एन के पंडित ने मोदी सरकार द्वारा पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी और इसे दिशाहीन करार दिया। एन के पंडित ने कहा कि इस बजट में हिमाचल प्रदेश की पूरी तरह अनदेखी हुई है और राज्य के हितों की उपेक्षा की गई है। उन्होंने इनकम टैक्स की आयकर सीमा न बढ़ाने को जनता के साथ धोखा बताया और कहा कि यह बजट आम लोगों की उम्मीदों के अनुरूप नहीं है। एनके पंडित ने बजट को पूर्ण रूप से खारिज करते हुए इसे जनविरोधी और प्रदेश विरोधी बताया।

## केंद्र का बजट-नई बोतल में पुरानी शराब: आजाद



**हिमाचल** प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पूर्व राज्य प्रवक्ता व वरिष्ठ कांग्रेस नेता डाज़ जय कुमार आजाद ने केन्द्रीय बजट को दिशाहीन बताते हुए इसे नई बोतल में पुराने शराब की संज्ञा दी है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डाज़ आजाद ने कहा कि इस बजट से समाज के हर वर्ग में निराशा उत्पन्न होगी व शिक्षा, स्वास्थ्य तथा रोजगार के क्षेत्रों में नये अवसरों में कोई भी ईजाफा नहीं होगा। किसान, बागबान,युवा,छात्र, बेरोजगार, कर्मचारी सहित हर वर्ग की घोर उपेक्षा हुई है जिससे विकास व रोजगार की गाड़ी पटरी से उतर जायेगी। हिमाचल प्रदेश के साथ मोदी सरकार ने एक बार फिर अपने आम बजट में भेदभाव ही नहीं अपितु सौतेला व्यवहार भी किया है।

## विकसित भारत की मजबूत नींव: इंद्र सिंह



**मंडी।** चक्कर स्थित चक्र आस्था अस्पताल सभागार में आयोजित 'बजट प्रस्तुतिकरण एवं मीडिया संवाद' कार्यक्रम में बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत-2047 की दिशा में ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि बजट युवा, किसान, महिलाएं, बागवान, व्यापारी, एसएमई और मध्यम वर्ग सहित हर वर्ग के हित में है। स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्सटाइल पार्क, व रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है। पहाड़ी राज्यों हिमाचल, जे एंडके और उत्तराखंड के लिए विशेष प्रावधानों से पर्यटन व विकास को गति मिलेगी।

## स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लाभकारी: डॉ. वंदना



**मंडी।** आस्था हॉस्पिटल, चक्कर की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना जग्गी ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एक महिला द्वारा नौवीं बार बजट प्रस्तुत करना ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह बजट सर्वस्पर्शी है, जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। जिला अस्पतालों के सशक्तिकरण, बायो-फार्मा सेक्टर, आयुर्वेद तथा मनोचिकित्सा से जुड़े प्रावधान अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि ये कदम देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करेंगे।

## पवन ने बजट को बताया निराशाजनक



**सरकाघाट** में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं पूर्व प्रत्याशी पवन ठाकुर ने केंद्रीय बजट को पूरी तरह दिशाहीन और निराशाजनक करार दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को इस बजट से कोई विशेष वित्तीय पैकेज या विकास योजना नहीं मिली, जबकि प्रदेश की भौगोलिक और आपदाग्रस्त परिस्थितियों को ध्यान में रखा जाना चाहिए था। पवन ठाकुर ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार केवल आंकड़ों के मायाजाल में जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने बजट में मध्यम वर्ग, किसानों, बागवानों, बुनियादी ढांचे और रोजगार के लिए ठोस योजना न होने को निराशाजनक बताया।

## चुनावी बजट: हीरा पाल



**हीरा** पाल सिंह पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बजट में चुनावी दृष्टि स्पष्ट झलकती है, खासकर बंगाल, असम और उत्तर-पूर्व राज्यों में। आम जनता, किसानों, मजदूरों और बेरोजगार युवाओं के लिए ठोस कदम नहीं दिखते, महंगाई पर कोई विशेष उपाय नहीं हैं। उन्होंने बजट को 'पुरानी शराब नई बोतल' बताया और कहा कि राष्ट्रीय विकास के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और रोजगार पर ध्यान नहीं दिया गया।

## हिमाचल से हुआ अन्याय

**सरकाघाट** में युवा कांग्रेस और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हिमाचल एनएसयूआई यदोपति ठाकुर ने केंद्रीय बजट को हिमाचल के साथ खुला अन्याय और धोखा बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश से 4 लोकसभा और 3 राज्यसभा सांसद होने के बावजूद बजट में हिमाचल को कोई विशेष राहत या विकास पैकेज नहीं मिला। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार, स्वरोजगार और उद्योगों के लिए कोई ठोस योजना नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु की शिक्षाओं के अनुसरण का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, बालक राम, पंडोह।** गुरु रविदास जी की 649वी जयंती समुचे हिमाचल प्रदेश में धूमधाम से मनाई गई। जिसका केन्द्र मंडी का रवि नगर रहता है। जहां राजयभर से रविदास जी के भक्त जुटते हैं और गुरू महिमा का गुणगान करते हैं। जिसमें शोभायात्रा सबसे प्रमुख कारज होता है। गुरुद्वारे में भजन कीर्तन और निशान साहिब की सेवा की जाती है। इसी तरह से पडोह क्षेत्र में भी संत शिरोमणि जयंती की धूम रहती है। पंडोह के नाडी में शोभायात्रा और गुरू जी का अटुट लंगर लगाया गया। जबकि पड़ोस के दुर्गम गांव धडोल में शनिवार रात भर गुरु जी का गुणगान किया गया। भजन कीर्तन किया गया। ग्रामीण बैंक से वरिष्ठ मैनेजर हरबंस लाल ने अतिथि के रूप में सभी रस्में अदा की। इस अवसर पर समाजसेवी बी आर भाटिया भी उपस्थित रहे।

### विभा शर्मा को मिला 'श्री चक्र सम्मान'

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** देहरादून में आयोजित ज्योतिष महाकुंभ-2026 में जोगिंद्रनगर की ज्योतिर्विद विभा शर्मा को वैदिक ज्योतिष के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए 'श्री चक्र सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस सम्मान से न केवल विभा शर्मा बल्कि श्री शारदा ज्योतिष निकेतन और जोगिंद्रनगर क्षेत्र को भी गर्व महसूस हुआ। कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वामी चिदानंद मुनि और सुप्रसिद्ध ज्योतिर्विद के. दुबे 'पद्मेश' उपस्थित रहे। विभा शर्मा ने कहा कि ज्योतिष अंधविश्वास नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और गणनात्मक शास्त्र है, जिसका उद्देश्य समाज को सही दिशा दिखाना और जीवन में संतुलन स्थापित करना है। इस अवसर पर कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा, पं. खींव राज शर्मा और शीतल शर्मा को भी सम्मानित किया गया।

### नुक्कड़ नाटक से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**अनंत ज्ञान, कविता, पधर।** परिवहन विभाग मंडी के सौजन्य से उपमंडल मुख्यालय पधर में सड़क सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम पधर चौक स्थित बस ठहराव परिसर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर आकार थियेटर सोसाइटी कोटली के कलाकारों ने गीतों एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली नाट्य मंचन में तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाना, सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए ड्राइविंग तथा नशे की हालत में वाहन चलाने जैसे खतरनाक कारणों को दर्शाया और उनसे होने वाले गंभीर दुष्परिणामों को सरल व रोचक ढंग से प्रस्तुत किया।

### दारपा मंडल में हिंदू सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला सरकाघाट के खंड गोपालपुर के दारपा मंडल अंतर्गत पंचायत बकारटा और दारपा के निवासियों द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत शास्त्री बलदेव तथा मुख्य वक्ता विभाग संपर्क प्रमुख संदीप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने समाज में पनप रही कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष करने, हिंदू समाज की एकता को सुदृढ़ करने, स्वदेशी अपनाने और गुलाम मानसिकता से बाहर निकलने का आह्वान किया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि ने आयोजकों को साधुवाद दिया। आयोजन के संयोजक भारतीय सेना से सेवानिवृत्त मनोहर राणा रहे। कार्यक्रम में मंडल पालक रवि राणा, खंड कार्यवाह प्रवीण, समस्त समिति सदस्य रत्न, कमलेश नेगी, शशिपाल, कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह प्रेमी, प्रेमचंद वर्मा सहित कई उपस्थित रहे।

### धीमान की 'झेड़े' पुस्तक का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी में बागर साहित्य परिषद की मशहूर पत्रिका बागर के संपादक प्रकाशचंद्र धीमान की पुस्तक 'हिमाचल की लोक गाथाएंः झेड़े' का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रथम सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार जगदीश कपूर ने की। विधायक गांधी ने कहा कि कविता समाज का पहरेदार होती है, अन्याय के विरुद्ध खड़ी होती है और पीड़ा को स्वर देती है। उन्होंने बागर साहित्य परिषद को अपनी ऐच्छिक निधि से 50,000 देने की घोषणा भी की। समारोह के दूसरे सत्र में राज्यस्तरीय बहुभाषी कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मंडी, बिलासपुर, शिमला, कांगड़ा और चंबा के कवियों ने हिंदी और पहाड़ी में कविताएं प्रस्तुत कीं। मंच का संचालन कवयित्री प्रियंवदा ने किया।

### कांग्रेस कार्यकर्ता अर्चना धीमान सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद के वार्ड नंबर-7 की महिला कांग्रेस कार्यकर्ता अर्चना धीमान को पार्टी के प्रति समर्पित सेवाओं और प्रदेश सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सम्मानित किया गया। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव जीवन ठाकुर ने उन्हें टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीवन ठाकुर ने कहा कि अर्चना धीमान कांग्रेस पार्टी की एक अनुशासित, कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने हमेशा पार्टी हित में सक्रिय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि अर्चना का कार्य अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है और सभी को उनसे सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अर्चना धीमान इससे पहले वर्ष 2023 में कांग्रेस पार्टी की यूथ ब्रिगेड में सचिव के पद पर रहते हुए भी सराहनीय कार्य कर चुकी हैं और संगठन को मजबूती देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मान समारोह के दौरान पार्षद प्यार चंद सहित कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अर्चना धीमान को बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की गई।

### चौहार घाटी में महिलाओं के लिए प्राकृतिक खेती उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** बरोट के गांव लदरूहीं में चौहार घाटी की सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट एंड एक्शन थल्टूखोड़ ने डीएएसआरए मुंबई के आर्थिक सहयोग से आय सृजन और आजीविका संवर्धन के तहत महिलाओं के लिए प्राकृतिक खेती उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें विकास खंड चौंतड़ा की 27 महिलाएं शामिल हुईं। संस्था प्रमुख अमर सिंह कोंडल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना और महिलाओं को पौष्टिक व्यंजन बनाना सिखाना है, जिससे वे अपनी आय बढ़ा सकें और परिवार के स्वास्थ्य में सुधार कर सकें। प्रशिक्षण में कंगनी की इडली, खीर, कोदरे के सीड्डू, रागी का चिल्ला, बाजरे के मिड्डू और नारियल की चटनी सहित आठ प्रमुख व्यंजन बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकल नारी शक्ति संगठन की महिलाएं और संस्था कार्यकर्ता शामिल रही।

## दुर्घटना में दिवंगत पांच युवाओं की स्मृति में हुई क्रिकेट स्पर्धा

अनंत ज्ञान

◆ युवाओं को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार घाटी की ग्राम पंचायत धमच्याण के अंतर्गत आने वाले धमच्याण गांव में आयोजित फॉर एवर मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन रविवार को बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में द्रंग विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी उदयनंद शर्मा तथा स्थानीय पंचायत से संबंध रखने वाले युवा नेता लक्की ठाकुर ने शिरकत कर समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर उदयनंद शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष एक कार दुर्घटना में पांच युवाओं की असामयिक मृत्यु हो गई थी, जिनकी स्मृति में इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने इस सराहनीय पहल के लिए आयोजकों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखने का एक सशक्त माध्यम है। युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें।

शर्मा ने बताया कि उन्होंने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के संपूर्ण इलाके की उन्नीस दिन की यात्रा की थी, जिसे 'हर गांव दस्तक यात्रा' नाम दिया गया। इस यात्रा के दौरान चौहार घाटी सहित क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाई गई, जिसमें माता-बहनों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित की। विशेष रूप से उपस्थित लक्की ठाकुर ने भी अपने संबोधन में कहा कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र में नशे के खिलाफ व्यापक मुहिम चलाई जा रही है। आयोजकों ने उदयनंद शर्मा तथा लक्की ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चौहार घाटी में दु:ख की हर घड़ी में इन दोनों समाजसेवियों ने सदैव साथ खड़े होकर सहयोग किया है। समारोह के दौरान मुख्यातिथि द्वारा आयोजकों की ओर से विजेता टीम को एक लाख रुपये तथा उपविजेता टीम को पचास हजार रुपये की नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## धनोटू-नगवाहन संपर्क मार्ग दे रहा हादसों का न्योता

### गहरे गड्ढों और टूटी नालियों के बीच स्थानीय लोग परेशान, विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान मुद्दा



धनोटू-नगवाहन संपर्क मार्ग की खस्ताहालत। अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सड़क मार्गों का एक बड़ा भाग नाम के अनुरूप यानि प्रधानमंत्री जैसे पद की गरिमा का जरा भी ख्याल न कर जहां यह सड़क मार्ग उपेक्षित हालत में सुधरने की राह देख रहा है

वहीं अन्य मार्गों की हालत दयनीय बनी हुई है जिससे वाहन चालकों सहित अन्य कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। फैलते प्रदूषण एवं बदबू मारती गंदी नाली से अटा पड़ा लोक निर्माण विभाग के धनोटू स्थित कार्यालय की नाक तले का गांव नगवाहन आदि को जाता संपर्क मार्ग वर्षों से खस्ता हालत में देखा जा सकता है जो तख्ती की स्याही की भांति धुला-बदसूरत नजर आता है। गांव धनोटू की घनी आबादी से होकर आगे गांव नगवाहन तथा अन्य घनी आबादी को जोड़ता यह मार्ग जिसे नाचन क्षेत्र में एक बड़ा सर्कुलर रोड का नाम दिया गया है बुरी तरह उखड़ कर गहरे गड्ढों की चपेट में आ गया है और आधी अधूरी हालत में बनी नाली दबी खपी हालत में बास मार रही है ऐसी बुरी स्थिति में कीचड़ आदि गंदगी में भी डूबे इस मार्ग सहित नाली सुधार बड़े स्तर पर करने की मांग लंबित पड़ी है।

यही नहीं धनोटू के यहां गहरे तालाब से सटा यह मार्ग तालाब की ओर डूबी -बैठी सी हालत में बुरी तरह ढलान लिए हुआ है जो संबंधित विभाग की तकनीक पर भी सवालिया निशान लगा रहा है क्योंकि सुरक्षा के दृष्टिगत मार्ग की तालाब जितनी लंबाई पर एक भी पैरापिट न लगाए जाने से यातायात खतरे में पड़ना स्वाभाविक सी बात है।

यह एक ऐसा मार्ग है जो नाचन सहित अन्य क्षेत्रों के छोटे बड़े वाहनों को लेकर हमेशा व्यस्त रहता है व थोड़ी सी चूक होने पर वाहन आदि सीधा गहरे तालाब में समा सकता है जिससे एक बड़ी सड़क दुर्घटना हो सकती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग की तमाम हालत को सुधारने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम न करके भेदभाव बरता जा रहा है जिससे अपने हाल पर छोड़े गए धनोटू-नगवाहन मार्ग की हालत दिन प्रतिदिन बद से बदतर होती जा रही है जो पदयात्रियों के लिए भी जी का जंजाल इसलिए भी बना है चूंकि जगह-जगह कीचड़ गंदा पानी खड़ा होता है और वाहन चलने की स्थिति में पानी-कीचड़ उछलकर विद्यार्थियों सहित अन्य लोगों की ड्रेस एवं कपड़ों को खराब करता है।

लोगों मित्रदेव, प्रविंद्र भारती, जय कुमार, नैण सिंह, देवेंद्र कुमार, संजू, अंजू, प्रियंका,काका, शक्ति सिंह, संदेश राजपूत आदि ने डीसी मंडी से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि तालाब जितने मार्ग हिस्से में जहां पैरापिट या सुरक्षा दीवार लगाना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है वहीं आधी अधूरी नाली लिए बदहाली की मार झेल रहे धनोटू-नगवाहन मार्ग को बड़े पैमाने पर तमाम तरह के सुधार के लिए शीघ्रातिशीघ्र कारगर कदम उठाए जाएं।

## हटली पुलिस ने नेरचौक-जाहू हाईवे पर कार से बरामद की 1.389 किलोग्राम चरस, 3 तस्कर किए गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



पुलिस टीम के साथ चरस सहित पकड़े आरोपी। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** जिला मंडी के बल्द्वाडा क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना हटली को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। लगातार बढ़ते नशा तस्करी के मामलों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने 1.389 ग्राम चरस बरामद की और तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया।

हटली पुलिस की टीम ए.एस.आई. शैलेन्द्र और अनिल कुमार ढलवान ने नेरचौक-जाहू हाइवे पर नियमित वाहन जांच के दौरान गुप्त सूचना पर एक सफेद रंग की आल्टो कार (नंबर HP-01-XY-8353) को रोककर तलाशी ली। वाहन में सवार तीन व्यक्तियों के कब्जे से चरस बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ईश्वर दास (38), तीर्थ राज (23) और जीवानन्द (22) के रूप में हुई है। सभी मंडी जिले के विभिन्न गांवों के निवासी हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। रविवार को आरोपियों को जोगिंद्रनगर न्यायालय में पेश किया गया।

एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने पुष्टि की कि आरोपियों से पूछताछ और तकनीकी जांच के माध्यम से चरस के स्रोत और सप्लाई नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य सप्लायर और संभावित खरीदारों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। एसपी ने आम जनता से अपील की कि नशे से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई नशा तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## बालीचौकी बाजार की बदहाल सड़कों को लेकर चक्का जाम की दी चेतावनी

अनंत ज्ञान



बालीचौकी बाजार की बदहाल सड़क तालाब में बदली। अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** एनएच 305 की बदहाली को लेकर अब बालीचौकी व्यापार मंडल ने एनएच अधिकारियों के घेराव एवं चक्का जाम धमकी दी है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष यशवंत शर्मा ने बताया कि इस सड़क मार्ग की बदहाली के चलते वजह से बाजार का व्यापार बहुत प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बार बार आग्रह के बावजूद भी एन एच प्रबंधन सड़क मार्ग की सुध नहीं ले रहा है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने कहा कि सड़क की दशा से पैदल राहगीर और स्कूल के बच्चों का बाजार में चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि वे पिछले एक सप्ताह से लगातार एन एच अधिकारियों से बात कर रहे हैं पर बार बार निवेदन करने पर भी उनके कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। स्थिति को देखते हुए व्यापार मंडल ने सभी व्यापरियों से आग्रह किया है कि क्षेत्र की सड़कों की दयनीय स्थिति को देखते हुए प्रशासन और एन एच अधिकारियों का घेराव किया जाएं और अपने क्षेत्र की भलाई के लिए एकजुट होकर कार्य करें।उन्होंने कहा कि इस दौरान सोमवार को सर्वप्रथम उपमंडल अधिकारी नागरिक से मिलकर एक ज्ञापन देंगे और यदि इस ज्ञापन से भी प्रशासन नहीं जागता है तो भविष्य की आगामी रणनीति तैयार की जाएगी और फिर यदि चक्का जाम भी करना पड़े तो उससे भी हम पीछे नहीं हटेंगे।

## नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में छोटू यादव अध्यक्ष व अजय कुमार वरिष्ठ उपप्रधान



वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ मंडी ने की बैठक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** एनजीओ भवन, भियुलि मंडी में वन वृत मंडी के अंतर्गत वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की चुनावी कार्यवाही लोकतांत्रिक, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। इस प्रक्रिया में पर्यवेक्षक के रूप में चांद राणा, प्रदेशाध्यक्ष, वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ उपस्थित रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में प्रदीप ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष, वन अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, लेखराज, प्रदेशाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग लिपिक वर्ग तथा रजनीश, जिलाध्यक्ष, लिपिक वर्ग, वन वृत मंडी ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। लगभग 200 कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और संगठनात्मक एकता व आपसी सहमति का परिचय देते हुए चुनाव को सफल बनाया। सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से चयनित नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष छोटू यादव, वरिष्ठ उपप्रधान अजय कुमार, महासचिव सुरेश कुमार, सह-सचिव करण कुमार, कोषाध्यक्ष योगेश कुमार, मुख्य सलाहकार भूपेश राणा तथा महिला उपाध्यक्ष मीना कुमारी शामिल हैं। पर्यवेक्षक एवं विशेष अतिथियों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि वे कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान, अधिकारों की रक्षा, सेवा शर्तों में सुधार और संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वक्ताओं ने कर्मचारियों से संगठन के प्रति निष्ठा, अनुशासन और आपसी एकता बनाए रखने का आह्वान किया

## कार्यक्रम | डीएवी स्कूल मंडी में फेयरवेल 'समावर्तन 2026' का किया भव्य आयोजन

# युवा प्रतिभाओं ने बिखेरी अपनी चमक

अनंत ज्ञान



डीएवी मंडी में भव्य समावर्तन में छात्रों को मिले खिताब। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी में वार्षिक विदाई समारोह 'समावर्तन 2026 - संस्कारों से संकल्प तक' का आयोजन अत्यंत उत्साह, भव्यता और शालीनता के साथ संपन्न हुआ, जहां मूल्यों और दूरदर्शिता का अद्भुत संगम देखने को मिला।

समावर्तन नामक यह भव्य आयोजन कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थी की विदाई समारोह (फेयरवेल) स्वरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के कर्मठ एवं दूरदर्शी प्रधानाचार्य आदरणीय के.एस. गुलेरिया और विशिष्ट अतिथि के रूप में शालीन व्यक्तित्व की धनी मैडम वंदना गुलेरिया उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी विद्यार्थियों ने अपने आत्मविश्वास, अनुशासन और बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए पूरे वातावरण को गर्व और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित करना रहा, जिसमें मिस्टर डीएवी तन्मय, मिस डीएवी जपनीत, मिस्टर पर्सनैलिटी आदर्श पाल, मिस पर्सनैलिटी कशिश, मिस्टर चार्मिंग रिद्धवन, मिस चार्मिंग शगुन, मिस्टर डिलिजेंट दक्ष, मिस डिलिजेंट तेनजिन, मिस्टर डिपेंडेबल अंशुमन, मिस डिपेंडेबल ऋषिका, मिस्टर स्टाइलिश सुश्रुत, मिस स्टाइलिश रिधिमा, मिस्टर ग्लैमरस सानिध्य, मिस ग्लैमरस ऐशन्या, मिस्टर वर्सेटाइल सूर्या और मिस वर्सेटाइल इप्शिता, जैसे प्रतिष्ठित खिताब प्रदान कर उनकी चहुंमुखी योग्यता को सराहा गया। इसके अतिरिक्त सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों में कॉमर्स से आकृति वर्धन, ह्यूमैनिटी से महिका, मेडिकल से आर्जव, नॉन मेडिकल आर्यन नेगी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य के.एस. गुलेरिया ने छात्रों के निष्कपट प्रयासों, अनुकरणीय आचरण और उत्साहपूर्ण भागीदारी की प्रशंसा की और उन्हें संस्थान के समृद्ध संस्कारों को आत्मविश्वास व दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई दी। 'समारोह के समापन पर आयोजकों की बेहतरीन प्लानिंग और सटीक तालमेल की जमकर प्रशंसा हुई। आयोजन की सफलता और शानदार व्यवस्था ने इस विदाई समारोह को यादगार बना दिया, जो युवा छात्र-छात्राओं की भविष्य की उपलब्धियों के लिए एक प्रेरणादायक उत्सव साबित हुआ।

इस मौके पर मुख्यातिथि आदरणीय के एस गुलेरिया प्रधानाचार्य डीएवी सीपीएस मंडी व विशिष्ट अतिथि के रूप में मैडम वंदना गुलेरिया सहित संपूर्ण विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम : जीतराम

अनंत ज्ञान

झंडूता। झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे विकास, समावेश व आर्थिक अनुशासन पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देगा। जीतराम कटवाल ने कहा कि बजट में किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग, एमएसएमई, इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा, तकनीक और रक्षा क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन, कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रावधान हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होंगे।

अनंत ज्ञान बजट परिचर्चा

## किसानों, महिलाओं व रक्षा क्षेत्र के लिए लाभकारी है केंद्र का बजट : कृष्ण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भाजपा के बिलासपुर जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट किसानों, महिलाओं व रक्षा क्षेत्र के लिए अत्यंत लाभकारी है। बजट में समावेशी विकास की सोच स्पष्ट दिखाई देती है, जिससे समाज के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। कृष्ण लाल चंदेल ने कहा कि बजट में किसानों की आय बढ़ाने, महिला सशक्तिकरण व देश की सुरक्षा को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। रक्षा क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधान भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं, जिससे सीमाओं की सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाओं व प्रोत्साहनों से उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं किसानों के लिए किए गए प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है और आने वाले समय में इसके सकारात्मक परिणाम देश और प्रदेश दोनों में देखने को मिलेंगे।

## रफ्तार, क्षमता व सबका साथ का विजन समाहित है बजट में : सुमीत



ऊना। भाजपा प्रदेश सचिव कुमार सुमीत शर्मा ने बजट 2026-27 को विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और आर्थिक मजबूती पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बजट का विजन तीन बिंदु रफ्तार जहाँ प्रोडक्टिविटी बढ़ाकर आर्थिक विकास की गति को तेज करना दूसरा क्षमता जिससे लोगों की काबिलियत को निखारना ताकि वे देश की तरक्की में भागीदार बनें और तीसरा सबका साथ जिसमे हर परिवार और क्षेत्र के पास कमाई के पर्याप्त संसाधन और मौके हों। उन्होंने कहा कि लगभग 7 फीसद की मजबूत आर्थिक वृद्धि, 12.2 लाख करोड़ का रिकॉर्ड इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, छोटे शहरों के विकास,छोटेमझोले व मध्यम श्रेणी के उद्योग, स्वास्थ्य, तकनीक और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस देश को नई आर्थिक ऊँचाइयों पर ले जाएगा। सुमीत शर्मा ने कहा कि यह बजट आम नागरिक, युवाओं, उद्योग और किसानों को सशक्त बनाकर विकसित भारत के लक्ष्य को तेज़ी से आगे बढ़ाने वाला बजट है। प्रदेश सचिव ने बताया कि कर्मचारी वर्ग को इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं। रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए 3 महीने का ज्यादा समय दिया। यानी अब 31 दिसंबर के बदले 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल कर सकते हैं। सुमीत ने बताया कि यातायात मे सुविधा को बढ़ाते हुए 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा।

## हिमाचल विरोधी केंद्रीय बजट : देसराज



अनंत ज्ञान, ऊना। जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम ने कहा कि हिमाचल के लोगों को केंद्रीय आम बजट से विशेष राहत पैकेज की उम्मीद थी, लेकिन राहत तो दूर, पुराना सहारा भी छीन लिया गया है। आम जन विरोधी बजट पेश किया गया है। दरअसल, 16वें वित्तायोग ने हिमाचल समेत छोटे राज्यों को दी जाने वाली राजस्व घाटा अनुदान यानी आरडीजी देने की सिफारिश तक नहीं की गई है। केंद्र में हिमाचल के कई प्रमुख नेता प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और इस तरह हिमाचल की उपेक्षा भेदभाव को दर्शाता है। ऐसा बजट जिसके पेश होते ही शेयर मार्किट धड़ाम हो जाए उससे उम्मीद क्या की जा सकती है। भाजपा के लोग बताएं कि इस बजट से हिमाचल को कौन सा लाभ होने वाला है। हिमाचल इतनी बड़ी आपदा के दौर से गुजरा है, लेकिन केंद्र जो पात्र लाभ हैं उनमें भी कटौती या मुश्किल पैदा करके हिमाचल विरोधी होने का प्रमाण दे रहा है।

## समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाला बजट : डॉ. शाम



ऊना। राजकीय महाविद्यालय ऊना के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शाम सिंह बैंस ने केंद्रीय बजट 2026-27 को संतुलित एवं समावेशी बताते हुए कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट का मुख्य उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को हासिल करना है, जिसके तहत बुनियादी ढांचे, विनिर्माण, तकनीक और मानव संसाधन विकास में निवेश बढ़ाया गया है। पूंजीगत व्यय में वृद्धि से रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। डॉ. बैंस ने राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने के प्रयासों को आर्थिक स्थिरता के लिए अहम बताया। कर ढांचे में स्थिरता से निवेशकों और मध्यम वर्ग में विश्वास बढ़ेगा। किसानों, युवाओं, कमजोर वर्गों, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रावधान समावेशी विकास को दर्शाते हैं। उनके अनुसार बजट की सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।

## 'विकसित भारत' की दिशा में एक साहसिक कदम: अरुण कौशल



अनंत ज्ञान, ऊना। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए युवा भाजपा नेता व भाजपा जिला सोशल मीडिया कार्यकारिणी सदस्य अरुण कौशल ने इसे भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला एक 'बैलेंस्ड और ग्रोथ-ओरिएंटेड' बजट बताया है। अरुण कौशल ने बजट के मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार ने बुनियादी ढांचे व तकनीक पर जो दांव लगाया है, वह आने वाले दशकों में भारत की वैश्विक स्थिति को मजबूत करेगा। कौशल ने 12.2 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय के आवंटन की सराहना की। उन्होंने कहा, 'कैपेक्स में 9 फीसदी की वृद्धि यह दर्शाती है कि सरकार का पूरा ध्यान रोजगार सृजन व आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर है। सेमीकंडक्टर और तकनीक: 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स के लिए 40,000 करोड़ रुपए के प्रावधान को उन्होंने गेम-चेंजर बताया। उनके अनुसार, इससे भारत वैश्विक सप्लाई चेन का एक प्रमुख केंद्र बनेगा।

## विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करता है केंद्र का बजट : रणधीर शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। विधायक रणधीर शर्मा ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए इसे जनहितकारी, विकासोन्मुख और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और गरीब सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। रणधीर शर्मा ने कहा कि कृषि, बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार सृजन को प्राथमिकता दिए जाने से हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। बुनियादी ढांचे पर बढ़ा निवेश पर्यटन और कनेक्टिविटी के माध्यम से प्रदेश के विकास को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि यह बजट राजकोषीय अनुशासन के साथ विकास का संतुलन बनाता है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है।

## बजट विकसित भारत के नाम पर छलावा : संदीप



बिलासपुर। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि केंद्र सरकार का बजट आंकड़ो का मायाजाल अधिक व धरातल की योजनाएं कम नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि बजट एक विस्तृत डॉक्यूमेंट होता है, लेकिन केंद्रीय वित्त मंत्री का बजट भाषण के बाद से शेयर मार्केट का धड़ाम से गिरना इंगित करता है बजट में निवेशकों की अनदेखी की गई है। इसके कारण देश में बेरोजगारी बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है, दवाओं के मूल्यों को कम करने लिए कोई खास प्रावधान नहीं किए गए है। संदीप सांख्यान ने कहा कि बजट में हिमाचल जैसे छोटे राज्यों की अनदेखी की गई है। इन राज्यों में आपदा से लड़ने के लिए केंद्रीय बजट कोई विशेष प्रावधान नहीं किए हैं और न ही हिमाचल जैसे छोटे राज्यों के लिए निवेश की कोई योजनाएं लाने की बात कही गई है। संदीप सांख्यान ने कहा कि केंद्रीय बजट में इस बार भी हिमाचल वासियों को पर्यटन की दृष्टि से और नई टनल और ओवर ब्रिजेज बनाने के लिए कोई प्रावधान बजट में नहीं किया गया है, ताकि एक धार से दूसरी धार के मध्य की दूरी को कम किया जा सके।

# न्यूज ब्रीफ

## गोशाला जलकर राख, पशुओं को सुरक्षित निकाला

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। जिला बिलासपुर की ग्राम पंचायत कचौली के अंतर्गत गांव साईं कनेता में देर रात अचानक आग लगने से एक गोशाला पूरी तरह जलकर राख हो गई। यह गोशाला सुरेश कुमार की बताई जा रही है। आगजनी की घटना में गोशाला का काफी नुकसान हो गया है। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए गोशाला में बंधे सभी पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। साथ ही गोशाला से सटे रिहायशी मकान को भी आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर पानी और अन्य साधनों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक सड़क सुविधा न होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर नहीं आ पाती, जिससे आग पर काबू पाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, अगर गांव के लिए सड़क सुविधा होती, तो फायर बिग्रेड की गाड़ी को बुलाकर नुकसान को बचाया जा सकता था। घटना में गोशाला के भीतर रखा चारा, लकड़ी और अन्य सामान पूरी तरह जल गया है।

## राकेश कर्मचारी वर्ग के सच्चे हितैषी : राजन

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने कहा कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया कर्मचारी वर्ग की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हैं और कर्मचारी वर्ग सच्चे हितेषी हैं। राजन शर्मा ने बताया कि कर्मचारी वर्ग की विभिन्न समस्याएं होती हैं, जो संगठनों को काफी बार विधायक महोदय के माध्यम से सरकार तक पहुंचानी होती हैं, तो जब भी कोई कर्मचारी संगठन अपनी मांगों के विषय में ज्ञापन लेकर विधायक राकेश कालिया के पास जाता है, तो विधायक उसकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हैं और हल करने का आश्वासन भी देते हैं जो सराहनीय है, लेक्चरर संघ के प्रांतीय मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने बताया कि लेक्चरर संघ की काफी समय से लंबित मांगें पड़ी हुई हैं और विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन भेजा जाएगा। यूनियन नेता राजन शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार कर्मचारी वर्ग की सच्ची हितेषी है और सरकार ने कर्मचारियों को जो ओल्ड पेंशन दी है, उसको प्रदेश के कर्मचारी सदैव याद रखेंगे।

## भारी वाहनों के आवागमन पर समयबद्ध प्रतिबंध

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला प्रशासन ऊना ने जन सुरक्षा, सुगम यातायात व्यवस्था तथा सड़क क्षति की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए जलग्रां मुख्य मार्ग से शिवालिक कॉलोनी लिंक रोड के बीच भारी लदे ट्रकों के आवागमन को लेकर समयबद्ध प्रतिबंध लागू किए हैं। डीसी व जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार उक्त मार्ग पर प्रतिदिन रात्रि 11:30 से प्रातः 6:30 बजे तक भारी लदे ट्रकों की आवाजाही की अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त समय में भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। जारी आदेशों में कहा गया कि यह मार्ग संकरा होने के साथ-साथ आवासीय क्षेत्र से होकर गुजरता है, जहां रात्रि व प्रातःकाल के समय यातायात का दबाव अधिक रहता है, जिससे जन सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहन, जैसे एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन व पुलिस वाहन, इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। आदेशों के सख्त अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए हैं, जबकि लोक निर्माण विभाग को प्रतिबंधित क्षेत्र के दोनों सिरों पर उपयुक्त साइन बोर्ड स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अधिकारी के विवादास्पद बयान से खेल भावना को चोट

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूल हैंडबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में एक आयोजक अधिकारी द्वारा दिया गया बयान विवाद का कारण बना। अधिकारी ने मंच से कहा कि मेजबान राज्य हिमाचल की टीम ही प्रतियोगिता जीतेगी। इस बयान को खेल की निष्पक्षता व भावना के विपरीत माना जा रहा है। देशभर से आईं 30 टीमों की छात्रा खिलाड़ियों के मनोबल व आत्मविश्वास पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। खेल विशेषज्ञों व प्रेमियों ने इस टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना और दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उनका मानना है कि ऐसे बयान राष्ट्रीय प्रतियोगिता की गरिमा को कम करते हैं व अन्य टीमों को हतोत्साहित करते हैं। आयोजक समिति से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वह भविष्य में ऐसी गलतियों से बचें और एक निष्पक्ष व प्रेरणादायक माहौल सुनिश्चित करे।

## ग्रामीणों को मिला मुफ्त स्वास्थ्य का लाभ

अनंत ज्ञान, जोल। सरस्वती मेहता चैरिटेबल अस्पताल कोटला (चकसराय) के सौजन्य से रविवार को गांव चक्क के यूथ वॉरियर्स अकादमी में एकदिवसीय फिजियोथैरेपी तथा रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चैरिटेबल अस्पताल के डॉ. रविंद्र कुमार (रवि) के द्वारा उपस्थित मरीजों का निशुल्क इलाज व फिजियोथैरेपी के द्वारा कमर दर्द, गर्दन, हाथ व पैरों का सुन्नपन होना तथा जोड़ों के दर्द मरीजों का इलाज किया गया। इस मौके पर लैब टेक्निशन प्रदीप फार्मासिस्ट कर्ण सिंह व उनकी टीम के द्वारा उपस्थित लोगों के निशुल्क रक्त जांच भी की गई। इस मौके पर यूथ वारियर अकादमी के प्रबंधक संजीव कुमार, गुरप्रीत सिंह सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

## गुरु रविदास के प्रकटोत्सव पर संगोष्ठी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर सामाजिक समरसता मंच बिलासपुर द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मंच के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप सिंह चंदेल रहे। मुख्यातिथि ने गुरु रविदास जी की शिक्षाओं और सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रेम, भाईचारे और समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में इंद्र डोगरा, सुशील पुंडीर, अनिल सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। हिमाचल समरसता संयोजक ओमप्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंत में जिला समरसता संयोजक भीम जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गुरु रविदास का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। गोबिंद सागर झील के उस पार बैहना जट्टां पंचायत के डोल गांव में संत शिरोमणी गुरू रविदास जी महाराज का 649वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम गुरू रविदास महाराज समिति के बैनर तले आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रविदासिया धर्म संगठन के प्रदेश प्रचारक नंद लाल ने कहा कि गुरू रविदास जी ने समदर्शिता, समानता और पीड़ित मानवता की निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया। मुख्य अतिथि विपिन बंसल ने कहा कि संत रविदास जी कर्म को प्रधान मानते थे और समाज में समरसता के पुरोधा थे।

## टीजीटी संस्कृत की पदोन्नति विसंगति को दूर करे सरकार : कमलकांत गौतम

अनंत ज्ञान



बिलासपुर। हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद ने शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक पत्र को लेकर असमंजस की स्थिति बनने का आरोप लगाते हुए उसे तत्काल दुरुस्त करने की मांग की है।

बिलासपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कमलकांत गौतम ने कहा कि वर्तमान में टीजीटी संस्कृत को उसी टीजीटी संस्कृत पद पर पदोन्नत किया जा रहा है, जो नियमसंगत नहीं है। पदोन्नति का अर्थ उच्च पद पर जाना होता है, न कि उसी पद पर बने रहना। उन्होंने इसे उदाहरण देते हुए कहा कि यह ऐसा ही है, जैसे किसी डायरेक्टर को पदोन्नति देकर फिर डायरेक्टर ही नियुक्त कर दिया जाए। गौतम ने बताया कि इस विसंगति को लेकर वे मुख्यमंत्री से भी मिल चुके हैं। मुख्यमंत्री ने संस्कृत शिक्षकों के प्रति सद्भावनापूर्ण विचार रखने व मामले पर सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्कृत शिक्षक सरकार के साथ हैं, लेकिन इस तकनीकी त्रुटि को दूर किया जाना जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी मांग उठाई कि हिमाचल प्रदेश में ऐसे कई संस्कृत शिक्षक हैं, जो बीएड के बिना शास्त्री पद पर कार्यरत हैं। उन्हें भी अवसर मिलना चाहिए। परिषद की राज्य स्तरीय बैठक कुमारी आर्मी के टकरेड़ा शिव मंदिर में संपन्न हुई, जिसमें संस्कृत के प्रचार-प्रसार और सशक्तिकरण को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। पत्रकार वार्ता में परिषद के संरक्षक मनोज शैल व सोहनलाल, संगठन मंत्री ललित शर्मा तथा महासचिव डॉ. अमनदीप भी उपस्थित रहे।

## मैहतपुर-बसदेहड़ा में अब शुक्रवार को भी लगेगी सब्जी मंडी

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना जिले के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने मैहतपुर-बसदेहड़ा क्षेत्र में किसान सब्जी मंडी के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, अब सोमवार के साथ-साथ शुक्रवार को भी बसदेहड़ा स्थित ओवरहेड टैंक के पास पुराने स्थल पर किसान सब्जी मंडी का आयोजन किया जाएगा। इस निर्णय से किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी और मंडी व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित होगी। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले के किसानों के हित प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। किसानों को अपनी उपज के विपणन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए मंडी से जुड़ी व्यवस्थाओं को लगातार बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसान सब्जी मंडी प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित की जाएगी। मंडी आयोजन के दौरान संबंधित स्थल पर किसी भी प्रकार के दोपहिया अथवा चारपहिया वाहनों की पार्किंग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी।

## अचानक ढलान पर चलने लगी कार चपेट में आई आल्टो और एक्टिवा

अनंत ज्ञान



चिंतपूर्णी। ऊना जिला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब हरियाणा के कैथल से आए श्रद्धालुओं की इनोवा गाड़ी होटल की पार्किंग से अचानक न्यूटल हालत में ढलान की ओर लुढ़क गई। अनियंत्रित होकर ढलान पर उतरी इस कार ने एक एक्टिवा व दूसरी अल्टो कार को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, श्रद्धालुओं की यह गाड़ी होटल की पार्किंग में खड़ी थी, जो कि न्यूटल मोड पर थी। अचानक ढलान होने के कारण गाड़ी खुद-ब-खुद चलने लगी और चिंतपूर्णी मुख्य मार्ग को पार करते हुए 30 से 40 फुट नीचे तलवाड़ा बाईपास मार्ग पर जाकर रुकी। इस दौरान रास्ते में खड़ी एक एक्टिवा इसकी चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट (टोटल लॉस) हो गई। वहीं, पास खड़ी एक अन्य अल्टो कार को भी टक्कर लगी, जिससे उसे करीब 40 से 50 हजार रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस हादसे की सबसे राहत भरी खबर यह रही कि जिस समय यह कार अनियंत्रित होकर ढलान पर उतर रही थी, उस दौरान कोई भी राहगीर या श्रद्धालु इसकी चपेट में नहीं आया। मुख्य मार्ग होने के बावजूद किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए। दोनों पक्षों द्वारा आपसी समझौता कर लिया गया। इस कारण कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ।

## 6.31 ग्राम चिट्टे के साथ पंजाब का युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। प्रदेश सरकार के 'नशा मुक्त हिमाचल अभियान' के तहत मोईन थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए पंजाब के एक युवक को 6.31 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, देहरा की देखरेख में मोईन पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ छेड़ी गई इस मुहिम में यह एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है। मोईन थाना की टीम जब 'रणिया दी हट्टी' क्षेत्र में नियमित गश्त व नाकेबंदी पर तैनात थी, तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल वहां से गुजरी। टीम ने सतर्कता दिखाते हुए मोटरसाइकिल सवार को रोका। गहन तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 6.31 ग्राम प्रतिबंधित चिट्टा बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान पलविंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो अमृतसर (पंजाब) के चौगावां रुपोवाली का रहने वाला है। मोइन थाना पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही हिरासत में ले लिया व मादक पदार्थ को कब्जे में कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना मोइन में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। पुलिस अब इस मामले के 'बैकवर्ड लिंकेज' खंगाल रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि चिट्टे की यह सप्लाई हिमाचल के किन इलाकों में की जानी थी।

## पोस्टर मेकिंग में प्रथम रही शिल्पा

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय महाविद्यालय ऊना में भारत स्काउट व गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय प्रवेश परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। शिविर के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में प्रो. रवि राज, राज्य समृद्धि समन्वयक (स्टेट ग्रोथ को-ऑर्डिनेटर), भारत स्काउट व गाइड्स उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ किया गया। शिविर की पांच दिवसीय गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट रोवर स्काउट लीडर व कोर्स लीडर डॉ. शाम सिंह बैंस द्वारा प्रस्तुत की गई। किम गेम प्रतियोगिता में रेंजर ईशा व पायल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रेंजर शिल्पा सोढ़ी तथा द्वितीय स्थान रोवर मोहित ने प्राप्त किया।

## रेनबो अस्पताल में हिप रिप्लेसमेंट की जटिल सर्जरी सफल

अनंत ज्ञान

भूपेश नड्डा, घुमारवीं। घुमारवीं स्थित रेनबो अस्पताल में चिकित्सा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। अस्पताल में एक मरीज की हिप रिप्लेसमेंट की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई, जिससे मरीज को लंबे समय से चली आ रही असहनीय पीड़ा से राहत मिली है। सर्जरी के बाद मरीज की हालत स्थिर बताई जा रही है और चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

अस्पताल प्रबंधन की ओर से जानकारी देते हुए अस्पताल की प्रबंधक मोनिका शर्मा ने बताया कि यह सर्जरी अनुभवी ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विवेक व रेनबो टीम में शामिल डॉ. शिखा, ओटीए गुलजार, चीना डॉ. हिल एनेस्थील द्वारा अत्याधुनिक तकनीक व आधुनिक उपकरणों की सहायता से की गई। 60 वर्ष के सुषमा निवासी पट्टा की सफल सर्जरी की गई। उन्होंने बताया कि हिप रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी अत्यंत जटिल मानी जाती है, जिसमें विशेष विशेषज्ञता, सटीक योजना और उच्च



मरीज के साथ उसके परिजन। अनंत ज्ञान

स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं की आवश्यकता होती है। मोनिका शर्मा ने कहा कि रेनबो अस्पताल लगातार क्षेत्र के लोगों को बेहतर व विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

अस्पताल में अब ऐसी उन्नत सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। सर्जरी के उपरांत मरीज को विशेष देखरेख में रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार मरीज तेजी से स्वास्थ्य लाभ कर रहा है और जल्द ही सामान्य दिनचर्या में लौटने की संभावना है। मरीज के परिजनों ने रेनबो अस्पताल की चिकित्सा टीम व प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि घुमारवीं जैसे क्षेत्र में इस प्रकार की उन्नत सर्जरी का सफलतापूर्वक होना स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है।

इससे न केवल क्षेत्र के मरीजों का विश्वास बढ़ा है, बल्कि स्थानीय स्तर पर बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की उम्मीद भी जगी है। रेनबो अस्पताल प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी अस्पताल में आधुनिक तकनीक व विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाओं के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

## आयोजन: मुकेश अग्निहोत्री ने धार्मिक आयोजनों में की शिरकत

# जनकल्याण ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

अनंत ज्ञान

ऊना। श्री गुरु रविदास जयंती के उपलक्ष्य पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोंदपुर, दुलेहड़, बीटन, बालीवाल, ललड़ी, भदसाली, सलोह तथा पंजवार गांवों में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत की।

इस दौरान उन्होंने मंदिरों में माथा टेका तथा प्रबंधक समितियों को कार्यक्रम आयोजन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संत गुरु रविदास जी का जीवन समाज में समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश देता है। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने बिना किसी भेदभाव के मानवता, कर्म और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक आस्था के केंद्रों के संरक्षण, सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र



श्री गुरु रविदास मंदिर में माथा टेकते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

में मंदिरों के विकास पर करोड़ों रुपए व्यय किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें और धार्मिक स्थलों की गरिमा बनी रहे। गुरु रविदास मंदिर कमेटी बालीवाल, ललड़ी, सलोह तथा दुलेहड़ को मंदिरों के सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 25-25 लाख रुपए, पंजवार और हरोली गुरु रविदास मंदिर कमेटी को 15-15 लाख रुपए तथा भदसाली गुरु रविदास मंदिर कमेटी को 71 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशभर में मंदिरों के समग्र विकास को प्राथमिकता दे रही है और हरोली क्षेत्र में धार्मिक स्थलों के विकास को और गति देने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है। इससे सबसे ज़्यादा फ़ायदा हरोली की बच्चियों को मिला है। ग्रामीण बेटियों ने शिक्षा के माध्यम से देश और प्रदेश में हरोली का नाम रोशन किया है। नर्सिंग तथा लॉ कॉलेजों से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थी आज विभिन्न उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। वर्तमान समय में हरोली हल्का शिक्षा के क्षेत्र में आए बदलाव का सशक्त उदाहरण है।

## सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने ग्राम पंचायत धमांदरी में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता व प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और कार्य तय समय सीमा में पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पानी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं, जिनमें से कई का मौके पर समाधान किया गया, जबकि शेष के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। वहीं, संत श्री गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर गुरु रविदास जी महाराज को नमन किया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। विधायक ने उनके विचारों को अपनाकर समरस समाज निर्माण का आह्वान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिवांगी, तमन्ना व भावना बनीं मिस फ्रेशर

अनंत ज्ञान, बरमाना। कोल वैली इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि मंगला हरिंद्रन एजीएम (एचआर) एनटीपीसी कोल डैम रहीं। बीएससी नर्सिंग से शिवांगी, जीएनएम से तमन्ना व पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग से भावना को मिस फ्रेशर चुना गया, जबकि सृष्टि, शिखा व अदिति को मिस पर्सनैलिटी का खिताब मिला। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा।

## मोदर गांव में 15 को निशुल्क चिकित्सा शिविर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हरि ऊं दिव्य ज्योति पतंजलि योगाश्रम ट्रस्ट द्वारा महाशिवरात्रि पर मोदर गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व धार्मिक आयोजन किया जाएगा। स्वामी सुबोधानंद सरस्वती जी ने बताया कि 15 फरवरी को अखंड जाप एवं मेडिकल कैंप तथा 16 फरवरी को हवन यज्ञ व अटूट भंडारे का आयोजन होगा।

## सलोआ स्कूल में बुजुर्गों के लिए जागरूकता कार्यक्रम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला सलोआ में वृद्धावस्था एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के दादा-दादी व नाना-नानी को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में पेंटिंग, पोस्टर व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रधानाचार्य अमित कुमार ने ऐसे आयोजनों को सामाजिक मूल्यों के लिए उपयोगी बताया।

## नम्होल बाजार को फोरलेन से जोड़ने की मांग

अनंत ज्ञान, नम्होल। व्यापार मंडल नम्होल ने पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर के समक्ष फोरलेन से बाजार को दोनों छोरों से जोड़ने की मांग रखी। व्यापारियों ने कहा कि एकतरफा कनेक्टिविटी से व्यापार प्रभावित होगा। पूर्व मंत्री ने समस्या को अधिकारियों के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया।

## होल सेल दुकान में आग, 15 लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। कोहलवीं गांव में एक होल सेल कन्फेक्शनरी की दुकान में आग लगने से लगभग 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ। दुकान मालिक राज कुमार राय के अनुसार सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और दस्तावेज जलकर राख हो गए। पुलिस में मामला दर्ज किया गया है।

## होटल लेक व्यू पर्यटकों के लिए 24 घंटे खुला रहेगा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर मुख्यालय में स्थित होटल लेक व्यू पर्यटको के लिए 24 घंटे सेवाएं देने के लिए दिन-रात अब खुला रहेगा। होटल लेक व्यू बिलासपुर के मैनेजर तुलसीराम ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राजीव कुमार (आईएएस) के दिशा निर्देश होटल लेक व्यू बिलासपुर को पर्यटकों के लिए 24 घंटे खोला जाएगा। पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करने के लिए हिमाचल टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अधिकारी एवं कर्मचारी हमेशा कटिबध है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश का होटल लेक व्यू बिलासपुर पहला होटल बना जो हिमाचल में पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए 24 घंटे खुला रहेगा।

## बरठीं अल्फा स्कूल में रेनबो फेट का आयोजन

अनंत ज्ञान, बरठीं। अल्फा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरठीं में अल्फा रेनबो फेट का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने स्वयं स्टॉल लगाकर पारंपरिक व्यंजन तैयार किए। मुख्यातिथि अधिवक्ता हरीश नड्डा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भरता की दिशा में उपयोगी बताया।

## कुठेड़ा में अपंजीकृत प्रवासियों की जांच की मांग

अनंत ज्ञान, कुठेड़ा। हिंदू रक्षा मंच के जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र ने कुठेड़ा में बिना पंजीकरण रह रहे प्रवासियों की जांच की मांग की है। अपंजीकृत प्रवासी आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं और पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

## छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं स्थित पीएम श्री राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स की अंडर-19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य आगाज हुआ। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने झंडा फहराकर 5 दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया तथा 30 टीमों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने कहा कि घुमारवीं में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्र व प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

# पहाड़ी राज्य हिमाचल के लिए बजट बेहद निराशाजनक : सुंदर ठाकुर

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय बजट हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य के लिए बेहद निराशाजनक है और इसमें न तो राज्य की आर्थिक



जरूरतों को समझा गया है और न ही उसकी भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि बजट में रिवेन्यू डिफिसिट ग्रांट को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है, जो हिमाचल प्रदेश के लिए सबसे बड़ा झटका है। 15वें वित्त आयोग के तहत राज्य को करीब 40 हजार करोड़ रुपये की रिवेन्यू डिफिसिट ग्रांट मिली थी और प्रदेश सरकार को उम्मीद थी कि इस बार भी केंद्र सरकार हिमाचल जैसे विशेष श्रेणी के राज्य को यह सहायता जारी रखेगी ।बजट में इसके लिए कोई प्रावधान न होने से राज्य को सीधे तौर पर 40 हजार करोड़ रुपए का भारी नुकसान उठाना पड़ेगा ।हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से बागवानी और पर्यटन पर निर्भर है, जो राज्य की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं ।इसके बावजूद केंद्रीय बजट में इन दोनों क्षेत्रों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। सेब सहित अन्य कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) को लेकर भी बजट पूरी तरह खामोश रहा, जिससे प्रदेश के बागवानों में निराशा है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, बागवानों, कृषि मजदूरों और युवाओं के कल्याण को लेकर कोई स्पष्ट दिशा नहीं दिखाता। केंद्र सरकार ने हिमाचल जैसे सीमित संसाधनों वाले पहाड़ी राज्य की आवश्यकताओं की अनदेखी की है।

अनंत ज्ञान
बजट परिचर्चा

## केंद्रीय बजट 2026 विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम : सुरेंद्र शौरी



**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए इसे विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट देश के गरीब, किसान, युवा व मध्यम वर्ग को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जिससे आर्थिक मजबूती के साथ सामाजिक संतुलन भी सुनिश्चित होगा। विधायक ने कहा कि बजट में ग्रामीण विकास, सड़क व बुनियादी ढांचे, कृषि, स्वरोजगार व पर्यटन को प्राथमिकता दी गई है, जिसका सीधा लाभ हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्यों को मिलेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन और ग्रामीण आवास जैसी योजनाओं के लिए किए गए प्रावधानों से बंजार विधानसभा क्षेत्र के दूरदराज़ गांवों में विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए आधुनिक कृषि, सिंचाई, भंडारण व बाजार तक पहुंच को मजबूत करने के प्रावधान स्वागत योग्य हैं। वहीं युवाओं के लिए कौशल विकास, स्टार्टअप व रोजगार सृजन पर विशेष फोकस देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। विधायक ने कहा कि बजट में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए विकास को गति दी गई है, जो केंद्र सरकार की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाएगा। अंत में विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को और मजबूत करता है।

## पेंशनर्स व नौकरी पेशा लोगों के लिए बजट निराशाजनक : चिंतपूर्णा



**केंद्रीय** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पेश किया बजट पेंशनरों और नौकरी पेशा लोगों के लिये निराशाजनक है। क्योंकि न तो बजट में आयकर सीमा बढ़ी और न ही पेंशन कम्युटेशन की रिकवरी को 15 साल से घटाकर 12 साल किया गया। जबकि सुप्रीम कोर्ट इस बाबत पहले ही आदेश पारित का चुका है। जब रिटायरमेंट पर कर्मचारियों को केवल 12 साल की पेंशन कम्युटेशन की राशि मिलती है तो 180 महीनों की पेंशन कम्युटेशन की कटौती करना उचित नहीं है। केंद्रीय वित्त मंत्री से आग्रह है आज पेश किये बजट प्रस्तावों पर पुनर्विचार किया जाए और आयकर सीमा को 12 लाख से बढ़ाकर 15 लाख रूपये कर नौकरी पेशा लोगों को आयकर में राहत दी जाये जाए। पेंशनरों और नौकरीपेशा लोगों के लिये मानक कटौती 75 हज़ार रूपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपए की जाए। केंद्रीय कर्मचारियों के लिये 8वें वेतन आयोग की सिफ़ारिशों को जल्द लागू किया जाये। केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल सरकार की अनावश्यक रूप से रोकी गई आर्थिक सहायता को तत्काल बहाल किया जाये क्योंकि प्रदेश सरकार ख़राब आर्थिक स्थिति के चलते पेंशनरों और कर्मचारियों की छठे वेतन आयोग की संशोधित वेतनमान की वित्तीय देनदारियों को देने में पहले की बहुत विलंब कर चुकी है।

**चिंतपूर्णा,प्रदेश उपाध्यक्षा,महिला विंग हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ।**

## केंद्रीय बजट कर्मचारी हित में नहीं : सागर



**केंद्र** सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट देश के लिए अच्छा हो सकता है लेकिन यह केन्द्रीय बजट कर्मचारी हित में नहीं। जो वर्ग देश की रीढ़ होता है जो पूरी क्षमता से देश की सेवा करते हैं जिन्हें अवकाश प्राप्ति उपरांत सरकार द्वारा पेंशन दी जाती है जिनका विभिन्न स्तर पर निपटारा किया जाना बाकी है। उनमें बीएसएनएल और एमटीएनएल पेंशनर हैं जिन्हें केंद्र के द्वारा पेंशन दी जाती है पर केंद्रीय पेंशन भोगी होने के बावजूद पेंशन मे भेदभाव किया गया है। कर्मचारियों हक़ में माननीय सर्वोच्च न्यायालय भी फैसला दे चुका है जिसे लागू नहीं किया,और पेंशन क़ुम्युटेशन का मसला भी न्यायालय से पारित हो चुका है जिसे 15 वर्ष से घटाकर 12 किया जाए इसका संज्ञान भी नहीं लिया गया है।

**एसपी सागर, प्रदेश उपाध्यक्ष पेंशन भोगी संघ हिमाचल प्रदेश।**

## पेंशनर्स के लिए निराशाजनक : एलआर गुलशन



**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एलआर गुलशन ने कहा कि केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पेश किया बजट पेंशनरों और नौकरी पेशा लोगों के लिए निराशाजनक है, क्योंकि न तो बजट में आयकर सीमा बढ़ी और न ही पेंशन कम्युटेशन की रिकवरी को 15 साल से घटाकर 12 साल किया गया, जबकि सुप्रीम कोर्ट इस बाबत पहले ही आदेश पारित का चुका है, जब रिटायरमेंट पर कर्मचारियों को केवल 12 साल की पेंशन कम्युटेशन की राशि मिलती है, तो 180 महीनों की पेंशन कम्युटेशन की कटौती करना उचित नहीं है। केंद्रीय वित्त मंत्री से आग्रह है आज पेश किए बजट प्रस्तावों पर पुनर्विचार किया जाए।

## बर्फबारी के बीच लोगों ने सुना बजट

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के तीनों मंडलों में रविवार को भारी बर्फबारी और कड़कती ठंड के बावजूद केंद्रीय बजट को लेकर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

दुर्गम परिस्थितियों और कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप रहने के बावजूद लोगों ने मोबाइल फोन के माध्यम से बजट भाषण सुनकर सक्रिय भागीदारी निभाई। उदयपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष किशोरी रावत ने जानकारी दी कि उदयपुर मंडल में दो स्थानों पर बजट भाषण का कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता भाजपा उदयपुर मंडल के महासचिव संदीप सूर्यवंशी ने की। दोनों कार्यक्रमों में 40 से अधिक लोगों ने भाग लिया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम केलांग में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा लाहौल स्पीति के उपाध्यक्ष तनजीन कारपा ने की। पारंपरिक हालडा उत्सव के बावजूद स्थानीय लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं, केलांग मंडल का एक अन्य कार्यक्रम जिस्पा में आयोजित हुआ। स्पीति घाटी के ढांखर में आयोजित बजट श्रवण कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डिम्डुल गटुक ने की।

# ओलंपिक में भाग लेने के लिए भारतीय टीम इटली रवाना

अनंत ज्ञान



**मनाली।** ओलंपिक में भाग लेने भारतीय टीम इटली रवाना हो गई है। छह फरवरी से 22 फरवरी तक आयोजित हो रहे ओलंपिक में भाग लेने भारत की पांच सदस्यों की टीम रवाना हुई है।

मनाली के लिए गर्व की बात यह है कि ओलंपिक की इस पांच सदस्यों की टीम में टीम प्रभारी अमिताभ शर्मा, लुदर ठाकुर व रोशन ठाकुर मनाली से हैं। मनाली के लुदर ठाकुर दूसरी बार कोच के रूप में ओलंपिक जा रहे है जबकि भारतीय खिलाड़ी आरिफ खान भी दूसरी बार ओलापिक में अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाने जा रहे हैं। भारतीय टीम के प्रभारी एवं आइस स्केटिंग एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने बताया कि टीम में भारतीय खिलाड़ी आरिफ खान सहित कोच लुदर ठाकुर, कोच रोशन ठाकुर व कोच गुल मुस्तफा शामिल है। उन्होंने बताया कि ओलंपिक में भाग लेने भारतीय टीम इटली रवाना हो गई है। उन्होंने बताया कि 2026 शीतकालीन ओलंपिक इटली के मिलानो कोर्टीना में 6 से 22 फरवरी 2026 तक आयोजित हो रहा है। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी को सैन सिरो स्टेडियम में उद्घाटन होगा। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी आरिफ खान भी अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे।

# बजट राष्ट्रीय सुरक्षा से आम नागरिक की सुरक्षा के लिए समर्पित : अमित

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** देश की वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा कर्तव्य भवन में बने पहले व उनके द्वारा प्रस्तुत नौवां बजट कई मायनों में ऐतिहासिक है और नए भारत की विकास गाथा का परिचायक है।

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को सुनने के बाद प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा कुल्लू जिला अध्यक्ष अमित सूद ने मीडिया को जारी बयान में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश लगभग 54 लाख करोड़ का बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को और अधिक मजबूती देता है। यह बजट सच्चे शब्दों में विकसित भारत का आइना है। इसमें समावेशी विकास व आत्मनिर्भर भारत की झलक है। यह बजट नए भारत के नए दृष्टिकोण व नई कार्यसंस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय करों में लगभग 14 हजार करोड़ की हिस्सेदारी हिमाचल को दी गई है, जो प्रदेश के विकास में अहम



भाजपा पदाधिकारी बजट सुनते हुए। अनंत ज्ञान

भूमिका निभाएगी। इसके अलावा मेडिकल टूरिज्म हब व आयुष सेक्टर को मजबूत करने के कदमों से भी हिमाचल प्रदेश को लाभ मिलेगा। हिमाचल में यहां की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार सड़क निर्माण का निर्णय भी प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है।

इसके साथ ही टैक्सटाइल हब बनने से प्रदेश में हथकरघा व ऊनी उत्पादों को अंतराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। केंद्रीय बजट में पर्यटन के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसका सबसे अधिक लाभ हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों को मिलेगा व युवाओं को रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि जब पूरे विश्व में अनेक प्रकार की चुनौतियों व अस्थिरता का वातावरण बना हुआ है, तब भी भारत 7 फीसदी की ग्रोथ रेट हासिल कर रहा है, तो यह भारत की आर्थिक शक्ति को बताने के लिए काफी है। आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा, जनता की उम्मीदों को पूरा करना व सबका साथ सबका विकास इन तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बजट का केंद्रित होना दर्शाता है कि केंद्र सरकार राष्ट्र के साथ आम जनमानस के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। इस बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है, चाहे वह युवा हो, कृषक हो या मातृ शक्त। इसके साथ ही छोटे शहरों के विकास की बात हो या महानगरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को गति देना इस बजट में सबका ख्याल रखा गया है। यह बजट सुरक्षा की बात भी करता है और स्वास्थ्य की भी। साधारण शब्दों में यह बजट हर वर्ग के विकास को केंद्र में रखकर बनाया गया व विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। यह बजट हर वर्ग के विकास को केंद्र में रख कर बनाया गया व विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है। इस मौके पर भीमसेन शर्मा, युवराज बोध, दानवेंद्र सिंह, नवल नेगी, योगेश वर्मा, विनोद कायस्था, नीलेश गौतम, नैना कभोज, दुर्गा ठाकुर, शरबन लाल, नरेश चौहान, दिले राम, अर्चना ठाकुर, चेतना शर्मा, अनीता शर्मा, प्रहलाद, देवेंद्र, हेम सिंह, विजय ठाकुर, सोनम दावा सहित सभी बूथ अध्यक्ष, ग्राम केंद्र अध्यक्ष व पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने भी केंदीय बजट की सराहना की।

# 17 मील क्षेत्र में ब्यास नदी में एक अज्ञात शव बरामद

अनंत ज्ञान

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के समीप 17 मील क्षेत्र में रविवार सुबह ब्यास नदी के पत्थरों के बीच एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ है।

शव की स्थिति को देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि यह करीब डेढ़ से दो महीने पुराना है। प्राथमिक जांच में इसकी शिनाख्त डेढ़ महीने पहले कलाथ में नदी में बहे नासिर नामक युवक के रूप में होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 8 बजे 17 मील में रह रहे एक नेपाली मूल के व्यक्ति सूरज मांगर और उसकी माता ने नदी के किनारे पत्थरों में एक लाश फंसी हुई देखी। उन्होंने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन पानी के तेज बहाव के कारण शव करीब 100 मीटर आगे बह गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार शव पूरी तरह नग्न अवस्था में है और बुरी तरह गल-सड़ चुका है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मृतक का बायां पैर गायब है, जबकि दाहिना पैर भी गलने के कारण टूटने की कगार पर है। मृतक की लंबाई करीब 5 फुट 5 इंच मापी गई है। हुलिए और कद-काठी के आधार पर पुलिस का अनुमान है कि यह वही युवक हो सकता है जो करीब डेढ़ महीने पहले कलाथ में सेल्फी लेते समय पैर फिसलने से नदी में बह गया था। पुलिस ने शिनाख्त के लिए लापता युवक नासिर के परिजनों को सूचित कर दिया है, जो मनाली के लिए रवाना हो चुके हैं। फिलहाल शव को पहचान और पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल मनाली के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया गया है। एसपी मदन लाल कौशल ने कहा कि शव काफी पुराना लग रहा है। फिलहाल किसी ने कोई शक जाहिर नहीं किया है। परिजनों के आने के बाद और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के असली कारणों और पहचान की पुष्टि हो पाएगी।

# 10 हजार लौटाकर पेश की ईमानदारी की मिसाल

**अनंत ज्ञान, मनाली।** ऑटो यूनियन मनाली के चालक चुनी लाल शर्मा ने बेंगलुरु के पर्यटक की 10 हजार की राशि लौटकर इमानदारी की मिसाल पेश की है। बेंगलुरु के पर्यटक पवन कुमार ने बताया कि उनका पर्स ऑटो में गिर गया था। पर्स किधर गिरा इसकी सही जानकारी नहीं थी। दूसरी ओर ऑटो चालक चुनी लाल को जैसे ही पर्स मिला तो वह पर्यटक को तलाशने में जुट गया। अंत में चुनी लाल ने पर्यटक को तलाश लिया ओर आटो यूनियन कार्यालय में बुलाकर यूनियन के अध्यक्ष मोती राम की उपस्थिति में पर्स को लौटा दिया। बेंगलुरु के पर्यटक ने आटो यूनियन मनाली के चालकों की प्रशंसा की ओर आटो चालक का आभार जताया। मोती राम प्रधान ने बताया कि आटो चालक लगातार ईमानदारी की मिसाल पेश कर रहे है। उन्होंने कहा कि यूनियन के वार्षिक समारोह में सभी ईमानदार आटो चालकों को सम्मानित किया जाएगा।

# सोलंगनाला में विंटर स्पोर्ट्स का रोमांच बर्फबारी के बाद खिलाड़ियों ने कसी कमर



सोलंगनाला स्कीइंग स्लोप में स्कीइंग करते पर्यटक। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** 'बर्फबारी ने उम्मीदें बढ़ा दी हैं। सोलंगनाला के स्लोप्स अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तैयार हैं और खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं।'

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर हिमाचल प्रदेश की स्की स्लोप सोलंगनाला एक बार फिर शीतकालीन खेलों की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में हुई ताजा बर्फबारी ने खिलाड़ियों व आयोजकों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। सफेद चांदी जैसी बिछी बर्फ की चादर, अब प्रदेश भर के प्रतिभावान एथलीटों के स्वागत के लिए सज चुकी है। आगामी 5 और 6 फरवरी को सोलंगनाला की ढलानों पर प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हिमाचल के विभिन्न जिलों से आए स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाएंगे। बर्फबारी के बाद ट्रैक की स्थिति खिलाड़ियों के लिए अनुकूल हो गई है, जिससे इस बार कड़े मुकाबले देखने को मिल सकते हैं।

# यूजीसी के नए नियम सामान्य वर्ग के लिए हानिकारक : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजपूत संघ जिला कुल्लू की कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष सुदर्शन पठानिया की अध्यक्षता में 11 बजे ढालपुर कुल्लू में आयोजित की गई।

सुदर्शन पठानिया ने बताया कि बैठक में भारत सरकार द्वारा यूजीसी के नए नियम तय किए गए हैं जो सामान्य वर्ग के लिए बहुत ही हानिकारक है। उन्होंने बताया कि इन नियमों के कारण उच्च वर्गों के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करना मुश्किल हो जायेगा और उनका हर स्तर पर दमन किया जायेगा तथा छात्रों का मानसिक उत्पीड़न हो जाएगा। इस बिल से यह प्रतीत होता है कि उच्च स्वर्ण वर्ग इस देश का नागरिक जैसे नहीं है। संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इसी प्रकार यदि उत्पीड़न जारी रहा तो आने वाले समय में स्वर्ण सामाज चुनावों में सरकार का बहिष्कार करेगा। संघ ने स्वर्ण समाज के सभी वर्गों से भविष्य में अपने हितों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने का भी आह्वान किया। बैठक में राजपूत संघ की कार्यकारिणी के सदस्य भीम कटोच, हीरा लाल ठाकुर, रमेश बेनियाल, मूरलू राम, हीरा लाल, जिला प्रधान सुदर्शन पठानिय मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने यूजीसी के नए एक्ट का विरोध पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री हिमाचल प्रदेश के सभी सांसदों व मुख्यमंत्री को भेजने का भी निर्णय लिया।

# कुल्लू, लाहौल में बारिश-बर्फबारी का क्रम जारी, ठंड का प्रकोप बढ़ा

## बर्फबारी- बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त, 77 सड़कें यातायात के लिए बाधित

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में रविवार को बारिश व बर्फबारी के दौर लगातर जारी रहा।

इस कारण अब दोनों जिलों में ठंडक प्रकोप बढ़ गया है। साथ ही दुश्वारियां भी बढ़ गई हैं, जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त है। उधर, कुल्लू जिला में अभी तक 77 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं जबकि 87 डीटीआर प्रभावित हैं जिससे कई गांव अंधेरे में हैं। वहीं, लाहुल स्पीति की सभी सड़कें एक बार फिर बाधित हो गई हैं और विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। भारी बर्फ से मनाली केलंग के बीच वाहनों की आवाजाही फिर बन्द हो गई है।अटल टनल रोहतांग में भारी बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया है। दोपहर तक मनाली केलंग मार्ग में वाहनों की आवाजाही सुचारु थी लेकिन भारी बर्फबारी होने के बाद दोपहर बाद आवाजाही फिलहाल बंद हो गई है। समस्त लाहुल स्पीति घाटी में बर्फबारी का क्रम चला हुआ है। वहीं, एक बार फिर मनाली में भी बर्फबारी की उम्मीद बढ़ गई है। पर्यटन नगरी मनाली में बारिश का क्रम जारी है।



बर्फबारी के बीच अठखेलियां करते पर्यटक। अनंत ज्ञान

## रोहतांग दर्रे में एक फुट ताजा हिमपात

**रोहतांग** सहित ऊंची चोटियों में हिमपात गर्मियों में सैलानियों की पहली पसंद रहने वाले रोहतांग दर्रे में एक फीट ताजा हिमपात हुआ है। रोहतांग सहित शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रे में भी बर्फ की मोटी परत बिछ गई है। कोकसर व अटल टनल रोहतांग में चार इंच बर्फ गिरी है। सोलंगनाला व कोठी में तीन इंच हिमपात हुआ है जबकि क्रम जारी है। लाहुल की समस्त घाटी में भी हिमपात हो रहा है। सुबह के समय मनाली केलंग मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु थी लेकिन शाम को फिलहला आवाजाही बंद कर दी गई है।

## सोलंगनाला में दिनभर रहा पर्यटकों का तांता

**मनाली** के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोलंगनाला में पर्यटकों दिनभर जमावड़ा लगा रहा। अधिकतर पर्यटक अपने वाहन में नेहरूकुंड तक गए, उससे आगे फोर बाई फोर या माउंटेन बाइक में सोलंगनाल पहुंचे और पर्यटकों ने बर्फ के बीच खूब अठखेलियां की, साथ ही साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाया।

आदेश **अब शहरों से गांवों तक विशेष तौर पर होगी निगरानी**

# सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर अब खैर नहीं

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** कुल्लू जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों की अब खैर नहीं। सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

इसके बावजूद कुल्लू जिला में अगर सिंगल यूज प्लास्टिक अधिनियम में प्रतिबंधित वस्तुओं का उपयोग हो रहा है, तो इसके खिलाफ अब सख्ती से निपटा जाएगा। नगर परिषद कुल्लू, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों के अधिकारी अपने संबंधित क्षेत्रों में विशेष निगरानी करेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने विशेष आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार अधिनियम का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं और खरीदारों पर कार्रवाई की जाएगी और नियमानुसार उनके चालान भी काटे जाएंगे हालांकि, भारत में एक जुलाई 2022 से एकल-उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध लागू है। इसमें प्लास्टिक की प्लेटें, कटलरी, कप, गिलास, ट्रे, थर्माकोल (पॉलीस्टाइन) से बनी सजावटी सामग्री, गुब्बारे और आइसक्रीम की स्टिक जैसे कई सामान शामिल हैं। इन प्रतिबंधित वस्तुओं का निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इन उपरोक्त वस्तुएं के उपयोग पर रोक लगाने के लिए अब शहरों से लेकर गांवों तक विशेष तौर पर निगरानी की जाएगी। जिला प्रशासन के आदेशों के अनुसार प्रतिनिधि और अधिकारी औचक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में सिंगल यूज प्लास्टिक अधिनियम के उल्लंघन की स्थिति पाए जाने पर कार्रवाई करने के आदेश भी प्रतिनिधियों और अधिकारियों को दिए गए हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट की कलेक्शन के लिए एक दिन करें तय

**डीसी** ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं की इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट की कलेक्शन के लिए भी सभी नगर पंचायत में एक-एक दिन तय किए जाएं तथा लोगों को इस संबंध में जानकारी दी जाए। ताकि वह निर्धारित दिन में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को निर्धारित स्थान पर पहुंच सकें। सिंगल यूज प्लास्टिक तथा अधिनियम में प्रतिबंधित वस्तुओं के प्रयोग पर सख्ती से पाबंदी लगाने के लिए चालान करने के भी निर्देश दिए।

> **जिले** में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। अगर इसके उपयोग में कोई संलिप्त पाया जाता है। उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और उसका चालान भी काटा जाएगा। कहा कि शहर से गांव तक विशेष निगरानी की जाएगी।
>
> **तोरुल एस रवीश, उपायुक्त कुल्लू।**

अनंत ज्ञान
स्पैशल

## कूड़े की डंपिंग के स्थानों पर साइन बोर्ड लगाएं

**डीसी** कुल्लू ने लोगों द्वारा कूड़े की डंपिंग किए जाने वाले सभी स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने तथा उल्लंघना करने वालों पर जुर्माना करने के भी निर्देश दिए। सभी ऐसे हॉटस्पॉट की पहले सफाई सुनिश्चित करें तथा उसके उपरांत लोगों को जागरूक करें की इन स्थानों पर पुन कूड़ा न फेंका जाए। घेरलू खतरनाक अपशिष्ट पदार्थ के निष्पादन के लिए भी उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।

# नीति, नियत और नेतृत्व सुधरे तो विकास संभव : गुमान सिंह

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** हिमाचल प्रदेश में अब ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। यह समय केवल पद छोड़ने या नए चुनाव की तैयारी का नहीं, बल्कि आत्ममंथन और मूल्यांकन का है। इस दौरान यह विचार करना आवश्यक है कि पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने कार्यकाल में कितना सही कार्य किया व कहां जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाए। यह भी सच है कि कुछ प्रधानों ने ईमानदारी व निष्ठा से काम किया, जिससे उन्हें जनता की दुआएं मिलीं। वहीं, कई स्थानों पर भ्रष्टाचार, लापरवाही व स्वार्थपूर्ण कार्यों के कारण जनप्रतिनिधियों को जनता की नाराजगी व बद्दुआओं का सामना करना पड़ा।

जनप्रतिनिधियों की असली पहचान उनके काम से होती है, न कि उनके वादों से। पंचायत स्तर पर होने वाला भ्रष्टाचार एक गंभीर चिंता का विषय है। भ्रष्टाचार की जड़ें पंचायतों से शुरू होकर ब्लॉक, जिला, प्रदेश व अंततः केंद्र तक पहुंच जाती हैं। पंचायतों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का बजट आता है, लेकिन जमीनी स्तर पर उतना विकास दिखाई नहीं देता, जितना कागजों में दर्शाया जाता है। यह अंतर ही भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि पंचायत के विकास कार्यों के लिए आने वाले धन को वार्ड स्तर पर जनता की समितियों के माध्यम से खर्च किया जाए, तो पारदर्शिता बढ़ेगी व धन का सही उपयोग संभव होगा।

इससे न केवल काम की गति तेज़ होगी, बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगेगा। हालांकि, यह भी स्वीकार करना होगा कि हर प्रधान या उपप्रधान गलत नहीं होता। कुछ जनप्रतिनिधि ऐसे भी हैं, जो बिना किसी लालच के, पूरी ईमानदारी से जनता की सेवा करते हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसे लोग संख्या में बहुत कम हैं। इसके साथ ही विभिन्न विभागों में भी कमीशनखोरी और घोटालों की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। हिमालय नीति अभियान के राष्ट्रीय संयोजक गुमान सिंह का इस विषय पर कहना है कि इस पूरे तंत्र में सबसे अधिक नुकसान गरीब व आम नागरिक का होता है, जिसकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है, ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि जनता अपने अधिकारों को समझे और जागरूक बने।

# कैंपर में सवारी ढोने के विरोध में टैक्सी यूनियन की हड़ताल

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** पर्यटन नगरी मनाली में रविवार को हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर कड़ा रुख अख्तियार किया।

यूनियन के प्रधान राजा के नेतृत्व में सैकड़ों टैक्सी ऑपरेटरों ने स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ के निवास स्थान पर मुलाकात की और बोलेरो कैंपर गाड़ियों द्वारा गैर-कानूनी तरीके से सवारी ढोने के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। यह मुद्दा इस बार बर्फवारी में फोर बाई फोर वाहनों द्वारा पर्यटकों को मनाली पहुंचने के बाद सामने आया। क्यूंकि इस दौरान टैक्सी के अतिरिक्त कैंपर और प्राइवेट फोर बाई फोर वाहनों ने भी नियमों को ताक पर रख कर सवारियों को ढोया। यूनियन का कहना है कि न्यायालय ने इस पर टैक्सी यूनियन के पक्ष में फैसला दिया हुआ है और आरटीओ ने भी इस पर सख़्त कदम उठाते हुए चालान काटने के आदेश जारी किए हैं, बावजूद इसके अभी भी कैंपर चालक सवारियाँ उठा रहे हैं। विरोध के स्वर इतने मुखर थे कि यूनियन ने आज पूर्ण रूप से हड़ताल का आह्वान किया। इसके चलते मनाली और आसपास के क्षेत्रों में टैक्सी सेवाएं पूरी तरह बंद रहीं। अचानक हुई इस हड़ताल से पर्यटकों को आवाजाही में काफी दिक्कतों का



विधायक भुवनेश्वर गौड़ के समक्ष अपनी मांगें रखते हिम आंचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

सामना करना पड़ा, हालांकि यूनियन का तर्क है कि उनके अस्तित्व को बचाने के लिए यह कदम उठाना अनिवार्य था। यूनियन के प्रधान ने विधायक को बताया कि बोलेरो कैंपर गाड़ियां गुड्स कैरियर के रूप में पंजीकृत हैं और केवल गुड्स टैक्स भरती हैं। नियमों के विरुद्ध इन गाड़ियों में पर्यटकों और सवारियों को ढोया जा रहा है।

टैक्सी ऑपरेटर लाखों रुपए खर्च कर महंगी गाड़ियां खरीदते हैं और सरकार को भारी-भरकम पैसेंजर टैक्स देते हैं। कैंपर चालकों द्वारा कम खर्च में सवारी ढोने से टैक्सी व्यवसाय पर गहरा संकट खड़ा हो गया है। मालवाहक गाड़ियों में सवारी ढोना पर्यटकों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ है। हम सरकार को पूरा टैक्स देते हैं और नियमों का पालन करते हैं, लेकिन कैंपर चालक बिना पैसेंजर परमिट के हमारा काम छीन रहे हैं। अगर प्रशासन ने इस पर लगाम नहीं लगाई, तो टैक्सी ऑपरेटरों को परिवार पालना मुश्किल हो जाएगा। हमने विधायक जी से मिल कर मनाली में टैक्सी ऑपरेटरों के भविष्य पर विस्तृत चर्चा की है ताकि भविष्य में कोई परेशानी न हो।

विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने यूनियन की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। प्रयास किया जाएगा कि जल्द से जल्द समाधान निकले ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और स्थानीय ऑपरेटरों का हित भी सुरक्षित रहे। फिलहाल विधायक के आश्वासन के बाद यूनियन ने हड़ताल खत्म कर दी है, लेकिन ऑपरेटरों का कहना है कि यदि जल्द ही धरातल पर कार्रवाई नहीं दिखी, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे।

# भाजपा ने बजट को बताया विकासात्मक, कांग्रेस बोली–निराशाजनक

*अनंत ज्ञान ब्यूरो, आर मोहन चौहान, सोलन। केंद्रीय बजट 2026 –27 को भाजपा ने 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का मील का पत्थर करार दिया तो कांग्रेस ने इससे निराशाजनक बताया। बजट में हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर, आयुर्वेदिक एम्स, बायो–फार्मा के लिए 10,000 रुपए करोड़, इलेक्ट्रिक बसें, प्रत्येक शहर के लिए 5,000 रुपए करोड़ के विकास कार्य, स्टेम गर्ल्स हॉस्टल, गंभीर बीमारियों की दवाओं को सस्ता करने, यूनिवर्सिटी टाउनशिप, परिवहन व रक्षा क्षेत्र के लिए बड़ा बजट प्रावधान किया गया है। सोलन और सिरमौर भाजपा ने इसको लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है।*

बजट परिचर्चा

## मजबूत कदम उठाया: पाल



**जिला** सोलन भाजपा अध्यक्ष रतन सिंह पाल ने बजट को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने बजट को 2047 विकसित भारत की दिशा में उठाया गया मजबूत कदम करार दिया। उन्होंने कि बजट में हिमाचल के लिए विशेष प्रावधान किया गया है। बजट में अखरोट और बादाम उत्पादन को बढ़ावा देने से हिमाचल के लोगों को लाभ होगा।

## महिला होस्टल सुविधा: साहनी



**जिला** सोलन भाजपा महासचिव भरत साहनी ने केंद्रीय बजट शहरी क्षेत्रों में महिला होस्टल का निर्माण, हॉस्पिटल अपग्रेड और पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के विकास के लिए अलग अलग पैकेज के तहत बजट का प्रावधान किया है। साहनी के कहा कि कुल मिलाकर यह बजट विकसित भारत 2047 का रोड मैप है।

## आम वर्ग का रखा ध्यान: ठाकुर



**कंडाघाट** भाजपा मंडल के अध्यक्ष मदन ठाकुर ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तरफ से लगातार 9 वीं बार पेश किए गए बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। इसमें कृषि उद्योग, रेलवे, ग्रामीण विकास पर फोकस किया गया है। यह बजट हितेषी है इससे बेहतर बजट नहीं हो सकता है। बजट से हिमाचल की सड़क और रेल का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।

## आत्मनिर्भर भारत को बल: चंद्रकांत



**भाजपा** सोलन मंडल ग्रामीण के अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और गरीब कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने इसे विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक बजट बताया। उन्होंने कहा कि बजट आत्मनिर्भर भारत तथा समावेशी विकास इस बजट की मूल आत्मा है।

## विकसित भारत संकल्प हो रहा प्रशस्त: रावत



**सिरमौर** भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बजट देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत संकल्प की रहा प्रशस्त करेगा। रावत ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि तत्कालीन वित्त मंत्री मोरारजी देसाई के बाद रिकॉर्ड 9 वी बार लगातार बजट पेश कर उन्होंने कृतिमान स्थापित किया है। पहली बार कर्तव्य भवन में तैयार यह बजट भारत सरकार ने जनता के प्रति उनके कर्तव्य तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास की रहा प्रशस्त करेगा। बजट आत्मनिर्भर भारत तथा समावेशी विकास इस बजट की मूल आत्मा है।

## उज्ज्वल भविष्य की नींव: भारती



**कंस्यूमर** फॉर्म के अध्यक्ष तरसेम भारती ने कहा कि बजट सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास–सबका प्रयास के मूल मंत्र को और अधिक मजबूती प्रदान करता है तथा नए भारत के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला सिद्ध होगा। यह बजट देश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## हिमाचल में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: कंवर



**भाजपा** पर्यटन प्रकोष्ट के प्रदेश सह–संयोजक जगदीप सिंह कंवर ने कहा कि केंद्रीय बजट से हिमाचल को बढ़ावा मिलेगा। बजट में सरकार ने 10 हजार टूरिस्ट गाइड की घोषणा की है इससे प्रदेश के युवाओ को रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसी तरह हॉस्पिटैलिटी इंस्टिट्यूट खोलने से पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यवसाइयों में खुशी है। बजट में पर्वतीय राज्यों के लिए ट्रैकिंग स्थल विकसित करने का प्रावधान होने से निश्चित तौर पर हिमाचल को लाभ होगा।

## आम जनता को मिलेगा सीधा लाभ: परस राम



**भाजपा** मंडल दाड़लाघाट के सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक परस राम ठाकुर ने केंद्रीय बजट 2026 का स्वागत करते हुए इसे जनकल्याणकारी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, सहकारिता, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे आम जनमानस को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर सहयोगी टीम पदम देव चंदेल, राकेश कंवर, प्रेम लाल चौहान व देवेंद्र कुमार ने भी बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट देश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## ग्रामीण क्षेत्र और आमजन के हित में बजट: गौतम



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सोलन जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष राकेश गौतम ने केंद्रीय बजट 2026 की सराहना करते हुए इसे किसान, ग्रामीण क्षेत्र और आमजन के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बजट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करता है। राकेश गौतम ने कहा कि बजट में कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण बुनियादी ढांचे, सिंचाई, भंडारण, परिवहन और सहकारिता को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया गया है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रेल और डिजिटल सुविधाओं के विस्तार से गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### संत रविदास की शिक्षाओं को अपनाने की प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति ने मुरारी मार्किट सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि संत रविदास ने सरल और सहज भक्ति के माध्यम से समाज में समानता, प्रेम और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसे पदों के जरिए सेवा और सामाजिक समरसता की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि उद्योगपति लव्ण सिंह पंड्यार ने बताया कि संत रविदास का जीवन मानवता व प्रभु भक्ति में लीन था। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### राजेंद्र ने केंद्र के संशोधनों को बताया जनविरोधी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में सीपीआईएम ने मनरेगा योजना में केंद्र सरकार द्वारा किए गए संशोधनों के विरोध में आज से विशेष अभियान शुरू किया, जो 5 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता लोगों को पर्चे बांटकर योजना के असल स्वरूप के बारे में जागरूक कर रहे हैं। सीपीआईएम जिला सचिव राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि नए संशोधन जनहित में नहीं हैं और लोगों को गुमराह करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि पहले ग्राम पंचायत को विकास कार्यों का अधिकार होता था, लेकिन अब केंद्र सरकार सभी फैसले करेगी और राज्य सरकारों को योजना का 40 प्रतिशत बजट देना होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर कार्य प्रभावित होंगे।

### ब्राहरूपी क्रिकेट क्लब उंगर कांडो ने जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन के जामू भोज में भगवान परशुराम क्रिकेट प्रतियोगिता का 12वां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रैंड फिनाले शिरगुल क्रिकेट क्लब सेल और ब्राहरूपी क्रिकेट क्लब उंगर कांडो के बीच खेला गया, जिसमें उंगर कांडो की टीम ने अपनी उत्कृष्ट खेल क्षमता का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। यह टीम लगातार दूसरे वर्ष जामू भोज से विजेता बनी। टीम के युवाओं कुलदीप, प्रदीप, अंशु, जेपी शर्मा, अमित और अन्य ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना और खेलों में सक्रिय बनाना है। आयोजन में खिलाड़ियों का उत्साह, दर्शकों का समर्थन और आयोजकों की मेहनत कार्यक्रम को यादगार बना गया।

### कार्यकर्ताओं ने बजट पर चर्चा कर साझा की राय

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में केंद्रीय बजट के अवसर पर रविवार को बजट श्रवण एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत बजट को लाइव देखा और उस पर चर्चा की। मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में जिला सोलन किसान मोर्चा अध्यक्ष राकेश गौतम सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने बताया कि बजट किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और गरीब कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसे विकसित व आत्मनिर्भर भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना गया।

### पूर्व सैनिक व समाजसेवी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सराहां।** सराहां बाईपास में रविवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य राष्ट्र रक्षकों के समान योगदान देने वाले भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जामुन की सेर के सच अध्यक्ष विनोद शर्मा ने की, जबकि समाजसेवी विनोज शर्मा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य को सल्यूट किया और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए भूतपूर्व सैनिकों से समाज में जागरूकता फैलाने का आवाहन किया। इसमें 170 के लगभग लोग, भूतपूर्व सैनिक, अर्धसैनिक बल से सेवानिवृत जवान और उनके परिजन उपस्थित रहे।

### इनकम टैक्स रिटर्न फाइल की तिथि बढ़ाने से व्यापारी वर्ग को मिलेगी सुविधा: गुप्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन।** व्यापार मंडल सोलन के पूर्व प्रधान मुकेश गुप्ता ने कहा कि बजट 2026-27 इनकम टैक्स रिटर्न में सुधार करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी गई है। अब मामूली फीस देकर 31 दिसंबर की जगह 31 मार्च तक रिवाइज्ड रिटर्न फाइल किया जा सकेगा। व्यापारी वर्ग को इस से सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा से ट्रांसपोर्ट अच्छी होगी। करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे इस से व्यापार में वृद्धि होगी।

## महिला मंडलों को मिली फर्नीचर सहायता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला परिषद अध्यक्ष सीमा कनयाल ने संगड़ाह क्षेत्र की 10 पंचायतों के अंतर्गत आने वाले 57 महिला मंडलों को लगभग 900 कुर्सियां भेंट कीं। यह फर्नीचर महिला मंडलों की बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सामुदायिक आयोजनों में उपयोग के लिए उपलब्ध करवाया गया है। जिला परिषद अध्यक्ष ने बताया कि महिला मंडलों की ओर से बैठने की उचित व्यवस्था को लेकर लंबे समय से मांग उठाई जा रही थी। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 15वें वित्त आयोग के बजट से फर्नीचर उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया पूरी की गई। महिला सम्मेलन के दौरान यह वितरण किया गया, जिसमें करीब 400 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कहा गया कि क्षेत्र की महिलाओं ने सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियों में लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। महिला सशक्तिकरण को ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए भविष्य में भी महिलाओं से जुड़ी जरूरतों को प्राथमिकता देने की बात दोहराई गई।

## जोगिंद्रा बैंक को 'बेस्ट एनपीए मैनेजमेंट आइकॉनिक अवॉर्ड'

अनंत ज्ञान



**सोलन।** हिमाचल प्रदेश की जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड को मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में 'बेस्ट एनपीए मैनेजमेंट–आइकॉनिक अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। 30–31 जनवरी को हुए इस भव्य आयोजन में देशभर के ग्रामीण और शहरी सहकारी बैंक शामिल हुए।

कड़े मूल्यांकन और प्रतिस्पर्धा के बाद बैंक का चयन उत्कृष्ट एनपीए प्रबंधन के लिए हुआ, जो इसके सुदृढ़ वित्तीय अनुशासन, प्रभावी ऋण वसूली, पारदर्शी प्रशासन और उत्तरदायी प्रबंधन प्रणाली को दर्शाता है। यह सम्मान न केवल बैंक की कार्यकुशलता का प्रमाण है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के सहकारी बैंकिंग तंत्र की प्रतिष्ठा को भी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करता है। सम्मेलन में डिजिटल बैंकिंग और साइबर सुरक्षा पर विचार–विमर्श भी हुआ, जिससे सुरक्षित और तकनीक–सक्षम बैंकिंग सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर बैंक के चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा और प्रबंध निदेशक पंकज सूद मौजूद रहे। बैंक ने इसे कर्मचारियों की निष्ठा और खाताधारकों के विश्वास का परिणाम बताया और भविष्य में जनहित तथा सहकारी मूल्यों के अनुरूप सेवाएं जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## बस सवार युवक से 7.29 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने एक बार फिर से चिट्टा तस्कर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। जानकारी के मुताबिक जिला पुलिस की एसआईयू टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर मुकाम आंजी बाईपास पर नाकाबंदी की गई। इस दौरान पंजाब रोडवेज की एक बस की तलाशी के दौरान बस में सवार एक युवक के कब्जे से 7.29 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद की गई। आरोपी की पहचान कपिल पुत्र शीश राम, निवासी गांव काना द्यालग, डाकखाना धर्मपुर, तहसील व जिला सोलन, हिमाचल प्रदेश, वर्तमान निवासी कंडाघाट, जिला सोलन उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा मौके पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में पुलिस थाना सदर सोलन में एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपी न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

## सोलन में आसमानी बिजली का कहर 50 से अधिक भेड़–बकरियों की मौत

◆ भेड़ पालक ने प्रशासन से की राहत की मांग

अनंत ज्ञान

**सोलन।** आसमानी बिजली गिरने से सोलन के देलगी में 50 से अधिक भेड़–बकरियां काल का शिकार हो गई। जबकि भेड़–बकरियां के तीन पालक बाल बाल बच गए। मामले की पुष्टि एसडीएम सोलन डॉ पूनम बंसल ने की है। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को नियम के तहत मुआवजा दिया जा रहा है। जानकरी के मुताबिक शनिवार देर रात सोलन–सुबाथू सड़क पर देवठी के देलगी के पास जंगल में आसमानी बिजली गिरी। इस घटना के दौरान जंगल में भेड़ पालक भेड़ों व बकरियों के साथ रुके थे। जानकारी के मुताबिक इससे 50 से अधिक भेड़ व बकरियां की मौत हो गई। वहीं, दर्जनों भेड़ बकरियां जख्मी है। राहत की बात यह रही कि घटना के समय मौके पर मौजूद तीन भेड़ पालक बाल–बाल बच गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 3:45 बजे हुआ। उस समय भेड़ पालक अपने झुंड के साथ देवठी क्षेत्र में ठहरे हुए थे। हल्की बारिश शुरू होने पर वे टेंट लगाने की तैयारी कर ही रहे थे कि अचानक तेज गर्जना के साथ आसमानी बिजली गिर गई। बिजली की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दर्जनों भेड़–बकरियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस हादसे से प्रभावित भेड़ पालक जनजातीय जिला किन्नौर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। उनके पास करीब 650 भेड़–बकरियों का झुंड था। इस घटना के दौरान मौके पर किनौर के भावा निवासी विशाल नेगी, विनय सिंह, कृष्ण भगत तथा चौरा निवासी विनोद कुमार अपनी भेड़–बकरियां के साथ रात्रि ठहराव कर रहे थे। भेड़–बकरियां ही इन चरवाहों की आजीविका का मुख्य साधन होती हैं। एक साथ इतने बड़े पैमाने पर पशुधन की मौत से उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना के बाद भेड़ पालक सदमे में हैं और उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## द मॉल ट्रांसपोर्ट सोसायटी ग्याना में वित्तीय अनियमितताओं का आरोप

◆ सदस्यों ने 10% कटौती और अन्य गलत खर्चों पर जताया विरोध

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** द मॉल ट्रांसपोर्ट सोसायटी ग्याना में गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर सदस्यों ने प्रबन्धक समिति पर कड़ा विरोध जताया है। प्रारंभिक जांच, बैठकों और सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराए गए तथ्यों के आधार पर वर्तमान समिति पर नियमविरुद्ध निर्णय लेने, अनावश्यक खर्च करने, भेदभावपूर्ण भुगतान प्रणाली अपनाने और सदस्यों की आमदनी से जबरन 10 प्रतिशत कटौती करने जैसे आरोप लगाए गए हैं।

सदस्यों का कहना है कि नई सदस्यता और नई गाड़ियों पर प्रतिबंध के बावजूद कुछ व्यक्तियों को टोकन और गाड़ी लगाने की अनुमति दी गई। चाय–पानी पर अनावश्यक खर्च, महंगे लैपटॉप की खरीद, ऋण स्वीकृति और डिमांड सिस्टम में बदलाव कर कुछ गाड़ियों को लाभ पहुँचाने जैसे मामलों पर भी सवाल उठाए गए हैं। दीपावली के समय सोसायटी खाते में 29 लाख रुपये होने के बावजूद अधिकांश सदस्यों को भुगतान नहीं किया गया, जबकि केवल 37 सदस्यों को 10 प्रतिशत कटौती के माध्यम से 15 लाख रुपये का भुगतान किया गया। चाखड़ू वार्ड से निर्विरोध चुने गए प्रबंधक समिति सदस्य दयाराम ने इन अनियमितताओं के विरोध में अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

सदस्यों ने भाड़े से कटौती तत्काल बंद करने, काटी गई राशि का लेखा–जोखा सार्वजनिक करने, सदस्यों को राशि लौटाने, सभी खर्चों, भुगतानों, टोकन, ट्रिप और डिमांड सिस्टम की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

सोलन के सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं गिरीश नड्डा ने कहा कि उनके कार्यालय में कई शिकायतें प्राप्त हुई हैं, लेकिन सदस्यों के बीच आपसी विवाद के कारण फिलहाल किसी भी आरोप की आधिकारिक पुष्टि नहीं की जा सकती।

## खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकास: सुनील

**अनंत ज्ञान, कसौली।** नेहरू युवा क्लब जुब्बड़ द्वारा वीएमएच मेमोरियल कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भाजपा युवा मोर्चा सोलन के सचिव व बड़ोग पंचायत के पूर्व प्रधान सुनील कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ विनय कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि सुनील कश्यप ने अपने संबोधन में आयोजकों को क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिताओं के जरिए ही ग्रामीण क्षेत्र के युवा आगे चलकर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से जहां शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने आयोजक समिति को अपनी तरफ से 7100 रुपए की राशि भेंट की। आयोजक समिति के सदस्य मोहित ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने व अपनी प्रतिभा दर्शाने के लिए व युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 40 टीमें भाग ले रही हैं।

## दानी सज्जनों के सहयोग से सुखन सुराइला श्मशानघाट में होगा वर्षाशालिका का निर्माण

अनंत ज्ञान



वर्षाशालिका के निर्माण के शुभारंभ पर पहुंचे लोग। अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** दानोघाट पंचायत के अंतर्गत आने वाले सुखन सुराइला शमशानघाट में आम जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक वर्षा शालिका (रेन शेल्टर) का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। यह सराहनीय कार्य दानी सज्जनों एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उपमंडल अर्की की दानोघाट पंचायत के अंतर्गत आने वाले सुखन सुराइला शमशान घाट में आम जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक वर्षा शालिका (रेन शेल्टर) का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।

यह सराहनीय कार्य दानी सज्जनों एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से साकार हो रहा है। इस पुनीत कार्य में दो मुख्य दानी सज्जनों ने अपनी अहम भूमिका निभाते हुए वर्षा शालिका के निर्माण का बीड़ा उठाया है। शील मोड़ स्थित शील मंदिर क्षेत्र से राकेश तथा दाड़लाघाट के अंतर्गत रछाखड़ा क्षेत्र से नरेश ने आगे आकर इस जनहितकारी कार्य को प्रारंभ करवाया है। इसके अतिरिक्त सुराइला गाँव एवं सुखन गाँव के ग्रामीणों ने भी अपनी–अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान देकर इस कार्य में सहयोग प्रदान कर आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का उत्तम उदाहरण दिया है।

वर्षा शालिका के निर्माण से शमशान घाट में अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को वर्षा एवं धूप से राहत मिलेगी और यह सुविधा भविष्य में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। शमशान घाट परिसर में वर्षा शालिका के निर्माण कार्य का शुभारंभ हो चुका है। पंचायत एवं ग्रामीणों ने दानी सज्जनों का आभार व्यक्त करते हुए आशा जताई है कि आगे भी इसी प्रकार समाजहित के कार्यों में सभी का सहयोग मिलता रहेगा। इस पुनीत कार्य मे नरेश, राकेश, रामस्वरूप, मंसाराम, जगदीश, मस्तराम, मदन, कपिल, अर्जुन, मनसाराम, सौरभ, मुकेश, खेमराज, पवन इत्यादि ग्राम वासियों ने भाग लिया।

## अवैध खनन व ब्लास्टिंग पर मजिस्ट्रेट इंक्वायरी की मांग



अंबुजा–अडाणी सीमेंट के खिलाफ जनसभा में लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** अंबुजा–अडाणी सीमेंट कंपनी द्वारा की जा रही अवैध ब्लास्टिंग, अवैध खनन और नाइट माइनिंग के विरोध में पिछले 65 दिनों से धरना और 42 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसानों व प्रभावित परिवारों के समर्थन में घुमरो गांव में आज जनसभा आयोजित की गई।

सभा में पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा, जिला परिषद सदस्य आशा परिहार और विभिन्न संगठनों के नेता शामिल हुए। जनसभा में डेंजर जोन क्षेत्र में रह रहे लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मजिस्ट्रेट जांच कमेटी की मांग जोरदार ढंग से उठाई गई। पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा ने सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि मजिस्ट्रेट जांच कमेटी का गठन नहीं हुआ तो वे धरने पर बैठेंगे। आशा परिहार ने कहा कि धूल–प्रदूषण से महिलाओं और मवेशियों में बीमारियां बढ़ रही हैं और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर मुआवजा दिया जाए। सीमेंट उद्योग व माइनिंग प्रभावित मंच के संयोजक संदीप ठाकुर ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन, नाइट माइनिंग और अनियंत्रित ब्लास्टिंग रोकने तक आंदोलन जारी रहेगा।

**अनदेखी** अवैध खनन पर लगाम न होने से सवालों में यमुना नदी और आमजन की सुरक्षा

## अवैध खनन, संकट में यमुना के किनारे बसे लोग

अनंत ज्ञान

**पावंटा साहिब।** जिला सिरमौर के पांवटा साहिब के बागरण गांव के उन अनेकों परिवारों की दिल दहलाने वाली पीड़ा और समस्या अर्थात जिस प्रकार यमुना नदी पर वर्षों से और वर्तमान तक दिन दहाड़े रेत बजरी के रूप में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन हो रहा है।

इसका खामियाजा यमुना नदी के किनारे बसे अनेकों परिवारों को अपने आशियाने (घरों) को खोना पड़ रहा है जिसमें भारी बरसात आने के कारण और यमुना नदी में अवैध खनन एवं भूमि कटाव से गांव के अनेकों परिवारों के मकान यमुना नदी मे समाहित हो गए हैं। जिन आशियानों को बनाने में ना जाने परिवारजनों ने कितने वर्षों और उम्रभर की जमापूंजी, कड़ी मेहनत और ऋण इत्यादि के माध्यम से घर बनाने का सपना पूरा किया होगा, जिस घटनास्थल को देखकर हर व्यक्ति का मन दुखी और स्तब्ध जरूर होगा। क्षेत्र समाज के बुद्धिजीवियों और जानकारों



यमुना नदी में अवैध खनन से खोखली होती जमीन। अनंत ज्ञान


का मानना है कि अगर यमुना नदी पर प्रशासन और सम्बन्धित विभाग माइनिंग विभाग समय रहते अबैध खनन पर नकेल कसता तो निसंदेह शायद इतने परिवारों को आज अपने घरों को न खोना पड़ता जिस गंभीर समस्या और चुनौती से प्रभावित परिवार आज के समय जुझ रहे हैं जबकि वर्तमान में भी इस क्षेत्र में रेत बजरी के रूप में अवैध खनन पर प्रशासन की और से लगाम नहीं लग पाई है ,जिस गंभीर और चिन्तनीय विषय में जिलाधीश सिरमौर को गंभीरता कार्रवाई के आदेश पारित करने चाहिए। ताकि भविष्य में गरीब व आमजनता को राहत मिले,जबकि पूर्व में इस प्रकार की यमुना नदी के किनारे बसे परिवारों को कभी अपने घरों को नहीं खोना पड़ा था, जिसका एक बड़ा कारण अवैध खनन के रूप में देखने एवं सुनने को मिलता है,तो वहीं स्थानीय प्रशासन और सम्बन्धित विभाग से जनहित में निवेदन करते हैं कि इस प्रकार के अवैध खनन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए ताकि भविष्य में यमुना नदी का अस्तित्व भी बना रहे और यमुना नदी के किनारे बसे लोगों के आशियाने भी महफूज़ रहे, अन्यथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं क्षेत्र समाज में गंभीर स्थितियां पैदा होती रहेगी। जिसका खामियाजा भविष्य में अन्य यमुना नदी के निकटस्थ बसें आम आदमी और गरीब परिवारों को भुगतना पड़ेगा।

यमुना नदी के प्रति श्रद्धालुओं में हमेशा अटूट आस्था मानी जाती है जिस यमुना नदी का अस्तित्व तभी संभव है जब यमुना नदी पर अवैध खनन पर प्रतिबंध लगेगा। जबकि चन्द पैसों की लालसा के कारण अनेकों स्थानीय लोग भी अवैध खनन में सहभागी बन जातें हैं जिन्हें इस प्रकार के घटनाक्रम का अंदेशा नहीं होता कि भविष्य में सबसे अधिक प्रभावित हम और हमारा परिवार ही होगा। इस प्रकार यमुना नदी में अवैध खनन को रोकने रोकने के लिए प्रशासन के साथ साथ स्थानीय जागरूक और बुद्धिजीवी वर्ग को भी कहीं न कहीं आगे आने की परम आवश्यकता है।

## सुक्खू सरकार ने महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज का घोंट दिया गला: मेलाराम

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश सरकार के उस आदेश को तुगलकी फरमान करार दिया है जिसमें ग्राम पंचायतों और स्थानीय निकायों के कामकाज के लिए अब ग्राम पंचायत प्रधानों पंचायत समिति सदस्यों और जिला परिषद सदस्यों की जगह एडमिनिस्ट्रेटर लगाए गए हैं। जिला प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश की लगभग 3600 ग्राम पंचायतों में 1 फरवरी से एडमिनिस्ट्रेटर लगा दिए गए हैं और प्रदेश के इतिहास में पहली बार पंचायती राज व्यवस्था पूरे तरीके से सरकारी नुमाइंदों के हवाले कर दी गई है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि पंचायत प्रधान की मोहरे किसी काम की नहीं रह गई है। उनके दस्तखत के कोई मायने नहीं है और पंचायती राज व्यवस्था अब बिना चुने हुए नुमाइंदों के प्रभावहीन हो गई है। उन्होंने कहा कि अब 30000 से ज्यादा चुने हुए जनप्रतिनिधि प्रभावहीन हो चुके हैं। शर्मा ने बताया कि प्रदेश के लाखों की आबादी बिना किसी स्थानीय जनप्रतिनिधि के सरकार द्वारा जबरन थोपे गए एडमिनिस्ट्रेटर के हवाले कर दी गई है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम को लेकर प्रदेश भर में घूम–घूम कर अनशन करने वाली सरकार ने पंचायती राज और ग्राम स्वराज के उस सपने का गला घोट दिया



हैं जिसे स्वयं महात्मा गांधी ने देखा था। उन्होंने सुख सरकार पर आरोप लगाया की यह इस प्रकार के न सिर्फ दोहरे मानदंडों को दर्शाता है बल्कि जनहित और जन सरोकारों से दूर होती सुक्खू सरकार की हकीकत भी देश के सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता मुख्यमंत्री का यह रवैया देखकर बीते 6 माह से कह रहे है कि सरकार पंचायत चुनाव में देरी कर रही है लेकिन मुख्यमंत्री, संबंधित मंत्री और पूरी सरकार के लोग हमेशा ही चुनाव को समय पर करवाने का आश्वासन देते रहे। नतीजा आज प्रदेश के सामने है कि 31 जनवरी को ग्राम पंचायत तथा तमाम स्थानीय निकायों के कार्यकाल के पूरा होने के कारण उनमें सरकार द्वारा एडमिनिस्ट्रेटर नियुक्त किया गये है।

# फिल्म डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर पर 4 राउंड फायरिंग

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के मुंबई में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग हुई। घटना की खबर मिलने के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें उनके घर पहुंचीं। रोहित शेट्टी मुंबई के जुहू इलाके में रहते हैं।



उनके घर के पास बॉलीवुड की कई सेलिब्रिटीज के घर हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि ये घटना शनिवार रात करीब 3 बजे हुई। अज्ञात हमलावरों ने चार राउंड फायरिंग की। इसके बाद जुहू में रोहित शेट्टी के घर के आसपास सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। पुलिस हमलावरों की पहचान करने के लिए हर एंगल से जांच कर रही है। हमले के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चला है। मामले में अभी तक किसी ने भी जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने रविवार दोपहर बताया कि इस मामले में पुणे के कारवेनगर और धायरी इलाकों से चार लोगों को हिरासत में लिया है। जांच जारी है। घटना के बाद, सबूत जुटाने के लिए फोरेंसिक विज्ञान और बैलिस्टिक्स विशेषज्ञों की टीम घटनास्थल पर पहुंची।

◆ **मुंबई में इसी जगह कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के घर**

◆ **अभी किसी ने भी नहीं ली गोलीबारी की जिम्मेदारी**

गौर रहे कि इससे पहले कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे पर तीन बार फायरिंग हो चुकी है। पिछले साल जुलाई, अगस्त और अक्तूबर में उनके कैफे पर फायरिंग हुई थी। (अनंत ज्ञान)

# बजट के बाद शेयर बाजार धड़ाम

## सेंसेक्स 1546 अंक गिरकर 80,722 पर बंद, निफ्टी भी 495 अंक टूटा

**एजेंसी, मुंबई**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को लोकसभा में आम बजट पेश करने के बाद भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी गई। बजट भाषण के बाद सेंसेक्स 1546 अंक यानी करीब 2% गिरकर 80,722 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 495 अंक टूटकर 24,825 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी मेटल इंडेक्स में 5 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई और यह एनएसई पर सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाला सेक्टोरल इंडेक्स रहा। पिछले दो ट्रेडिंग सेशंस में यह इंडेक्स 10 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है। मेटल शेयरों में गिरावट डॉलर के मजबूत होने और पिछले कुछ ट्रेडिंग सेशन में आई तेजी के बाद प्रॉफिट बुकिंग के चलते आई। (अनंत ज्ञान)




### सरकारी बैंक सेक्टर में 4% की गिरावट

**सेंसेक्स** के 30 शेयरों में से 28 में गिरावट और सिर्फ 2 में तेजी है। बीईएल एसबीआई और एनटीपीसी के शेयर में 4% तक की गिरावट है। निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरे हैं। सरकारी बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 4% की गिरावट है। मेटल, मीडिया, एफएमसीजी, आईटी, मीडिया, फार्मा, फाइनेंशियल सर्विसेज और रियल्टी समेत सभी सेक्टर में गिरावट है।


### एसटीटी में इजाफा होना गिरावट का मुख्य कारण

**बाजार** में यह गिरावट दरअसल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) को लेकर नए नियमों के चलते आई है। वित्त वर्ष 2026-27 का यूनियन बजट पेश करते हुए उन्होंने कमोडिटी फ्यूचर्स पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का भी प्रस्ताव रखा। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार इस पर नकेल कसना चाहती है। प्रस्ताव के तहत ऑप्शंस प्रीमियम पर एसटीटी को 0.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत किया जाएगा, जबकि फ्यूचर्स सौदों पर एसटीटी 0.05 प्रतिशत कर दी जाएगी। इसका मतलब यह है कि जो निवेशकों के जार डेरिवेटिव्स ट्रेड पर उन्हें अब पहले से ज्यादा टैक्स देना होगा।

# ईरान की जगह वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत अब ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। उन्होंने दावा किया है कि भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। यह बयान ट्रंप ने वॉशिंगटन डीसी से एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया। हालांकि, भारत सरकार की ओर से इस पर अभी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रंप ने कहा, 'हमने पहले ही एक डील कर ली है। भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, ईरान से नहीं।' उन्होंने यह भी कहा कि भारत के साथ इस सौदे का कांसेप्ट तय हो चुका है। ट्रम्प के मुताबिक, चीन भी अगर चाहे तो वेनेजुएला से तेल खरीद सकता है। (अनंत ज्ञान)



◆ **कहा- यह डील पहले ही तय हो चुकी**

### पीएम मोदी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति से 2 दिन पहले की थी बात

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 30 जनवरी को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज से टेलीफोन पर बातचीत की थी। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई थी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया था कि दोनों देशों ने साझेदारी को और गहरा करने और आने वाले वर्षों में संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के साझा विजन के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है।

# आदमपुर अब श्री गुरु रविदास एयरपोर्ट

## प्रधानमंत्री ने हलवारा एयरपोर्ट में बने नए टर्मिनल का वर्चुअली किया उद्घाटन

**एजेंसी, जालंधर**

पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को पंजाब दौरे पर पहुंच गए हैं। उन्होंने आदमपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। यहां उन्होंने हलवारा एयरपोर्ट में बने नए टर्मिनल का वर्चुअली उद्घाटन किया और आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलकर श्री गुरु रविदास एयरपोर्ट किया। इससे पहले पीएम मोदी ने एक्स पर संत रविदास को श्रद्धांजलि अर्पित की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि करुणा और न्याय पर उनके विचार सरकार के कल्याणकारी कदमों का मूल आधार है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मानवता के अनन्य उपासक महान संत श्री गुरु रविदास महाराज जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।' जालंधर में पीएम मोदी ने कहा, 'आज मेरा सौभाग्य मुझे डेरा सचखंड में दर्शन करने का मौका मिला। मैं पंजाब दी इस धरती को नमन करता हूं। मैं सभी को इस मंच से संत रविदास जयंती और माघ पूर्णिमा की शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी जानते हैं कि मेरा रिश्ता संत रविदास जी की धरती काशी से है।

काशी के वो घाट जहां संत रविदास जी की शिक्षा प्रकट हुई थी। वहां रविदास जी ने कहा था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। मैं पंजाब की वीर भूमि में आया हूं, ये रविदास जी की इच्छा है और मेरा सौभाग्य है। मैं डेरा सचखंड को प्रणाम करता हूं। हमारी केंद्र सरकार ने अभी हाल ही में संत निरंजन दास जी को पद्मश्री से सम्मानित भी किया है, मैं उनके अनुयाइयो को बधाई देता हूं। मेरे जन्म दिन पर लिए इस डेरे में अरदास हुई थी। ये मेरे लिए छोटी बात नहीं है। थोड़ी देर पहले ही आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण हुआ है, अब उस एयरपोर्ट को संत श्री रविदास महराज केआर नाम से जाना जाएगा।' (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान ने लौटाए सात भारतीय नागरिक

**एजेंसी, अमृतसर।** पाकिस्तान ने 7 भारतीय नागरिकों को अटारी-वाघा बॉर्डर के जरिए भारत को सौंपा है। सभी 2023 की पंजाब बाढ़ के दौरान अपने जानवरों को बचाने की कोशिश में बहकर पाकिस्तान चले गए थ। बीएसएफ ने उन्हें बॉर्डर से रिसीव किया और कस्टम एंड इमिग्रेशन फॉर्मलिटी पूरी कर उनके परिवारों को सौंप दिया। इनमें 4 फतेहपुर, 1 जालंधर, 1 लुधियाना और 1 उत्तर प्रदेश के नागरिक हैं। इससे पहले भारत ने जनवरी में एक पाकिस्तानी नागरिक हाफिज मुहम्मद अब्बू बकर को रिहा कर पाकिस्तान भेजा था। सितंबर 2025 में भी भारत ने 48 पाकिस्तानी मछुआरों और 19 पाकिस्तानी नागरिक कैदियों को सजा पूरी होने के बाद पाकिस्तान लौटाया था। भारत सरकार ने पाकिस्तान से सभी भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों को जल्द रिहा करने के लिए कहा है। दोनों देश हर साल जनवरी और जुलाई में कैदियों और मछुआरों को रिहा करने की लिस्ट एक-दूसरे को शेयर करते हैं। (अनंत ज्ञान)

◆ **पंजाब में आई बाढ़ में बह गए थे सभी**

# राष्ट्रपति ने किया अमृत उद्यान के शीतकालीन संस्करण का उद्घाटन

## आम जनता के लिए 3 फरवरी से 31 मार्च तक खुला रहेगा उद्यान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान के शीतकालीन वार्षिक संस्करण 2026 का उद्घाटन किया। अमृत उद्यान आम जनता के लिए 3 फरवरी से 31 मार्च तक खुला रहेगा। उद्यान में सप्ताह में छह दिन मंगलवार से रविवार तक, पूर्वाह्न 10 बजे से सायं 6 बजे तक (अंतिम प्रवेश सायं 5 बजे) भ्रमण किया जा सकेगा। रखरखाव कार्य के कारण प्रत्येक सोमवार को उद्यान बंद रहेगा। इसके अतिरिक्त 4 मार्च को होली पर्व के कारण भी उद्यान बंद रहेगा। विशेष वर्गों के लिए अमृत उद्यान 3 मार्च को रक्षा कर्मियों के लिए, 5 मार्च को वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 10 मार्च को महिलाओं एवं जनजातीय महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के लिए तथा 13 मार्च को दिव्यांगजनों के लिए खोला जाएगा।



विजिटर के अनुभव को बेहतर बनाने के मकसद से इस साल मौके पर बुकिंग की सुविधा नहीं मिलेगी। विज़िटर सिर्फ़ ऑनलाइन तरीके से टिकट बुक कर सकते हैं। इसलिए, विजिटर को सलाह दी जाती है कि वे अपने स्लॉट पहले से ऑनलाइन बुक कर लें। उन्हें टिकट पर बताए गए टाइमलाइन और दूसरे निर्देशों के पालन की भी सलाह दी जाती है। किसी खास दिन के लिए बुकिंग पिछले दिन सुबह 10.00 बजे बंद हो जाएगी। अमृत उद्यान में प्रवेश निशुल्क है किंतु प्रवेश अनुमति केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। (अनंत ज्ञान)

# बिहार में सड़क हादसों में 10 लोगों की मौत

**एजेंसी, पटना।** बिहार में रविवार सुबह हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में कुल 10 लोगों की मौत हो गई। पटना के बिहटा में ऑटो और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की जान चली गई, जबकि दो अन्य घायल हैं। जानकारी के मुताबिक, सभी लोग मनेर दरगाह में उर्स देखकर ऑटो से आरा लौट रहे थे। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं बक्सर-पटना फोरलेन पर एक तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह चूर-चूर हो गई। इस दुर्घटना में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि सभी मृतक एक ही परिवार के थे। मरने वालों में एक स्स्क्रजवान भी शामिल है, जिसकी बहन का तिलक चढ़ने वाला था। (अनंत ज्ञान)




एंजेल पब्लिक स्मार्ट स्कूल, बेहलाना, चंडीगढ़ के लिए यह अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है। होटल पार्क प्लाजा, जीरकपुर में आयोजित स्कूल लीडर्स समिट 2026 के दौरान स्कूल के डायरेक्टर दविंदर सिंह अरोड़ा को पंजाब के राज्यपाल गुलाब सिंह कटारिया द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति समर्पण और नवाचार को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय ने समग्र छात्र विकास और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायक है। अनंत ज्ञान

# बिना आग के खाना पकाने की प्रतियोगिता आयोजित

**चंडीगढ़।** आदर्श पब्लिक स्कूल सेक्टर-20 बी चंडीगढ़ के स्कूल कैंपस में बिना आग के खाना पकाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं के छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए इस प्रतियोगिता में उत्साह से भाग लिया। बिना गैस या आग का इस्तेमाल किए। प्रतियोगिता का लक्ष्य बिना गैस और आग के क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना था। हमारे युवा शेफ ने स्वादिष्ट केक, क्रीम रोल, लड्डू, मूस, स्मूदी, ताजा जूस, ताजा सब्जी और फलों के सलाद तैयार किए। सब कुछ बिना आग के तैयार किया गया था। प्रिंसिपल सुनीता ठाकुर ने प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के विजेता वाणी, प्रांजल, आरोजी, आरव कुमार, एवलीन और नायरा थे।

# एडवांस्ड ब्रेन नेविगेशन से सुरक्षित ब्रेन सर्जरी संभव

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** दिमाग में होने वाले ट्यूमर को अक्सर लोग बेहद ख़तरनाक और जटिल मानते हैं, खासकर तब जब ट्यूमर दिमाग के उन हिस्सों में हो जो बोलने, चलने और महसूस करने जैसे ज़रूरी कार्यों को नियंत्रित करते हैं। हालांकि, चिकित्सा तकनीक में हो रही लगातार प्रगति ने अब ऐसे जटिल ब्रेन ट्यूमर का इलाज भी पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सटीक बना दिया है।

न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पारस हेल्थ पंचकूला ने एडवांस्ड न्यूरोनेविगेशन टेक्नोलॉजी की मदद से एक जटिल ब्रेन ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकालने में सफलता प्राप्त की है। यह सर्जरी डॉ. गौरव शर्मा, सीनियर कंसल्टेंट, न्यूरोसर्जरी के नेतृत्व में की गई, जिसमें ट्यूमर दिमाग के अत्यंत संवेदनशील हिस्से में स्थित था। मरीज के दिमाग का वह हिस्सा बोलने, चलने और शरीर की संवेदनशीलता जैसे अहम कार्यों के लिए जिम्मेदार था, जिससे सर्जरी को हाई-रिस्क माना जा रहा था। इसके बावजूद, न्यूरोनेविगेशन-गाइडेड सर्जरी के माध्यम से ट्यूमर को पूरी सटीकता के साथ हटाया गया और मरीज सर्जरी के बाद बिना किसी न्यूरोलॉजिकल समस्या के स्वस्थ है। न्यूरोनेविगेशन टेक्नोलॉजी को अक्सर 'दिमाग का जीपीऐस' कहा जाता है। यह तकनीक सर्जन को सर्जरी के दौरान दिमाग की रियल-टाइम थ्री-डाइमेंशनल इमेज प्रदान करती है।



इससे ट्यूमर की सटीक लोकेशन का पता चलता है और आसपास के स्वस्थ ब्रेन टिश्यू को न्यूनतम नुकसान पहुंचता है। यह तकनीक खासतौर पर जटिल और हाई-रिस्क ब्रेन सर्जरी में सर्जरी की सुरक्षा और सफलता दर को काफी बढ़ाती है। इस सर्जरी के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. गौरव शर्मा ने कहा कि दिमाग के नाजुक हिस्सों में मौजूद ट्यूमर का इलाज हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि छोटी-सी चूक भी मरीज की बोलने या चलने की क्षमता को प्रभावित कर सकती है। न्यूरोनेविगेशन टेक्नोलॉजी हमें सर्जरी के दौरान सटीक और सुरक्षित मार्गदर्शन देती है, जिससे ट्यूमर को हटाते हुए ब्रेन के महत्वपूर्ण हिस्सों को सुरक्षित रखा जा सकता है। इस केस में भी मरीज़ की रिकवरी बेहद संतोषजनक है। वहीं, पारस हेल्थ के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल ने कहा कि न्यूरोनेविगेशन जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी की शुरुआत हमारे न्यूरोसर्जरी विभाग के लिए एक बड़ा कदम है। ऐसी आधुनिक तकनीकें न केवल सर्जरी को सुरक्षित बनाती हैं, बल्कि मरीजों को बेहतर परिणाम और तेज़ रिकवरी भी प्रदान करती हैं। हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र के मरीजों को बड़े शहरों में जाए बिना ही उच्च स्तरीय न्यूरोलॉजिकल उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

न्यूरोनेविगेशन के सफल उपयोग के साथ पारस हेल्थ पंचकुला ने जटिल ब्रेन सर्जरी के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को और मज़बूत किया है। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल की तकनीकी दक्षता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि सही तकनीक और विशेषज्ञता के साथ गंभीर ब्रेन ट्यूमर का इलाज सुरक्षित रूप से संभव है।

# सुबनसिरी लोअर परियोजना में एनएचपीसी की बड़ी उपलब्धि, दो यूनिटें राष्ट्रीय ग्रिड से जुड़ीं

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** एनएचपीसी लिमिटेड, बिजली मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन 'नवरत्न' सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम ने अरुणाचल प्रदेश/असम में स्थित अपनी 2000 मेगावाट (8म250 मेगावाट) क्षमता वाली सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 की मध्यरात्रि के दौरान दो महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं।




ये उपलब्धियां देश की ऊर्जा सुरक्षा, ग्रिड स्थिरता तथा स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रथम उपलब्धि के अंतर्गत परियोजना की तीसरी यूनिट (यूनिट संख्यास्न1, 250 मेगावाट) को दिनांक 31.01.2026 को रात्रि 21:00 बजे राष्ट्रीय ग्रिड के साथ सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइज़ किया गया। इसके पश्चात परियोजना की दूसरी यूनिट (यूनिट संख्या स्न 3, 250 मेगावाट) का वाणिज्यिक संचालन दिनांक 01.02.2026 को 00:00 बजे आरंभ किया गया, जिससे राष्ट्रीय ग्रिड में 250 मेगावाट अतिरिक्त स्वच्छ जलविद्युत क्षमता का समावेशन हुआ। इसके साथ ही सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना से अब तक कुल 2000 मेगावाट की क्षमता में से 500 मेगावाट का योगदान राष्ट्रीय ग्रिड को प्राप्त हो चुका है, जो ग्रिड स्थिरता, उच्च मांग अवधि में विद्युत आपूर्ति तथा नवीकरणीय ऊर्जा के राष्ट्रीय ऊर्जा मिश्रण में जलविद्युत की भूमिका को सुदृढ़ करता है।

एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भूपेंद्र गुप्ता ने इस अवसर पर विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार तथा अरुणाचल प्रदेश और असम राज्य सरकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सुबनसिरी लोअर परियोजना टीम के समर्पित प्रयासों की सराहना की, जिसका नेतृत्व राजेंद्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक द्वारा किया गया। इसके साथ ही उन्होंने एनएचपीसी के निगम मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के योगदान की भी प्रशंसा की। गुप्ता ने कहा कि इन यूनिटों की सफल कमीशनिंग एनएचपीसी की तकनीकी दक्षता, परियोजना निष्पादन क्षमता तथा राष्ट्रीय ऊर्जा सुदृढ़ता सुनिश्चित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

# केंद्रीय बजट ने अवसंरचना आधारित विकास को मजबूती दी; सीमेंट क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा : सीएमए

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) ने केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत करते हुए कहा है कि यह बजट देश की विकास आकांक्षाओं को और मजबूत करता है तथा लोगों की अपेक्षाओं को समावेशिता के माध्यम से संतुलित करता है। यह बजट भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भरता के विज़न से प्रेरित है।



बजट में पिछले 12 वर्षों के दौरान भारत की स्थिर आर्थिक प्रगति को रेखांकित किया गया है, जिसमें वित्तीय अनुशासन, निरंतर विकास और नियंत्रित महंगाई शामिल हैं। इससे सीमेंट जैसे अवसंरचना से जुड़े क्षेत्रों के लिए मजबूत मांग की संभावना बनती है। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) के प्रेसीडेंट पार्थ जिंदल ने कहा कि जैसे-जैसे भारत विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है, केंद्रीय बजट में बताए गए तीन कर्तव्य देश को आगे बढ़ाने की स्पष्ट दिशा दिखाते हैं।

यह बजट आर्थिक विकास के साथ-साथ क्षमता बढ़ाने और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि सीएमए केंद्रीय बजट 2026-27 में उद्योगों की प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, शहरों के विकास और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर दिए गए विशेष ध्यान की सराहना करता है। जीएसटी को सरल बनाने, श्रम कानूनों में सुधार, गुणवत्ता मानकों को आसान करने और राज्यों के साथ मिलकर किए गए 350 से अधिक सुधारों से सीमेंट जैसे बड़े निवेश वाले उद्योगों को लाभ मिलेगा। साथ ही, आत्मनिर्भर भारत के तहत युवाओं की भागीदारी और देश में ही उत्पादन बढ़ाने पर दिया गया जोर भी सराहनीय है।

# विश्व बैंक की मदद से बनेगा एआई इनोवेशन सेंटर

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वोकल फॉर लोकल और मेड इन इंडिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अहम भूमिका निभा रही है। ग्लोकल एआई-रियल इम्पैक्ट केवल एक विषय नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता है, जिसमें वैश्विक सोच को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

मुख्यमंत्री चंडीगढ़ में टीआईई द्वारा आयोजित एआई शिखर सम्मेलन-2026 को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एआई को बढ़ावा देने के लिए 'हरियाणा एआई मिशन' स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है, जिसके लिए विश्व बैंक द्वारा लगभग 470 करोड़ रुपये की सहायता का आश्वासन प्राप्त हुआ है। इस मिशन के अंतर्गत गुरुग्राम और पंचकूला में एक-एक एआई हब स्थापित किए जाएंगे, जहां 50 हजार युवाओं को नई तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार और शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड' की स्थापना का निर्णय लिया गया है, जिसे 20 करोड़ रुपए के प्रारंभिक कोष के साथ शुरू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 2000 करोड़ रुपए से अधिक का फंड ऑफ फंड्स बनाया गया है, जिसके माध्यम से स्टार्टअप्स को वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया केवल सॉफ्टवेयर तक सीमित नहीं है, बल्कि कोर टेक्नोलॉजी, हार्डवेयर और डीप टेक इनोवेशन का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालयों में डेटा साइंस विभागों को अपडेट किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकूला को उत्तर भारत की 'सिलिकॉन वैली' के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। यहां स्वच्छ पर्यावरण, प्रतिभाशाली मानव संसाधन, हाई-स्पीड इंटरनेट, सातों दिन उपलब्ध ग्रीन एनर्जी तथा 73 एकड़ भूमि पर एआई हब स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। यह क्षेत्र डीप टेक इनोवेशन का जीवंत केंद्र बनेगा। इस अवसर पर ब्रिटिश उप उच्चायुक्त अल्बा स्मेरिग्लियो, टीआईई के पदाधिकारी, देश के विभिन्न राज्यों से आए उद्योग जगत के दिग्गज, विदेशों से आए उद्यमी, स्टार्टअप संस्थापक, युवा नवोन्मेषक, तकनीकी विशेषज्ञ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरियाणा के लिए बजट उत्साहजनक, युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के नए द्वार : सैनी

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट को विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट सही मायनों में जनहित और अंत्योदय की भावना को समर्पित है। उन्होने कहा कि इस समावेशी बजट से हरियाणा में औद्योगिक, इंफ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई, बायो फार्मा, स्वास्थ्य, ग्रामीण उद्योग, कृषि एवं खेल क्षेत्र को और गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री रविवार को पंचकूला में केंद्रीय बजट के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। इससे पूर्व उन्होने स्क्रीन के माध्यम से केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण भी देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रफ्तार, क्षमता और सबका साथ इस बजट के तीन मुख्य विजन हैं। रफ्तार का अर्थ है- प्रॉडक्टिविटी बढ़ाकर आर्थिक विकास की गति को तेज करना, क्षमता -लोगों की काबिलियत को निखारना ताकि वे देश की तरक्की में भागीदार बनें और सबका साथ- हर परिवार और क्षेत्र के पास कमाई के पर्याप्त संसाधन और मौके हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2027 के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए का ऐतिहासिक पूंजीगत व्यय और सिटी इकोनॉमिक रीजन का विकास हरियाणा जैसे औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर-केंद्रित राज्य की प्रगति को नई उड़ान देगा। इसके साथ ही बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान हरियाणा जैसे औद्योगिक राज्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी।

### खिलाड़ी होंगे प्रोत्साहित, धरोहरों को मिलेगी पहचान

**हरियाणा** के लिए बजट को विशेष रूप से उत्साहजनक बताते हुए उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया मिशन पर जोर हमारे खिलाड़ियों को और प्रोत्साहित करेगा, जबकि 15 पुरातात्विक स्थलों के विकास से हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहरों जैसे कि राखीगढ़ी को वैश्विक पहचान मिलेगी। साथ ही, एआई और क्वांटम मिशन में निवेश गुरुग्राम को ग्लोबल टेक-हब के रूप में और मजबूती देगा। मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई पर फोकस प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में रक्षा क्षेत्र में बेसिक कस्टम ड्यूटी में छूट, कैंसर रोगियों के लिए 17 दवाएं, 7 दुर्लभ बीमारियों की दवा, कैंसर, शुगर की दवाएं, गंभीर रोगों की दवाएं, सोलर एनर्जी से जुड़ी वस्तुएं, विदेश यात्रा, ईवी बैटरी, जूते, चमड़े के सामान, चमड़े के उत्पाद, जूता, बैग आदि, माइक्रोवेव ओवन, बायोगैस मिक्स्ड सीएनजी, कपड़ा, मोबाइल बैटरी सस्ते होंगे। वहीं निजी आयात पर शुल्क से छूट मिलेगी।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एकिटिके के दो गोल से लिवरपूल ने न्यूकैसल को 4-1 से हराया

**एजेंसी, लिवरपूल।** ह्यूगो एकिटिके के महज दो मिनट के भीतर किए गए दो गोलों की बदौलत लिवरपूल ने शनिवार को न्यूकैसल यूनाइटेड को 4-1 से हराकर प्रीमियर लीग 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज की। अर्ने स्लॉट की टीम ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुकाबले पर पूरा नियंत्रण बना लिया। मैच की शुरुआत में न्यूकैसल ने आक्रामक रुख अपनाया और 36वें मिनट में एंथनी गॉर्डन ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। यह एक साल से अधिक समय में उनका ओपन प्ले से पहला लीग गोल था। हालांकि लिवरपूल ने जल्द ही मैच की दिशा बदल दी। 41वें और 43वें मिनट में एकिटिके ने लगातार दो गोल दागकर घरेलू टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में भी लिवरपूल का दबदबा बना रहा। 67वें मिनट में फ्लोरियन विर्ट्ज ने मोहम्मद सलाह के साथ शानदार तालमेल के बाद गोल किया। स्टॉपेज टाइम में इब्राहिमा कोनाते ने चौथा गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। इस जीत के साथ लिवरपूल 39 अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि न्यूकैसल 10वें स्थान पर खिसक गया। (अनंत ज्ञान)

### एंजो फर्नांडीज का स्टॉपेज-टाइम गोल चेल्सी ने वेस्ट हैम को 3-2 से हराया

**एजेंसी, लंदन।** एंजो फर्नांडीज के स्टॉपेज-टाइम में किए गए निर्णायक गोल से चेल्सी ने शनिवार को प्रीमियर लीग मुकाबले में वेस्ट हैम को 3-2 से हराकर शानदार वापसी दर्ज की। नए कोच लियाम रोसेनियर के नेतृत्व में यह चार दिनों में चेल्सी की दूसरी कमबैक जीत रही। मुकाबले की शुरुआत में वेस्ट हैम ने चेल्सी की सुस्त शुरुआत का फायदा उठाया। सातवें मिनट में कप्तान जारोड बोवेन की क्रॉस गेंद सीधे गोल में चली गई। 30वें मिनट में क्रिसेंशियो समरविले ने शानदार शॉट से स्कोर 2-0 कर दिया। हाफटाइम में रोसेनियर द्वारा किए गए बदलावों से चेल्सी का खेल पूरी तरह बदल गया। 57वें मिनट में वेस्ली फोफाना की क्रॉस पर जोआओ पेड्रो ने हेडर से गोल किया। 70वें मिनट में मार्क कुकुरेला ने डाइविंग हेडर लगाकर बराबरी दिलाई। अतिरिक्त समय के दूसरे मिनट में एंज़ो फर्नांडीज ने जोआओ पेड्रो के कटबैक पर गोल कर चेल्सी को यादगार जीत दिलाई। इस जीत से चेल्सी तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई, जबकि वेस्ट हैम 18वें स्थान पर बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### अनाहत ने सेमीफाइनल में अमेरिका की सबरीना सोभी को 3-1 से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत की उभरती स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए वाशिंगटन में चल रहे स्क्वाश ऑन फायर ओपन में पहली बार किसी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली है। अनाहत ने सेमीफाइनल में अमेरिका की सबरीना सोभी को 3-1 से हराया। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज और टूर्नामेंट में सातवीं वरीयता प्राप्त अनाहत ने 23वीं रैंकिंग वाली अमेरिकी खिलाड़ी को 11-9, 11-3, 9-11, 11-5 से मात दी। मुकाबले में अनाहत ने शुरुआत से आक्रामक खेल दिखाया और अहम मौकों पर संयम बनाए रखा। फाइनल में अनाहत का सामना इंग्लैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर मौजूद जॉर्जीना कैनेडी से होगा। इससे पहले क्वार्टरफाइनल में अनाहत ने मिस्र की दूसरी वरीयता प्राप्त सना इब्राहिम को हराकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा था। यह प्रदर्शन भारतीय स्क्वाश के लिए बेहद उत्साहजनक माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### एलिस कैप्सी का बेहतरीन स्टाइल

**इंग्लैंड।** एलिस कैप्सी क्रिकेट जगत की उभरती हुई स्टार हैं जो अपनी युवा आकर्षण और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं। उनकी प्राकृतिक सुंदरता और ऊर्जावान उपस्थिति उन्हें देखने लायक सबसे खूबसूरत महिला क्रिकेटरों में से एक बनाती है।



# बजट 2026 : खिलाड़ियों व खेल उद्योग को मिलेगा फायदा

## 'खेलो इंडिया मिशन' से होगा बदलाव, निर्मला सीतारमण ने बजट में खेल क्षेत्र को मजबूत करने की घोषणा की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में पेश किए जा रहे आम बजट में खेल क्षेत्र को मजबूती देने की दिशा में अहम पहल का एलान किया है। बजट भाषण के दौरान उन्होंने खेलकूद के सामानों के निर्माण और गुणवत्ता सुधार के लिए एक नई पहल का प्रस्ताव रखा। इस कदम को भारत में खेल उद्योग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए बड़ा प्रोत्साहन माना जा रहा है। सीतारमण ने साथ ही बजट भाषण के दौरान 'खेलो इंडिया मिशन' की घोषणा करते हुए कहा कि यह मिशन अगले एक दशक में भारत के खेल क्षेत्र को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म करेगा। सरकार का लक्ष्य केवल खिलाड़ियों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि पूरे स्पोर्ट्स इकोसिस्टम को मजबूत करना है। इस साल एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन होगा, जिसे देखते हुए यह बजट महत्वपूर्ण है।

सीतारमण ने कहा कि खेल क्षेत्र रोजगार, कौशल विकास और नौकरियों के अनेक अवसर प्रदान करता है। खेलो इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से शुरू किए गए खेल प्रतिभाओं के व्यवस्थित पोषण को आगे बढ़ाते हुए, मैं खेलो इंडिया मिशन शुरू करने का प्रस्ताव करती हूं।' सीतारमण ने कहा, 'खेलो इंडिया मिशन अगले दस वर्षों में खेल क्षेत्र को बदलने का काम करेगा। इसके तहत प्रतिभा विकास से लेकर ढांचे और तकनीक तक, हर स्तर पर एक समग्र व्यवस्था बनाई जाएगी।' उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया मिशन को पांच प्रमुख चरणों में लागू किया जाएगा, ताकि जमीनी स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक खिलाड़ियों को एक मजबूत और निरंतर विकास मार्ग मिल सके।

### कोच और सपोर्ट स्टाफ का व्यवस्थित विकास

**सरकार** ने माना है कि अच्छे खिलाड़ियों के पीछे अच्छे कोच और सपोर्ट स्टाफ सबसे बड़ी ताकत होते हैं। खेलो इंडिया मिशन के तहत कोच, फिटनेस ट्रेनर, फिजियोथेरेपिस्ट और अन्य सपोर्ट स्टाफ को सिस्टेमैटिक और आधुनिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार मार्गदर्शन मिल सके।

### खेल ढांचे का विकास

**सरकार** प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए खेल ढांचे को विकसित करेगी। इसमें आधुनिक स्टेडियम, प्रशिक्षण सुविधाएं, हॉस्टल और सपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल होंगे, जिससे खिलाड़ी देश में ही विश्वस्तरीय तैयारी कर सकें।

### स्पोर्ट्स साइंस और टेक्नोलॉजी का एकीकरण

**आधुनिक** खेल अब सिर्फ मेहनत नहीं, बल्कि डेटा, साइंस और टेक्नोलॉजी पर भी आधारित हैं। इस मिशन में स्पोर्ट्स साइंस, एनालिटिक्स, रिकवरी टेक्निक्स और नई तकनीकों को प्रशिक्षण प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा, जिससे खिलाड़ियों का प्रदर्शन और करियर दोनों सुरक्षित रह सकें।



### भारत में उच्च गुणवत्ता खेल उपकरण उत्पादन बढ़ावा

**वित्त** मंत्री ने कहा कि भारत में खेलों की बढ़ती लोकप्रियता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए खेलकूद के उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का घरेलू उत्पादन समय की मांग है। उन्होंने बजट में इस दिशा में स्पष्ट संकेत देते हुए कहा कि सरकार खेल सामग्री के निर्माण से जुड़े उद्योगों को तकनीकी, प्रशिक्षण और गुणवत्ता मानकों के स्तर पर समर्थन देगी। निर्मला सीतारमण ने अपने भाषण में कहा, 'भारत में उच्च गुणवत्ता और किफायती खेलकूद सामानों का वैश्विक केंद्र बनने की पूरी क्षमता है। मैं खेलकूद के सामानों के लिए एक समर्पित पहल का प्रस्ताव करती हूं, जो इनके निर्माण, उपकरणों के डिजाइन में अनुसंधान और नवाचार के साथ-साथ मटेरियल साइंस को भी बढ़ावा देगी।

### मैन्युफैक्चरिंग को सीधा फायदा

**सरकार** की यह पहल सिर्फ खिलाड़ियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे मेक इन इंडिया को भी मजबूती मिलेगी। खेल उपकरणों के आयात पर निर्भरता कम होगी और घरेलू कंपनियों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनने का मौका मिलेगा। इससे रोजगार सृजन, छोटे और मझोले उद्योगों को बढ़ावा और भारत को स्पोर्ट्स गुड्स हब बनाने में मदद मिलेगी।

### खेलों के बुनियादी ढांचे को बल

**बजट** में खेल क्षेत्र के लिए यह संकेत भी अहम है कि सरकार केवल टूर्नामेंट और प्रशिक्षण तक सीमित न रहकर पूरे खेल इकोसिस्टम को मजबूत करना चाहती है। उच्च गुणवत्ता वाले खेल उपकरणों की उपलब्धता से जमीनी स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन मिलेंगे, जिससे भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रदर्शन और बेहतर हो सकता है।

### खेल संस्कृति को बढ़ावा

**खेलो** इंडिया मिशन के तहत नियमित प्रतियोगिताएं और लीग्स आयोजित की जाएंगी। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मैच प्रैक्टिस, पहचान और प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म देना है, ताकि भारत में एक मजबूत खेल संस्कृति विकसित हो सके।

### पिछले साल कितनी हुई थी वृद्धि

**पिछली** बार केंद्र सरकार ने खेल बजट में 352 करोड़ रुपए की वृद्धि की थी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खेलों को 3794.30 करोड़ रुपए मिले थे, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 के 3442.32 करोड़ से 352 करोड़ ज्यादा था। पिछले साल खेल मंत्रालय को 1000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे।

## अलग पिचें व दिन के मैच नई चुनौती, लेकिन हम बिठा सकते हैं तालमेल : मिचेल सैंटनर

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उनकी टीम टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उपमहाद्वीप में अपने पिछले अनुभव और विभिन्न परिस्थितियों से तालमेल बिठाने की अपनी क्षमता पर भरोसा करेगी। न्यूजीलैंड ने सात फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले भारत के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। सैंटनर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने हाल आईपीएल में या अपने करियर के दौरान चेन्नई में मैच खेले हैं। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में यह साबित हो गया है कि चेन्नई की पिच काफी अच्छी है।''



न्यूजीलैंड को विश्व कप में अफगानिस्तान, यूएई, दक्षिण अफ्रीका और कनाडा के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। वह ग्रुप चरण के तीन मैच चेन्नई में और एक मैच अहमदाबाद में खेलेगा। इनमें से उसके दो मैच सुबह 11 बजे शुरू होंगे, जबकि अन्य मैच दोपहर तीन बजे और शाम सात बजे शुरू होंगे। सैंटनर ने कहा कि न्यूजीलैंड के पास इस चुनौती का सामना करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। उन्होंने कहा कि दिन का खेल थोड़ा अलग होने वाला है। खिलाड़ियों को अपनी दिनचर्या में बदलाव करना होगा। उन्हें थोड़ा जल्दी जागने की कोशिश करनी होगी। लेकिन फिर भी यह हमारे लिए एक नई चुनौती है। हम लाल मिट्टी की पिच पर एक मैच खेलने के लिए अहमदाबाद जाएंगे और फिर हम काली मिट्टी की पिच पर खेलने के लिए चेन्नई जाएंगे। इसलिए यह थोड़ा अलग होगा। सैंटनर ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी टीम को अलग-अलग तरह की परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना होगा। चेन्नई में हम तीन मैच खेलेंगे और हो सकता है कि वहां की पिच यहां की पिच की तुलना में अलग हो या फिर वैसी ही हो। और अगर ऐसा होता है, तो हमें पता है कि कैसे खेलना है। सैंटनर ने कहा कि उनकी टीम भारत के खिलाफ टी20 शृंखला भले ही 1-4 से हार गई लेकिन टीम को विश्व कप में इसका काफी फायदा मिलेगा।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

◆ 253 रन का टारगेट 33.3 ओवर में चेज नहीं कर सका पाकिस्तान

**एजेंसी, बुलवायो**

**भारत** ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है। पाकिस्तान को नॉकआउट में पहुंचने के लिए 253 रन का टारगेट 33.3 ओवर में हासिल करना था। टीम 167 तक ही पहुंच सकी। अब मैच जीतकर भी पाकिस्तान सेमीफाइनल से बाहर ही रहेगा। बुलवायो में रविवार को पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 252 रन बनाए थे। समाचार लिखे जानते तक पाकिस्तान ने 36 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 169 रन बना लिए थे। अल हसन बलोच (2 रन) और हुजैफा अहसान (1 रन) पर खेल रहे थे।

आयुष म्हात्रे ने फिफ्टी लगाने वाले उस्मान खान को एलबीडब्ल्यू किया। उन्होंने अहमद हुसैन को भी पवेलियन भेजा। कप्तान फरहान यूसुफ 38 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें आरएस अम्ब्रिश ने कैच कराया। हमजा जहूर 42 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें कनिष्क चौहान ने बोल्ड किया। हेनिल पटेल ने समीर मिन्हास को चौथे ओवर में एलबीडब्ल्यू कर दिया। वे 9 रन बनाकर आउट हुए। समीर ने ही एशिया कप फाइनल में भारत के खिलाफ 172 रन बनाए थे। वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन बनाकर टीम को 200 के करीब पहुंचाया। वैभव सूर्यवंशी 22 गेंद पर 30 रन ही बना सके। कप्तान आयुष म्हात्रे खाता भी नहीं खोल पाए। आखिर में कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया। पाकिस्तान से अब्दुल सुभान ने 3 और मोहम्मद सय्याम ने 2 विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)



## टाटा स्टील मास्टर्स : अंतिम से पहले राउंड में अब्दुसत्तोरोव ने बनाई बढ़त

**एजेंसी, नीदरलैंड्स**

उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने टाटा स्टील मास्टर्स-2026 के अंतिम से पहले राउंड के बाद एकल बढ़त हासिल कर ली है। खेले गए मुकाबलों में सभी चार भारतीय खिलाड़ियों को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

14 खिलाड़ियों के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के 12वें राउंड में अब्दुसत्तोरोव ने जर्मनी के मैटियास ब्लूबाउम को हराकर आठ अंक पूरे किए और तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। उनके हमवतन और फिडे वर्ल्ड कप विजेता जावोखिर सिंदारोव दूसरे स्थान पर हैं। सिंदारोव ने मौजूदा चैंपियन आर. प्रज्ञानानंदा के खिलाफ ड्रॉ खेला और वे अब्दुसत्तोरोव से आधा अंक पीछे हैं।



विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने अमेरिका के हैंस नीमन के खिलाफ ड्रॉ खेला। अन्य भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी और अरविंद चिथंबारम को भी अपने-अपने मुकाबलों में बराबरी से संतोष करना पड़ा। अर्जुन का मुकाबला डच खिलाड़ी जोर्डन वान फॉरेस्ट से ड्रॉ रहा, जबकि अरविंद ने अनीश गिरी के खिलाफ अंक साझा किए। जर्मनी के विंसेंट कीमर ने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराकर सात अंक पूरे किए और वान फॉरेस्ट तथा नीमन के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। अंक तालिका में गुकेश छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंद पांच अंकों के साथ 11वें स्थान पर हैं, जबकि अर्जुन एरिगैसी और अरविंद चिथंबारम 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे आखिरी स्थान पर बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय महिला अंडर-17 टीम के सामने बांग्लादेश की चुनौती

**एजेंसी, पोखरा।** भारतीय टीम सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के अपने दूसरे मुकाबले में सोमवार को पोखरा रंगशाला स्टेडियम में मजबूत बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश एक मैच शेष रहते फाइनल में जगह पक्की करने की होगी। इस साल के आखिर में चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों में लगी पामेला कॉन्टी की टीम ने अपने अभियान की शुरुआत मेजबान नेपाल के खिलाफ कड़े मुकाबले में 1-0 की जीत के साथ की थी। भारतीय टीम अगर इस मैच को जीतने में सफल रही तो फाइनल के लिए उसका दावा लगभग पक्का हो जायेगा। भारत को इससे पहले मेजबान नेपाल से कड़ी चुनौती मिली लेकिन पर्ल फर्नांडिस ने 49वें मिनट में गोल कर मैच में बड़ा अंतर पैदा किया। यह इस 16 वर्षीय स्ट्राइकर का अंडर-17 राष्ट्रीय टीम के लिए 10वां गोल था। कोच कॉन्टी ने इस मैच के बाद कहा था कि खिलाड़ियों ने अधिक कोशिश करने के कारण अधिक गलतियां की। कॉन्टी ने कहा किमुझे लगता है कि नये कोच के तौर पर मेरे आने के बाद खिलाड़ियों में कुछ कर दिखाने और खुद को साबित करने की ललक है। वे टीम में अपनी जगह को लेकर अभी पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं और ज्यादा दिखाने की कोशिश में सामान्य से अधिक गलतियां कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## थाईलैंड मास्टर्स टूर्नामेंट : भारतीय शटलर देविका ने जीता पहला सुपर 300 खिताब

**एजेंसी, बैंकॉक**

भारत की युवा शटलर देविका सिहाग ने रविवार को यहां 250,000 डॉलर इनामी थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में मलेशिया की गोह जिन वेई के मैच के बीच से हट जाने के बाद अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 खिताब जीता। हरियाणा की रहने वाली 20 वर्षीय खिलाड़ी देविका तब 21-8, 6-3 से आगे चल रही थी, जब विश्व में 68वें नंबर की खिलाड़ी और दो बार की विश्व जूनियर चैंपियन गोह ने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया। इससे भारतीय खिलाड़ी अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीतने में सफल रही। विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज देविका बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में कोच उमेंद्र राणा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं। इसके साथ ही वह इंडोनेशिया के रहने वाले कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा की देखरेख में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के साथ अपने खेल को निखार रही हैं। देविका ने पिछले कुछ समय से शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने अगस्त 2025 में मलेशिया इंटरनेशनल में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने 2025 में विश्व विश्वविद्यालय खेलों में भारत की मिश्रित टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)



## ला लीगा : यामल चमके, बार्सिलोना ने एल्चे को 3-1 से हराकर शीर्ष स्थान किया मजबूत

**एजेंसी, एल्चे (स्पेन)**



**युवा** स्टार लामिन यामल के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बार्सिलोना ने शनिवार को ला लीगा मुकाबले में एल्चे को 3-1 से हराकर तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त चार अंकों की कर ली। बार्सिलोना के लिए यामल, फेरान टोरेस और मार्कस रैशफोर्ड ने गोल किए। हांसी फ्लिक के मार्गदर्शन में बार्सिलोना ने मुकाबले में कई और स्पष्ट मौके बनाए, लेकिन क्रॉसबार और पोस्ट से टकराई गेंदों तथा कमजोर फिनिशिंग के कारण जीत का अंतर और बड़ा नहीं हो सका। इस जीत के साथ बार्सिलोना 4 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष पर है, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड रविवार को रयो वायेकानो के खिलाफ खेलकर अंतर कम करने की कोशिश करेगा।

मैच की शुरुआत से ही बार्सिलोना ने आक्रामक रुख अपनाया और छठे मिनट में ही बढ़त हासिल कर ली। डानी ओल्मो के शानदार पास पर 18 वर्षीय लामिन यामल गोलकीपर इनाकी पेना को छकाते हुए गेंद को जाल में डालने में सफल रहे। इसके बाद ओल्मो ने बढ़त दोगुनी करने का प्रयास किया, लेकिन बॉक्स के बाहर से लिया गया उनका शॉट क्रॉसबार को छूकर निकल गया।

पहले हाफ में एल्चे ने भी साहसिक खेल दिखाया और बार्सिलोना की हाई डिफेंस लाइन का फायदा उठाते हुए अल्वारो रोड्रिगेज ने बराबरी का गोल दाग दिया। हालांकि, इसके बाद बार्सिलोना ने दबाव बनाए रखा। फेरान टोरेस को बढ़त दिलाने का सुनहरा मौका मिला, लेकिन वह बेहद नजदीक से पहले क्रॉसबार और फिर पोस्ट पर गेंद मार बैठे।

टोरेस ने जल्द ही अपनी गलती सुधारी और फ्रेंकी डी जोंग के बेहतरीन मूव के बाद गोल कर बार्सिलोना को फिर से बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में बार्सिलोना के पास कई मौके आए, लेकिन फर्मिन लोपेज़, राफिन्हा और टोरेस उन्हें भुना नहीं सके। हाफटाइम के बाद मैदान में उतरे मार्कस रैशफोर्ड ने भी एक मौका गंवाया, लेकिन बाद में यामल की क्रॉस से गिरी गेंद पर सटीक फिनिश करते हुए टीम का तीसरा गोल दाग दिया। यह सभी प्रतियोगिताओं में रैशफोर्ड का इस सीजन का 10वां गोल रहा। (अनंत ज्ञान)

**टूर्नामेंट** वेस्टइंडीज ने 6 रन से जीता तीसरा टी-20, जॉनसन चार्ल्स बिना खाता खोले हुए आउट

# मोती की फिरकी में फंसा दक्षिण अफ्रीका

**एजेंसी, जोहान्सबर्ग**

**शाई** होप और शिमरॉन हेटमायर की बेहतरीन पारियों के बाद गेंदबाजी में गुडाकेश मोती के तीन विकेटों की मदद से वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बारिश से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सांत्वना जीत दर्ज की। बिजली गिरने की आशंका के चलते मैच की शुरुआत में देरी हुई, जिसके बाद मुकाबला 16-16 ओवर प्रति टीम का कर दिया गया। हालांकि, वेस्टइंडीज़ की पारी के छह ओवर बाद एक और बार खेल रोका गया और अंततः मैच को 10-10 ओवर प्रति टीम तक सीमित करना पड़ा। वेस्टइंडीज ने 10 ओवर में 3 विकेट पर 114 रन बनाए, जिसके जवाब में डीएलएस पद्धति के तहत दक्षिण अफ्रीका को 125 रन का संशोधित लक्ष्य मिला।

वेस्टइंडीज की शुरुआत झटके के साथ हुई जब जॉनसन चार्ल्स बिना खाता खोले लुंगी एनगिडी की गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद शाई होप और शिमरॉन हेटमायर ने आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए पारी को संभाला। हेटमायर ने तीसरे ओवर में एनगिडी पर दो छक्के जड़े, जबकि होप ने केशव महाराज के ओवर में एक चौका और दो छक्के लगाए। पांच ओवर में टीम का स्कोर 62/1 हो गया। बारिश के कारण लंबे ब्रेक के बाद खेल दोबारा शुरू हुआ। आठवें ओवर में होप और हेटमायर ने महाराज पर तीन छक्के लगाकर 20 रन बटोरे, हालांकि इसी ओवर में होप 25 गेंदों में 48 रन बनाकर आउट हो गए। रोवमैन पॉवेल ने भी दो छक्के लगाए लेकिन नौवें ओवर में पवेलियन लौट गए। हेटमायर 22 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाकर अंत तक टिके रहे।



10 ओवर के रोमांच में वेस्टइंडीज की टीम विजयी।

संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए क्विंटन डी कॉक ने पहले ओवर में जेसन होल्डर पर 19 रन ठोककर तेज़ शुरुआत दिलाई। लेकिन इसके बाद वेस्टइंडीज़ के स्पिनरों ने मैच पलट दिया। अकील हुसैन ने एडेन मार्करम को आउट किया, जबकि गुडाकेश मोती ने डी कॉक, रयान रिकेल्टन और डेवाल्ड ब्रेविस को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेजकर दक्षिण अफ्रीका की रनचेज़ को पटरी से उतार दिया।

जेसन स्मिथ ने अंत में 10 गेंदों पर 26 रन बनाकर उम्मीद जगाई, लेकिन अंतिम ओवर में शमार जोसेफ की सटीक यॉर्कर पर वह बोल्ड हो गए। आखिरी ओवर में एक अजीब घटना भी देखने को मिली जब कॉर्बिन बॉश का बल्ला शॉट खेलते वक्त टूट गया और टीम को एक रन कम मिला। अंततः दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य से 6 रन पीछे रह गया। (अनंत ज्ञान)

### स्कोर बोर्ड

**वेस्टइंडीज:** 10 ओवर में 114/3 (शिमरॉन हेटमायर 48*, शाई होप 48; लुंगी एनगिडी 1/19)
**दक्षिण अफ्रीका:** 10 ओवर में 118/6 (क्विंटन डी कॉक 28, जेसन स्मिथ 26; गुडाकेश मोटी 3/17)
वेस्टइंडीज ने डीएलएस पद्धति से 6 रन से जीत दर्ज की।